
सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 26 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 56, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 50 अंकों की उछाल

अमेरिका में भारतीय सौर उत्पादों पर 126 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और सेंसेक्स में 50 अंक तेजी दर्ज की गई। } 14

## औषधीय पौधे मृदा स्वास्थ्य व किसानों के लिए फायदेमंद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करती है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य और संरक्षण में भी योगदान देती है। } 16

## ब्रज में खेली गयी लट्ठमार होली



मथुरा। राधा रानी की नगरी बरसाना बुधवार को पूरी तरह से 'रंगोत्सव' के उल्लास में डूबी नजर आई। शाम करीब पांच बजे विश्व प्रसिद्ध लठामार होली खेली गई, जहां नंदगांव के हुरियारों पर बरसाने की हुरियारिनों ने प्रेम की लाठियां बरसाईं। छतों से लेकर सड़क तक हर कोना अबीर-गुलाल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी को इजराइल के स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल से किया गया सम्मानित

### प्रधानमंत्री इजराइल की संसद को करेंगे संबोधित और राष्ट्रपति नेतन्याहू के साथ करेंगे व्यापक वार्ता

एजेंसी

यरुशलम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुधवार को भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक संबंधों को सुदृढ़ करने में उनके असाधारण योगदान के लिए स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल से सम्मानित किया गया। भारतीय प्रधानमंत्री यह पदक पाने वाले पहले नेता हैं, जो इजराइली संसद नेसेट का सर्वोच्च सम्मान है।

नेसेट स्पीकर अमीर ओहाना ने इजराइली संसद में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के बाद उन्हें यह पदक प्रदान किया। यह पदक भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री के असाधारण योगदान के वास्ते प्रदान किया गया है। मोदी ऐसे वैश्विक नेता हैं, जिन्हें इज़राइल और फलस्तीन दोनों से शीर्ष पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को 2018 में ग्रैंड कॉलर आफ द स्टेट ऑफ फलस्तीन से सम्मानित किया गया, जो विदेशी नेताओं के



लिए सर्वोच्च फलस्तीनी सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी की पिछले नौ साल में यह दूसरी इजराइल यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इजराइल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री मोदी की नौ वर्षों में इजराइल की यह दूसरी यात्रा है। जुलाई 2017 में इस देश की उनकी पहली यात्रा के दौरान भारत-इजराइल संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाया गया था। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा, इजराइल में आपका स्वागत करना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है, प्रधानमंत्री मोदी। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से गले लगाकर अभिवादन किया। इसके बाद तेल अवीव से 20 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित हवाई अड्डे पर मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू और श्रीमती नेतन्याहू ने हवाई अड्डे पर मेरा भव्य स्वागत किया। मैं द्विपक्षीय चर्चाओं और सार्थक परिणामों की आशा करता हूं जो भारत-इजराइल मित्रता को मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि उनका और मोदी का घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध है, हम अक्सर बात करते हैं और मेरा मानना है कि हमारे बीच की गहरी दोस्ती हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को सशक्त रूप से दर्शाती है। नेतन्याहू ने एक्स पर कहा मेरी पत्नी सारा और मैंने आज ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### मुजफ्फरनगर दंगा : सुबूतों के अभाव में 37 आरोपी बरी

मुजफ्फरनगर (उप्र)। मुजफ्फरनगर की एक अदालत ने सितंबर 2013 में हुए फिरकावाराना दंगों के दौरान कुटबा गांव में एक महिला समेत आठ लोगों की हत्या के मामले में आरोपी 37 लोगों को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया। शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने बताया कि इमरान नामक व्यक्ति ने 110 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आठ सितंबर 2013 को जिले के कुटबा गांव में दंगाइयों की भीड़ ने धारदार हथियारों से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों पर हमला किया था, जिसमें वहीद, शमशाद, इरशाद, त्राबू, कय्यूम, फैयाज, मोमिन और खातून समेत आठ लोग मारे गए थे।

### सौतेली मां ने बच्ची को कुल्हाड़ी का काटा, मौत

गोरखपुर (उप्र)। गोरखपुर में पिपराइच थानाक्षेत्र के बिजहरा गांव में 35 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर अपनी तीन वर्षीय सौतेली बेटी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि ग्रामीणों ने लगभग एक किलोमीटर तक पीछा कर उसे पकड़ लिया गया एवं पुलिस के हवाला कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी पूजा ने लगभग एक महीने पहले त्रिवेणी मौर्य (40) से शादी की थी। पुलिस ने कहा कि मौर्य की पहली पत्नी, लक्ष्मी की दो साल पहले मृत्यु हो गई थी और पहली शादी से उसकी एक बेटी अदिति (तीन) थी।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:16 | 5:08 | 6:06 | 5:11 |

# अब जापान में लहराया यूपी का परचम

○ जापान दौरे के पहले दिन लगभग 11 हजार करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर ○ हॉस्पिटैलिटी, रियल एस्टेट व औद्योगिक प्रिंटिंग सेक्टर में विस्तार

विशेष संवाददाता

जापान/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

### डकैती प्रवृत्ति वालों ने प्रदेश को अंधेरे में रखा : योगी



टोक्यो/लखनऊ। पहले यूपी में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी। क्योंकि अंधेरे में काम करने वालों को उजाला रास नहीं आता। जब प्रवृत्ति डकैती की हो तो प्रदेश भी अंधेरे में रखा जाता है। लेकिन, हमने तय किया कि उत्तर प्रदेश को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त करना है तो उसे उजाले में लाना ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीएम योगी बने ओडीओपी के सबसे बड़े ब्रांड अंबेसडर



लखनऊ/सिंगापुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर व जापान दौरे में जहां एक ओर निवेश और औद्योगिक साझेदारियों की नई गाथा लिखी गई, वहीं दूसरी ओर सीएम योगी एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) के सबसे बड़े ब्रांड अंबेसडर के रूप में भी नजर आए। यूपी ...शेष पृष्ठ 14 पर

कुबोता कारपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कारपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विधायक उमा शंकर के ठिकानों पर आयकर छापा

### लखनऊ और बलिया स्थित आवासों पर हुई कार्रवाई

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आयकर विभाग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एकमात्र विधायक उमा शंकर सिंह के लखनऊ और बलिया स्थित आवासों पर बुधवार को छापेमारी की। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

अधिकारी ने, हालांकि, बुधवार की दोपहर तक छापेमारी के कारणों या उसके परिणाम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। सिंह (55) बलिया जिले के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह तीन बार के विधायक हैं और इससे पहले निर्माण व्यवसाय से जुड़े थे। इस बीच, बसपा विधायक के रिश्तेदार तथा भाजपा नेता और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री



दिनेश सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए इस छापेमारी का विरोध किया है। मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज आयकर विभाग बलिया जिले के रसड़ा से विधायक उमा शंकर सिंह के घर पर छापेमारी कर रहा है, जिनके परिवार में हमारी रिश्तेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य और देश के नेताओं के साथ-साथ आयकर विभाग सहित सभी अधिकारियों को इस बात की जानकारी है कि विधायक पिछले दो वर्षों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं... शेष पृष्ठ 14 पर

## ईडी ने अनिल अंबानी का घर किया कुर्क कीमत 3716 करोड़

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर एबोड को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित 66 मीटर उंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है। सूत्रों के अनुसार, उनके समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) द्वारा कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस बहुमंजिला घर को कुर्क किया गया। ऐसा करने के लिए धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बीबीडी में उत्कर्ष-2026 का भव्य आगाज आज से

### 'विरासत से विकास तक' की थीम पर आयोजित होगा तीन दिवसीय उत्कर्ष-26

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप का वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-26 का भव्य आयोजन 26 फरवरी से शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन समारोह 28 फरवरी को होगा। इस उत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के लखनऊ कैम्पस के लगभग बीस हजार छात्र-छात्राओं के साथ ही प्रदेश और लखनऊ के विभिन्न कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के हजारों छात्र भी सहभागिता करेगें।

उत्तर भारत के सर्वोत्तम प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने वाले इस उत्सव में तकनीकी, सांस्कृतिक, होटल मैनेजमेंट, खेल, साहित्य, ललित कला एवं मिस्टर एंड मिस उत्कर्ष आदि प्रतियोगिताओं की विविधता देखने को मिलेगी। उत्कर्ष-26 का थीम 'विरासत से विकास तक' है। यह तीन दिवसीय आयोजन बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की टीम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस

○ बीबीडी के 20 हजार छात्रों के साथ प्रदेशभर के कई कॉलेज और विश्वविद्यालय लेंगे हिस्सा

वार्षिकोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में भाग लेने वाले सहभागियों से कैम्पस में जीवन्तता परिलक्षित होगी। उत्कर्ष-26 का उद्घाटन 26 फरवरी को मुख्य अतिथि के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया जायेगा। उत्कर्ष-26 के तीसरे दिन 28 फरवरी को समापन समारोह होगा। समापन समारोह की बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास और वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास होंगी। सम्मानित अतिथियों द्वारा उत्कर्ष-2026 की विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता टीम को पारितोषिक प्रदान किये जायेंगे और सर्वोत्तम प्रस्तुति के लिए चैम्पियनशिप ट्रॉफी भी प्रदान की जायेगी। उत्कर्ष-2026 का मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस उत्कर्ष होगा, जिसके लिए प्रतियोगिता 26 फरवरी से शुरू हो जायेगी और कई राउण्ड के बाद फाइनल प्रतिभागियों में चयन किया जायेगा इसके अतिरिक्त डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टूडेन्ट ऑफ ईयर का पुरुस्कार भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** फॉक्सवैगन ने 46.99 लाख की कीमत पर टायरोन आर-लाइन उतारी

## विराज सागर दास ने लॉन्च की फॉक्सवैगन टायरोन आर-लाइन

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। अब उत्तर प्रदेश की सड़कों पर फॉक्सवैगन की प्रमुख एसयूवी टायरोन आर-लाइन फर्राटा भरते नजर आयेंगी। गोमती नगर स्थित होटल सागर-सोना में बुधवार को बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने दीप प्रज्ज्वलित कर फॉक्सवैगन की नयी एसयूवी टायरोन आर-लाइन लॉन्च किया। इस अवसर पर फॉक्सवैगन के रीजनल मैनेजर सेल्स मानस रस्तोगी के साथ ही अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। फॉक्सवैगन ने भारत में अपनी प्रमुख एसयूवी, टायरोन आर-लाइन को 46.99 लाख रुपये की शुरूआती कीमत पर लॉन्च किया है। टायरोन में 2.0 लीटर टीएसआई इंजन दिया गया है, लेकिन इसके डिजाइन में कुछ बदलाव किए गए हैं ताकि यह 5-डोर

○ सड़कों पर फर्राटे भरती नजर आयेंगी फॉक्सवैगन टायरोन आर-लाइन




फोटो : समीर भटनागर

एसयूवी से अलग दिखे। अपने 2-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन के साथ, यह 7.3 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेगी। इसमें 15 इंच का टचस्क्रीन, 3-जोन एसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश ग्रांड फिनाले विनर बनी सानिया मुखर्जी

### बीबीडी यूनिवर्सिटी में फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश के ग्रांड फिनाले का भव्य आयोजन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के बीबीडी यूनिवर्सिटी में फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश के ग्रांड फिनाले का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक बुधवार को संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित फैशन एवं सौंदर्य प्रतियोगिता में प्रतिभागी में अग्रिमा द्विवेदी, अलिशा त्रिवेदी, अनुष्का उपाध्याय, गर्विता सिसोदिया, इशिता चौहान, कनिष्का बिष्ट, रतनप्रिया पांडेय, ऋतंभरा, सानिया मुखर्जी, सान्या दीक्षित, सौम्या यादव, स्मिता सिंह, स्मृति मिश्रा, तनिष्का शर्मा, तेजश्वी अरुण प्रसाद एवं यांशी सैनी उत्तर प्रदेश से चयनित 16 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का



उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश ग्रांड फिनाले विनर सानिया मुखर्जी बनी। यह आयोजन कैटवॉक अकादमी द्वारा आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के लिए 300 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से कड़े चयन प्रक्रिया के बाद 16 प्रतिभागियों को ग्रांड फिनाले में जाने का मौका मिला। यह आयोजन प्रदेश की युवतियों में बढ़ते आत्मविश्वास, प्रतिभा और उच्च आकांक्षाओं का प्रतीक बना। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न राउंड्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें कैटवॉक, व्यक्तित्व परीक्षण और प्रश्नोत्तर सत्र प्रमुख रहे। आयोजन ने न केवल फैशन और ग्लैमर का मंच ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भविष्य में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा भारत-जापान औद्योगिक सहयोग : सीएम

## मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया

**टोक्यो/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुनिया के बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। यहां आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत-जापान औद्योगिक सहयोग भविष्य में और मजबूत होगा।



जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। भगवान बुद्ध से जुड़े विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर, कौशांबी, सहित अनेक पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में रामायण सर्किट एवं बौद्ध सर्किट को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा रहा है, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है। जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है। इसी सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ मैं आप सभी का स्वागत करता हूं।

मुख्यमंत्री ने जापान के उद्यमियों को विशेष रूप से यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल सिटी के बारे में भी जानकारी दी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ही जापानी निवेशकों के लिए जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है। इसके लिए 500 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है। इसका उद्देश्य है कि जापानी उद्योग एक ही स्थान पर क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें। यहां उन्हें बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और निर्यात सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, जापान में भारत की राजदूत नगमा एम. मलिक के साथ बड़ी संख्या में जापान के उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीएम योगी ने मित्सुई प्रबंधन को दिया यूपी में बड़े निवेश का न्यौता

## भारत-जापान आर्थिक सहयोग को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए जताई प्रतिबद्धता

**टोक्यो/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को भविष्य की अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के पहले दिन वैश्विक निवेश संवाद की मजबूत शुरूआत की। जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने जापान की अग्रणी वैश्विक ट्रेडिंग और निवेश कंपनी मित्सुई एंड कंपनी लि. के प्रबंधन से मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में परिवर्तनकारी निवेश अवसरों को तलाशने का औपचारिक आमंत्रण दिया।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से चार प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा के तहत सोलर, बायो-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं दूसरी आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) के तहत आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल सर्विसेज और स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश पर चर्चा हुई।

तीसरा सेक्टर सेमीकंडक्टर का रहा, जिसमें चिप निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन का विस्तार प्रमुख रहे। वहीं चौथा सेक्टर डेटा सेंटर रहा, जिसमें हाइपर-स्केल डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल कनेक्टिविटी हब जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर गहन विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने मित्सुई प्रबंधन को दीर्घकालिक साझेदारी के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश भारत-जापान आर्थिक सहयोग को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के साथ-साथ उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर्स के कारण निवेशकों के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। सीएम योगी ने राज्य सरकार की उद्योग समर्थक नीतियों, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम और समयबद्ध स्वीकृति प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और परिणामोन्मुख वातावरण उपलब्ध कराता है।

# यूपी में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन से उद्योगों का बढ़ा भरोसा

- इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रिक व्हीकल मोबिलिटी में निवेश करेगा मिंडा

**टोक्यो/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश को भारत का उभरता औद्योगिक ग्रोथ इंजन बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में पिछले नौ वर्षों में व्यापक परिवर्तन हुआ है, जिसने यूपी को निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बना दिया है।

मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (कॉरपोरेट अफेयर्स) राहुल भारती ने कहा कि लगभग नौ वर्ष पहले तक उत्तर प्रदेश मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के लिए आकर्षक नहीं माना जाता था, लेकिन नई सरकार के गठन के बाद राज्य में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को हर क्षेत्र में नंबर-वन बनाने का लक्ष्य रखा और कुछ ही वर्षों में उसके परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे। आज उत्तर प्रदेश राजस्व, वित्तीय अनुशासन, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, कृषि उत्पादन, पौधरोपण, एथेनॉल उत्पादन, हैंडीक्राफ्ट निर्यात और पर्यटन जैसे अनेक क्षेत्रों में अग्रणी है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इलेक्ट्रिक और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन नीति के कारण यूपी देश में ईवी तथा हाइब्रिड वाहनों की वृद्धि दर में शीर्ष राज्य बन गया है। महत्वपूर्ण बात यह रही कि यह उपलब्धि सरकारी राजस्व में कमी लाए बिना हासिल हुई, बल्कि राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई। राहुल भारती ने यूपी की नीति व्यवस्था को वाइब्रेंट पॉलिसी इकोसिस्टम बताते हुए कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था, तेज निर्णय क्षमता और त्वरित क्रियान्वयन उद्योगों के लिए भरोसेमंद वातावरण तैयार करते हैं। सुब्रोस और स्पार्क मिंडा जैसी ऑटो कंपोनेंट कंपनियां यूपी में सक्रिय हैं, जिससे राज्य का ऑटोमोबाइल इकोसिस्टम मजबूत हुआ है। रोड शो में मिंडा कोऑपरेशन लि. के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आकाश मिंडा ने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश स्केल, स्पीड और स्टेबिलिटी का सशक्त उदाहरण है। आधुनिक एक्सप्रेसवे, फ्रेट कॉरिडोर, औद्योगिक हब और प्रो-एक्टिव नीतियों के माध्यम से राज्य मजबूत मैन्युफैक्चरिंग आधार तैयार कर रहा है। स्पार्क मिंडा की यूपी में 14 से अधिक विनिर्माण इकाइयां संचालित हैं, जहां 6000 से अधिक लोग कार्यरत हैं, जिनमें 500 से अधिक दिव्यांगजन शामिल हैं।

# टोक्यो में तिलक लगाकर हुआ योगी का अभिनंदन

## भारत-जापान के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों की दिखी झलक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** टोक्यो में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भारतीय समुदाय के लोगों ने अत्यंत आत्मीयता के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीयों के चेहरे खिल उठे। उनके आगमन पर टोक्यो एयरपोर्ट का पूरा वातावरण उत्साह, आत्मीयता और गर्वित भाव से भरा दिखाई दिया। प्रवासी भारतीयों ने जिस गर्मजोशी और भावनात्मक जुड़ाव के साथ उनका स्वागत किया, वह केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि अपने देश-प्रदेश के प्रति गहरे लगाव का स्वाभाविक प्रदर्शन था।

मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही एयरपोर्ट के स्वागत स्थल पर पारंपरिक भारतीय परिधानों में सजे लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो चुके थे। अधिसंख्य महिलाओं ने सलवार सूट या साड़ी पहनी थी तो पुरुष कुर्ता-पायजामे में नजर आए। कई लोगों ने भगवा रंग के परिधान धारण कर अपने सांस्कृतिक जुड़ाव को अभिव्यक्त किया। एक बच्ची ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप मुख्यमंत्री के माथे पर तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। सीएम योगी को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीयों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था। लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने और उनके साथ तस्वीर लेने को आतुर दिखाई दिए। एक प्रवासी भारतीय ने मुख्यमंत्री को भारत-जापान के आध्यात्मिक संबंधों को दशार्ता एक विशेष पोस्टर भेंट किया, जिसमें दोनों देशों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चिन्हों का उल्लेख था।

एक अन्य महिला ने मुख्यमंत्री को हस्तनिर्मित पेंटिंग उपहार स्वरूप भेंट की, जो भावनात्मक सम्मान का प्रतीक बन गई। टोक्यो आगमन पर यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदरा ने भी मुख्यमंत्री की अगवानी की। यह स्वागत केवल एक शिष्टाचार भेंट नहीं, बल्कि भारत व जापान के बीच मजबूत होते रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रमाण भी था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जापान यात्रा



दो देशों के आधिकारिक दौरे का हिस्सा है और जापान की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। कई प्रवासी भारतीयों के लिए यह क्षण इसलिए भी खास रहा क्योंकि उन्होंने अपने गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री को वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते देखा। प्रवासी समुदाय ने इस दौरे को उत्तर प्रदेश के विकास, निवेश और औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं से जोड़कर देखा। उनके मन में यह विश्वास झलकता रहा कि यह यात्रा भारत व जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देगी। टोक्यो में सीएम योगी को मिला आत्मीय स्वागत इस बात का प्रमाण था कि भौगोलिक दूरी चाहे जितनी हो, दिलों के बीच कभी दूरी नहीं होती।

# उत्तर प्रदेश को ड्रोन हब बनाने की दिशा में बड़ी पहल

## रक्षा, दूरसंचार, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एवं उन्नत विनिर्माण में साझेदारी के नए द्वार खुले

लखनऊ। जर्मनी प्रवास पर गए भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व कर रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैबिनेट मंत्री (आईटी) सुनील कुमार के साथ अग्रणी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उप मुख्यमंत्री ने जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी फुजीकुरा लिमिटेड के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ उन्नत सेंसर प्रौद्योगिकी, स्वायत्त प्लेटफॉर्म तथा स्मार्ट अवसंरचना से जुड़े विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में उत्तर प्रदेश में प्रोटोटाइपिंग एवं उन्नत विनिर्माण इकाई स्थापित करने की संभावनाओं, ऑटोमोटिव एवं ई-व्हीकल सेक्टर हेतु स्मार्ट सेंसर एवं इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के निर्माण, स्मार्ट सिटी एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सहभागिता तथा अनुसंधान एवं नवाचार आधारित सहयोग मॉडल पर गंभीर चर्चा हुई। कंपनी ने प्रदेश में अपनी प्रोटोटाइपिंग तथा मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों की



स्थापना को लेकर गहरी रुचि व्यक्त की, जो उत्तर प्रदेश को उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण एवं नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है।

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने जर्मनी की अग्रणी ड्रोन निर्माण कंपनी क्वांटम सिस्टम के साथ बैठक कर तकनीक हस्तांतरण, संभावित निवेश मॉडल तथा उत्तर प्रदेश में उन्नत ड्रोन विनिर्माण एवं अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के अवसरों पर विस्तृत विमर्श किया। बैठक में रक्षा एवं नागरिक उपयोग हेतु अत्याधुनिक प्रणाली के विकास, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत औद्योगिक सहयोग तथा अनुसंधान एवं कौशल विकास के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। कंपनी ने अपने एकीकृत मल्टी-डोमेन ड्रोन इकोसिस्टम एवं रक्षा व नागरिक उपयोग के प्रमुख अनुप्रयोगों का प्रस्तुतीकरण किया, जिससे सहयोग की व्यापक संभावनाएं उभरकर सामने आईं। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने टेलीफोनिका 02 तथा हेन्सोल्ड्टके साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में दूरसंचार, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा सहयोग, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता के दौरान उन्नत संचार नेटवर्क, सुरक्षित कनेक्टिविटी, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक सेंसर एवं एवियोनिक्स सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्लेटफॉर्म तथा परीक्षण एवं उत्पादन हब की स्थापना की संभावनाओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर, सुदृढ़ औद्योगिक आधारभूत संरचना एवं निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना करते हुए प्रदेश में दीर्घकालिक साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक रुख व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर तथा पारदर्शी औद्योगिक नीतियां निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण प्रदान कर रही हैं।

# गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज में संवाद सेतु व्यवस्था शुरू, 10 मिनट में देना होगा जवाब

विशेष संवाददाता (vol)

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यमंत्री असीम अरुण की उपस्थिति में शुरू हुई व्यवस्था

**लखनऊ।** जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच संवाद को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज में बुधवार को संवाद सेतु (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू की गई।

पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में इस पहल का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'संवाद सेतु' व्यवस्था को शुरू किया। बैठक में एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, तीनों जिलों के जनप्रतिनिधि, हरदोई और कन्नौज के जिलाधिकारी, गाजियाबाद के सीडीओ, ब्लॉक प्रमुख और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

**सभी जनप्रतिनिधियों के लिए समान व्यवस्था :** इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि संवाद सेतु के तहत जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। सीयूजी नंबर अपडेट कर कॉल मॉनिटरिंग प्रणाली सक्रिय कर दी गई है और सभी को 10 मिनट के अंदर कॉल रिसीव या कॉल बैक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मीटिंग में राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह व्यवस्था पक्ष, विपक्ष और निर्दलीय सभी जनप्रतिनिधियों के लिए समान रूप से उपलब्ध है। अधिकारी हों चाहे जनप्रतिनिधि, हमारा एक ही प्रोटोकॉल है जनता की सेवा करना। आने वाले समय में इस व्यवस्था का परिणाम अच्छा मिलेगा। इसकी प्रतिदिन समीक्षा भी की जाएगी।

### यह है 'संवाद सेतु'

इस नई व्यवस्था के अंतर्गत कन्नौज, हरदोई और गाजियाबाद जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित किया गया है। अगर किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव या कॉल बैक नहीं की जाती है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को सूचित कर सकेंगे। कमांड सेंटर संबंधित अधिकारी को तुरंत कॉल बैक के लिए निर्देशित करेगा और संवाद सुनिश्चित करेगा। यह व्यवस्था केवल कार्य दिवसों और कार्यालय समय में और सरकारी (सीयूजी) नंबरों पर लागू होगी।

# राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओं से किया संवाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को वाराणसी के आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के असवारी गांव में ग्रीन आर्मी ऑफ वेलफेयर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए ग्रीन आर्मी की महिलाओं से संवाद किया।

राज्यपाल ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉल तथा संचालित सिलाई केंद्र को देखा और उनकी गुणवत्ता एवं रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने गरीब महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ठेला, छात्र-छात्राओं को विद्यालय आवागमन के लिए साइकिल तथा ग्रीन आर्मी की महिलाओं के पारिश्रमिक भुगतान के लिए चेक वितरित किए।

राज्यपाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के गठन पर बल देते हुए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया।

साथ ही, ग्रीन आर्मी द्वारा शराबबंदी एवं अन्य सामाजिक अभियानों में निभाई जा रही सक्रिय भूमिका की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



इस अवसर पर होप वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव दिव्यांशु उपाध्याय ने जानकारी दी कि काशी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के अभियान के अंतर्गत गंगा घाटों पर छोड़े गए वस्त्रों को एकत्र कर स्वच्छता एवं प्रसंस्करण के बाद ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा आकर्षक बैग तैयार किए जाते हैं, जिन्हें वाराणसी नगर निगम को उपलब्ध कराया जाता है।

कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पांडेय ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय मीन महोत्सव आज से

**लखनऊ।** मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने बुधवार को गोमतीनगर स्थित होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में मीन महोत्सव (एक्वा एक्सपो) का आयोजन 27 एवं 28 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश एवं प्रदेश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, उद्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 1000 मत्स्य पालक सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रसार, उद्यमिता संवर्धन तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि के लिए समन्वित मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि एक्सपो में औद्योगिक प्रदर्शनी एवं स्टॉल (लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा) बैनर, पोस्टर, स्टैण्डी, हैण्ड बिल्स, साहित्य, ब्रोशर, पम्पलेटस आदि के माध्यम से विभागीय योजनाओं पर प्रचार-प्रसार, एलसीडी प्रोजेक्टर के माध्यम से मत्स्य पालन की तकनीकियों का पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन, वेबकास्टिंग/यूट्यूब चौनल द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में मत्स्य पालकों एवं मत्स्य उद्यमियों के लिए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, विभिन्न प्रकार के मत्स्य व्यंजनों का फिश फूड कोर्ट एवं प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में मत्स्य पालक, मत्स्य उद्यमी एवं वैज्ञानिकों की तकनीकी संगोष्ठी एवं विचार-विमर्श किया जायेगा। साथ ही आधुनिक मत्स्य पालन तकनीक, रोग नियंत्रण, गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज उत्पादन, वैल्यू एडिशन, विपणन, निर्यात संभावनाओं, बायोफ्लॉक, पोषण प्रबंधन, आरएएस प्रणाली आदि पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।



# धामी कैबिनेट की बैठक में 1.11 लाख करोड़ के बजट को मिली हरी झंडी

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड की आर्थिक दिशा तय करने वाली मंत्रिपरिषद बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विकास, सामाजिक कल्याण और बुनियादी ढांचे को केंद्र में रखकर बजट को अंतिम रूप दिया गया। यह प्रावधान बीते वर्ष की तुलना में करीब दस प्रतिशत अधिक है।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने जानकारी दी कि बैठक में 32 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें से 28 को मंजूरी मिली। साथ ही आवश्यक परिस्थितियों में बजट में संशोधन का अधिकार मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया है।

राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा और अनुसंधान गतिविधियों को



बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना का दायरा बढ़ाया है।

अब 21 अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय भी इस योजना से लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड पुस्तकालय योजना को स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों में आधुनिक पुस्तकालय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विशेष शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए चार शिक्षकों की नियमित नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई।

**पर्यावरण प्रबंधन और जल संरक्षण :** प्रदेश के 11 नगर निगमों में पर्यावरण अभियंताओं के पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे शहरी प्रदूषण नियंत्रण और निगरानी तंत्र को मजबूती मिलेगी। उपचारित जल के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई नीति को भी हरी झंडी दी गई है। साथ ही उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मचारियों के लिए सेवा नियमावली 2026 को मंजूरी प्रदान की गई।

**पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान :** बाल एवं मातृ स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बाल पोषण अभियान (बाल पालाश योजना) में अतिरिक्त पोषण सामग्री जोड़ी गई है। महिला पोषण योजना में अंडा, दूध, केला और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि कुपोषण की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। कैबिनेट ने न्यायिक एवं प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देने के उद्देश्य से न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए विकासनगर, काशीपुर और नैनीताल में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट स्थापित किए जाएंगे।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 14 कोर्ट मैनेजर पदों का सृजन किया जाएगा। जीएसटी अपीलीय अधिकरण की राज्य पीठ देहरादून में बनी रहेगी, जबकि हल्द्वानी में अतिरिक्त पीठ गठित की जाएगी। सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो को वित्त विभाग के अधीन लाने का भी निर्णय लिया गया।

कैबिनेट ने आधुनिक सेब नर्सरी विकास योजना 2026 और मौन पालन नीति 2026 को स्वीकृति दी है, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों की आजीविका और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की संभावना है। इसके अलावा स्टोन क्रशर और हॉट मिक्स प्लांट से संबंधित नीतियों में संशोधन कर औद्योगिक गतिविधियों को अधिक सुव्यवस्थित बनाने की पहल की गई है। कारागार प्रशासन के लिपिकीय ढांचे के पुनर्गठन को भी मंजूरी मिली है।

# भाजपा सरकार ने शंकराचार्य का किया अपमान : अखिलेश

## सपा अध्यक्ष ने उन्नाव और कानपुर दौरे में भाजपा पर जमकर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने शंकराचार्य का अपमान किया है। शंकराचार्य को अध्यात्म की त्रिवेणी गंगा जी में स्नान नहीं करने दिया। पुलिस ने धक्का मार कर शंकराचार्य के रथ को बाहर कर दिया। शंकराचार्य के साथ चल रहे बटुकों को मारा-पीटा उनकी शिखा खींची। अब शंकराचार्य पर झूठा मुकदमा लगवा दिया। जिसने झूठा मुकदमा कराया है उसके भाजपा नेताओं से सम्बन्ध है। उसकी फोटो भाजपा के कई नेताओं के साथ है।

उन्नाव और कानपुर दौरे के दौरान बुधवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य हमारे लिए पूजनीय है। आज शंकराचार्य का सम्मान बचाने की जरूरत है। सभी लोगों को शंकराचार्य के सम्मान के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का चरित्र सभी ने देखा है जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज बंद करने के लिए अधिकारियों के माध्यम से न जाने क्या-क्या कराते हैं। राजनीतिक विरोध करने पर भी अधिकारियों के माध्यम से झूठे मुकदमें लगवाते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से हमारा गठबंधन, इंडिया गठबंधन है। गठबंधन रहेगा। आने वाले समय में सभी पीडीए के लोग मिलकर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए हमारी मदद करेंगे। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई वह कसाई हैं, जिन्होंने हरियाणा में सबसे बड़ा स्लाटर हाउस खुलवाये हैं। भाजपा सरकार ने नूह जिले में सबसे ज्यादा स्लाटर हाउस बनाया है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने गायों के दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया। कन्नौज में पहला काऊ मिल्क प्लांट लगवाया था। इस सरकार ने वह प्लांट बंद करा दिया। गौ सेवा का बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। गोबर से लेकर सब कुछ बेच दे रहे है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अगर भाजपा सरकार में शामिल ओबीसी, एससी-एसटी के मंत्रियों को लग रहा है कि इनके साथ भेदभाव हो रहा है तो सरकार छोड़ कर चले आये।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग ने जो वोटर लिस्ट बनायी है उसमें और चुनाव आयोग ने जो वोटर लिस्ट बनायी है उसमें बड़े पैमाने पर घोटाला किया है। ये लोग गरीब को बता देते है कि प्रधानी के वोटर लिस्ट में नाम है विधायकी में नहीं है। ये मुस्लिम भाइयों के कागज ढुंढ़वा रहे थे लेकिन अब मैं डेटा देख रहा हूं तो हिन्दू भाई ज्यादा कागज ढूंढ रहे हैं। हर जिले में लाखों मतदाताओं को नोटिस भेज रहे है। भाजपा ने हिन्दुओं पर संकट पैदा कर दिया है। याद रहे अगर वोटर लिस्ट में नाम है तभी भारत के नागरिक हैं। अगर वोट नहीं है तो नागरिक नहीं हो सकता है।

संक्षेप

## जगदम्बिका पाल भारत-मॉरीशस मैत्री समूह के अध्यक्ष बने

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदम्बिका पाल को भारत-मॉरीशस संसदीय मैत्री समूह का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोकसभा सचिवालय ने 18वीं लोकसभा के लिए उन्हें यह महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से दोनों देशों के बीच संसदीय सहयोग और आपसी संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। लोकसभा सचिवालय की सम्मेलन एवं प्रोटोकॉल शाखा द्वारा 23 फरवरी 2026 को जारी आधिकारिक पत्र में इस नियुक्ति की पुष्टि की गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि भारत की संसद में मॉरीशस के साथ संसदीय मैत्री समूह का गठन किया गया है। इस समूह का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की संसदों के बीच संवाद को बढ़ावा देना, संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना और द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करना है। लोकसभा अध्यक्ष की ओर से सांसद पाल को इस समूह का अध्यक्ष बनाया गया है। जगदम्बिका पाल डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं और एक अनुभवी जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने विभिन्न संसदीय समितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व किया है। उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी गई है। इस पद पर रहते हुए वे भारत और मॉरीशस के सांसदों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही, दोनों देशों के लोकतांत्रिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सांसद जगदम्बिका पाल को यह जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके क्षेत्र डुमरियागंज में खुशी का माहौल है। समर्थकों और क्षेत्रवासियों ने इसे जिले और प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया है। भारत और मॉरीशस के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंध पहले से ही मजबूत रहे हैं। संसदीय मैत्री समूह का गठन और पाल की नियुक्ति इन संबंधों को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## खलीलाबाद-बहराइच नयी रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण शुरू

**सिद्धार्थनगर।** जिले में खलीलाबाद-बहराइच नई रेलवे लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस परियोजना से डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के 15 गांवों की जमीन प्रभावित होगी। प्रशासन ने प्रभावित किसानों और भूमिधरों को 12 मार्च 2026 को कलेक्ट्रेट में अपना दावा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पूर्व रेलवे गोरखपुर द्वारा प्रस्तावित इस नई रेल लाइन के निर्माण हेतु रेल अधिनियम 1989 के तहत भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना 30 जनवरी 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित की गई थी। इसके बाद संबंधित क्षेत्र के लोगों को दावा प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया है। अधिग्रहण के दायरे में आने वाले गांवों में कादिराबाद, फतेहमलिकचक, चकचई, असाधरपुर, तेन्दुहार, धनखरपुर, जूडीकुईयां, भानपुर मस्जिदिया, भानपुर रानी, खानतारा, पुरैना, श्यामपुर, पिकौरा, अहिरौला और गहिरौला शामिल हैं। इन गांवों के किसानों की भूमि इस परियोजना के लिए प्रभावित की गई है। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं सक्षम प्राधिकारी ने बताया कि प्रभावित भूमिधर 12 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा प्रस्तुत करते समय संबंधित भूमि के कागजात व अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा।

# जिला जेल का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण

### जेल अधीक्षक को दिये सुरक्षा और निगरानी मजबूत करने के निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** जिला कारागार की सुरक्षा और बंदियों की निगरानी व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। 25 फरवरी, बुधवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की स्थिति और अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की और जेल अधीक्षक सचिन वर्मा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, डीएम और एसपी ने बैरकों, भोजनालय और पूरे जेल परिसर का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और सुरक्षा इंतजामों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने अधिकारियों को बताया कि जेल परिसर में नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जेल स्टाफ द्वारा लगातार निगरानी रखी जाती है, ताकि किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री जेल के अंदर न पहुंच सके।

जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जेल में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों और सामग्री की सघन जांच सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जेल में आने वाले प्रत्येक नए बंदी का अनिवार्य रूप से चिकित्सकीय परीक्षण कराने का भी निर्देश दिया, ताकि उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी हो सके। पुलिस अधीक्षक ने भी जेल अधीक्षक सचिन वर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए। एसपी ने जेल परिसर का नियमित निरीक्षण करने और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। प्रशासन के इस औचक निरीक्षण से जेल प्रशासन में सतर्कता बढ़ गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिला कारागार की सुरक्षा, अनुशासन और बंदियों की निगरानी व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाया जाएगा।

## डॉ.अवनीश 'सस्टेंड कंट्रीब्यूशन इन फिजियो अवार्ड' से सम्मानित

जिला संवाददाता (vol)

**डुमरियागंज, सिद्धार्थगर।** गोरखपुर में 22 फरवरी 2026 रविवार को आयोजित एक भव्य फिजियोथेरेपी सम्मेलन में डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर) के प्रसिद्ध युवा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.अवनीश वर्मा को उनके उल्लेखनीय योगदान व फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए डॉ. अवनीश वर्मा को प्रतिष्ठित ह्लर४२३ल्लीा उङ्गल्ल३१ु४३ङ्गल्ल ‚ल्ल ढँ८२ङ्ग अ६१ह्रि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वर्षों से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार, समाज में फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूकता फैलाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया। डॉ. वर्मा ने अपने क्लिनिक 'रिलैक्स फिजियोथेरेपी सेन्टर डुमरियागंज' के माध्यम से सैकड़ों मरीजों को बिना सर्जरी के सफल उपचार प्रदान किया है।

सम्मान समारोह में उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि डॉ. वर्मा का कार्य न केवल चिकित्सकीय दृष्टि से उत्कृष्ट है, बल्कि समाज सेवा की भावना से भी प्रेरित है। वे समय-समय पर सेमिनार एवं कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर नई तकनीकों को सीखते और अपनाते हैं, जिससे मरीजों को आधुनिक एवं प्रभावी उपचार मिल सके।

डॉ. वर्मा ने इस सम्मान को अपने मरीजों, परिवार एवं सहयोगियों को समर्पित करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य भविष्य में भी समाज की सेवा करना और फिजियोथेरेपी के क्षेत्र को आगे बढ़ाना है।

क्षेत्र के लोगों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ वर्मा हाल ही एक महीने पूर्व बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी कॉन्फ्रेंस में इसी अवॉर्ड के नाम से सम्मानित हुए थे। जो इस अवॉर्ड से वो दो बार सम्मानित हो चुके।

सम्मेलन में देश -प्रदेश के विभिन्नराज्यों सहित अलग अलग जनपदों से आए फिजियोथेरेपिस्टों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीकों, नवीन उपचार पद्धतियों तथा शोध विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी अवसर पर डॉ. वर्मा को फिजियोथेरेपी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा, मरीजों के प्रति समर्पण तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जिससे क्षेत्र का गौरव बढ़ा। यह सम्मान पत्र एवं अवार्ड उन्हें गोरखपुर के पूर्वोत्तर रेलवे प्रेक्षाग्रह में आयोजित टीम ने दी।

## टीईटी से नाराज शिक्षकों ने बांधी काली पटटी, जताया विरोध



**प्रतापगढ़।** टीईटी की अनिवार्यता को लेकर विरोध कर रहे परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने बुधवार को भी हाथ में काली पटटी बांधकर सांकेतिक विरोध जताते हुए कार्य किया। वहीं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक अन्तर्गत बीआरसी कार्यालय पर बुधवार को शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता को लेकर काली पटटी बांधकर सांकेतिक विरोध जताया। शिक्षकों ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता को लेकर विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर रेनू सिंह, अशोक पाण्डेय, विवेक तिवारी, सुनील मौर्य, विज्ञान प्रकाश, शिवराम मिश्र, देवतादीन मौर्य, साहबलाल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट व गालीगलौज का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के दीवानगंज कला कल्यानपुर गांव निवासी मो0 मैसर उर्फ मो0 आमिर पुत्र मो0 अफजल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह प्रदेश कार्यकारिणी में समाजवादी मजदूर सभा का सदस्य तथा व्यापार सभा रामपुरखास का अध्यक्ष है। पीड़ित का आरोप है कि बीती तेईस फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे दीवानगंज बाजार में एक व्यक्ति ने रंजिशन गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शंकराचार्य पर एफआइआर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**सिद्धार्थनगर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने 25 फरवरी बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पर दर्ज यौन शोषण के मामले और कुंभ के दौरान कथित दुर्व्यवहार के विरोध में था। जिला अध्यक्ष सुहेल अहमद के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान तानाशाही नहीं चलेगी और धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करो जैसे नारे लगाए गए। जिलाध्यक्ष सुहेल अहमद ने कहा कि ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के साथ हाल की घटनाएं अत्यंत गंभीर और चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुंभ में मौनी अमावस्या के दौरान शंकराचार्य और उनके अनुयायियों को स्नान करने से रोका गया। साथ ही, उनके साथ आए बटुकों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। कांग्रेस ने इन घटनाओं को धार्मिक स्वतंत्रता और सनातन परंपरा के सम्मान के खिलाफ बताया। ज्ञापन में कांग्रेस ने शंकराचार्य और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सहित अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज यौन शोषण की एफआईआर का भी उल्लेख किया। कांग्रेस नेताओं ने इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी निर्दोष के साथ अन्याय न हो। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस पूरे घटनाक्रम से धार्मिक समाज में असमंजस और आक्रोश का माहौल बन गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर धार्मिक संस्थाओं तथा संतों को अनावश्यक रूप से विवादों में घसीटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 नागरिकों को अपने धर्म का पालन करने तथा धार्मिक संस्थाओं के संचालन का मौलिक अधिकार देते हैं। हालांकि, हालिया घटनाएं इन संवैधानिक अधिकारों के विपरीत दिखाई दे रही हैं। सुहेल अहमद ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## हंगामेदार बैठक में साढ़े अठारह करोड़ की परियोजनाओं पर लगी मुहर

- बीडीसी की बैठक में अफसरों की गैरहाजिरी पर आक्रोशित सदस्यों ने जतायी नाराजगी




**प्रतापगढ़।** क्षेत्र पंचायत समिति की बुधवार को हंगामेदार बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं के मद में साढ़े अठारह करोड़ रुपए की कार्ययोजना पर मुहर लगी है। लालगंज क्षेत्र पंचायत समिति की पूर्व निर्धारित बैठक ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज की अध्यक्षता में दोपहर प्रारम्भ हुई। बैठक में सदस्यों ने जनपदस्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर हंगामा शुरू कर दिया। नाराज सदस्य बैठक का बहिष्कार कर सभागार से बाहर आ गये। इस पर प्रमुख अमित सिंह ने जिले के पीडी दयाराम वर्मा से फोनिक वार्ता की। पीडी ने प्रमुख के माध्यम से सदस्यों को भरोसा दिलाया कि अगली बैठक में सभी जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद बैठक की कार्रवाई ब्लाक प्रमुख के अनुरोध पर शुरू हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख अमित सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से लालगंज में ग्रामीण विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाएगा। उन्होने आदर्श ब्लाक की प्रगति में प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से सहयोग मांगा। वहीं बैठक में केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत दो करोड़ तथा राज्य वित्त योजनान्तर्गत डेढ़ करोड़ एवं विकसित भारत योजनान्तर्गत पन्द्रह करोड़ की परियोजनाओं को सर्वसम्मत से अनुमोदन के लिए प्रस्तावित किया गया। बैठक में शामिल हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक का संचालन खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा ने किया। स्वागत एडीओ पंचायत विमलेश कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर विमलेश सिंह, दिनेश सिंह, जयप्रकाश प्रजापति, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, रामसजीवन झुड़िया, मो0 अशफाक, मुकेश यादव, सुनील पाण्डेय, शिवराम यादव, विद्युत मिश्र, बृजेश सिंह और देवेन्द्र सिंह ने भी विभिन्न विकास योजनाओं पर अपने सुझाव रखे।

## मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ हुआ एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**प्रतापगढ़।** तहसील लालगंज अन्तर्गत राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोठिन जलेशरगंज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रधान अनेहरा दिवाकर शुक्ल, प्रधान मोठिन रामकृष्ण द्विवेदी व डॉ0 सर्वेश कुमार त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। एनएसएस के शिविरार्थियों सुहानी, अंजली, काजल द्विवेदी, कोमल, सुनैना, क्रांति, अंतिमा, शिवम गुप्ता ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान व स्वच्छता गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शिविरार्थियों द्वारा एनएसएस गीत उठे समाज के लिए उठें ने मंत्रमुग्ध किया। वक्ताओं ने कहा कि शिविर का मुख्य उददेश्य छात्र छात्राओं में सामाजिक सेवा व स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना होता है। कार्यक्रमाधिकारी प्रमोद कुमार ने शिविर की कार्यवृत्ति प्रस्तुत की। इस मौके पर संतोष मिश्र, पंकज मिश्र, रवि प्रकाश यादव, सुरेशचंद्र त्रिपाठी, सोनम, धीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# प्री-कॉन्सेप्शन पोषण परियोजना शुरू




**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में गर्भधारण-पूर्व (प्री-कॉन्सेप्शन) पोषण सुधार हेतु नवाचार आधारित पायलट परियोजना का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से संपन्न हुआ। यह पायलट परियोजना हरिहरपुर रानी ब्लॉक के पाँच चयनित ग्रामों—जौगढ़, वर्गावर्गी, शिवगढ़ कला, अमवा एवं जरकुशहा में संचालित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इन ग्राम पंचायतों में से चार में महिला ग्राम प्रधान हैं, जो आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य सखी व सीएचओ के सहयोग से परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाएँगी। परियोजना का लक्षित समूह 30 वर्ष तक आयु वर्ग के नवविवाहित दंपति, पहली बार गर्भधारण की योजना बना रहे दंपति तथा एक संतान वाली माताएँ हैं। चयनित ग्रामों में लाभार्थियों की लाइन लिस्ट तैयार कर नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श, सास-बहू सामुदायिक बैठकें एवं पुरुष सहभागिता सत्र आयोजित किए जाएंगे। डीएम ने कहा कि यह नवाचार आधारित पहल सामुदायिक सहभागिता और स्थानीय नेतृत्व के माध्यम से मॉडल परियोजना के रूप में विकसित की जा सकती है। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने विभिन्न अभिसरण विभागों—स्वास्थ्य, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास तथा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन—के समन्वित प्रयासों पर बल दिया। प्रशिक्षण का तकनीकी सत्र यूनिसेफ लखनऊ से अर्पिता पाल (न्यूट्रिशन ऑफिसर) द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने एनीमिया नियंत्रण, आयरन-फोलिक एसिड एवं कैल्शियम सेवन, बीएमआई आधारित पोषण प्रबंधन, उच्च रक्तचाप में आहार परामर्श तथा व्यवहार परिवर्तन संचार रणनीतियों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में यूनिसेफ के अन्य विशेषज्ञों ने भी सहभागिता की। समापन अवसर पर सभी विभागों ने परियोजना को जनपद में सफल बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं का निष्पक्ष हो निस्तारण

**श्रावस्ती।** एसपी राहुल भाटी द्वारा एसपी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित हुए और अपने-अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जनता दर्शन में जमीनी विवाद, मारपीट, पारिवारिक कलह, महिला संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं। प्रत्येक मामले पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए एसपीने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकरण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दर्शन का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना तथा पुलिस प्रशासन और आमजन के मध्य विश्वास एवं संवाद को सुदृढ़ करना है। उन्होंने संबंधित



अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण की प्रगति से आवेदकों को अवगत कराना भी सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन द्वारा पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसुनवाई की व्यवस्था को प्रभावी बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है, जिससे आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव हो सके।

## जनता दर्शन में डीएम का संवेदनशील हस्तक्षेप



**श्रावस्ती।** अश्विनी कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी श्रावस्ती, ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर प्रशासन से न्याय की अपेक्षा जताई। जनसुनवाई के दौरान मायावती पत्नी सुग्रीव प्रसाद, निवासी बन्दरा दा० गजोबरी, विकास खण्ड जमुनहा, ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि वह मूकबाधिर हैं और आवासविहीन भी हैं। उनके पति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं तथा उनके पास रहने के लिए पक्का मकान उपलब्ध नहीं है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को मूकबाधिर महिला का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। जनता दर्शन में कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशील, जवाबदेह एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

# महामाया महाविद्यालय में क्रीड़ा महोत्सव का आगाज



**श्रावस्ती।** महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती का प्रांगण 25 फरवरी 2026 को ऊर्जा, उत्साह और उमंग से सराबोर दिखा, जब वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का भव्य, गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, देवीपाटन मंडल, गोण्डा, प्रो. (डॉ.) अतुल शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक, श्रावस्ती के प्रतिनिधि सुपुत्र अवधेश कुमार पाण्डेय की सौजन्यपूर्ण उपस्थिति ने आयोजन की आभा को और अधिक दीप्तिमान बना दिया। माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का श्रीगणेश हुआ। छात्राओं की मनोहारी गणेश वंदना, सरस्वती वंदना और स्वागत गीत ने वातावरण को आध्यात्मिक और मनोरम स्वर प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने अतिथियों का अंगवस्त्र व बैज पहनाकर औपचारिक स्वागत किया और महाविद्यालय की उपलब्धियों का संक्षिप्त उल्लेख किया।

मुख्य अतिथि द्वारा गत वर्ष के चैम्पियन को मशाल सौंपते ही खेल मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। परेड की सलामी के साथ प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में मृकुण्ड देव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी अद्भुत गति का परिचय दिया, अतुल कुमार मिश्र द्वितीय और अर्जुन पटेल तृतीय रहे। बालिका वर्ग में ऊषा शुक्ला ने प्रथम स्थान हासिल कर सबका ध्यान आकर्षित किया, जबकि लक्ष्मी शुक्ला द्वितीय और कविता शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं। प्रो. (डॉ.) अतुल शर्मा ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, सशक्तिकरण और ऊर्जस्विता का संचार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया।

समारोह में अनेक गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्राप्त हुआ। अंत में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष मिश्र ने प्रभावशाली ढंग से किया तथा खेल प्रतियोगिताओं का दायित्व डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा ने निष्ठापूर्वक निभाया। पूरा आयोजन उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का जीवंत उदाहरण बनकर स्मरणीय बन गया।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001:2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), पी.बी.एक्स. नं. : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व० जर्नादन प्रसाद | भूखण्ड संख्या-3/117 | विनय खण्ड गोमती नगर योजना | 14.11.2018 | श्रीमती वन्दना तिवारी | श्री अजय कुमार तिवारी अविनाश कुमार तिवारी | पुत्री पुत्र पुत्र |
| 2. | समीर कुमार बनर्जी सह-पट्टाधारक/मृतक | भूखण्ड संख्या-सी-377, सेक्टर-बी | महानगर | 23.03.2025 | श्रीमती अनीता बनर्जी एवं श्रीमती नूपुर बनर्जी पुत्रीगण | —— | पुत्रीगण |
| 3. | स्व० सोनिया गुलाटी | भूखण्ड संख्या-1/681 | रतन खण्ड | 21.06.2025 | श्री सागर गुलाटी कु० विटुटी गुलाटी (आश्रित) कु० आघा गुलाटी (पिता के आश्रित) | —— | पति |
| 4. | स्व० हरनाम कौर | भूखण्ड संख्या-सी-415, सेक्टर-बी | महानगर | 02.02.2021 | श्री कर्मवीर सिंह एवं श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पुत्रगण स्व० हरनाम कौर | —— | पुत्रगण |
| 5. | स्व० राकेश सिंह चौहान | भूखण्ड संख्या-एस-38 | महानगर | 29.05.2024 | श्री अनिरूद्ध सिंह चौहान-पुत्र, श्रीमती इन्द्रा सिंह-पत्नी एवं श्रीमती नर्मता सिंह चौहान-पुत्री पुत्र/पत्नी/पुत्री स्व० राकेश सिंह चौहान | —— | पत्नी/पुत्र/पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से **30 दिनों** के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

# मेडीकल कॉलेज जहां नहीं है वहां जल्द बनेंगे : ब्रजेश पाठक

## इटावा के अलावा दूरदराज से मरीज आते हैं उनकी देखभाल अच्छी होनी चाहिए

● **विश्वविद्यालय में आने वाले प्रत्येक मरीज को मिले इलाज, कोई वापस न लौटे**



**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय में उपचार के लिए आने वाला कोई भी मरीज संसाधनों के अभाव में वापस न लौटे। उन्होंने कहा कि मरीज की सेवा सर्वोपरि है और यदि बेड अथवा अन्य व्यवस्थाओं की कमी हो तो वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में डिप्टी सीएम निर्धारित समय से लगभग दो घंटे विलंब से दोपहर करीब 2.30 बजे पहुंचे। स्वागत के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया, जिससे मरीजों को रियायती दरों पर दवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही बैंक ऑफ इंडिया और विश्वविद्यालय के मध्य हुए एमओयू का आदान-प्रदान भी संपन्न हुआ, जिसके माध्यम से संस्थागत एवं बैंकिंग सेवाओं को मजबूती मिलेगी। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के तहत एआई आधारित अपॉइंटमेंट प्रणाली और ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली टेली-डायग्नोस्टिक सुविधा का शुभारंभ भी किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पारितोष शुक्ला ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित घोष से मुलाकात की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी केबी अग्रवाल भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने की, विश्वविद्यालय की प्रगति और भावी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल एवं 300 बेड के गायनी अस्पताल को वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण रूप से संचालित कर दिया जाएगा। ओपीडी में लगातार वृद्धि को देखते हुए विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक प्रारंभ किए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अधिकाधिक पात्र मरीजों को लाभान्वित किया जा रहा है। आधुनिक सर्जिकल सुविधाओं के विस्तार के लिए दो रोबोटिक इकाइयों की खरीद की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है। समारोह में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सी.एम. सिंह, सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, सीपू चैधरी, पूर्व सांसद रघुराज सिंह, प्रेमदास कठेरिया, गोपाल मोहन शर्मा, अजय धाकरे, प्रशांत राव चैबे, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, चिकित्सक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. डॉ. सोमेंद्र पाल सिंह ने किया, जबकि अंत में कुलसचिव दीपक वर्मा ने आभार व्यक्त कर समारोह के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम खत्म होने के बाद ट्रामा सेंटर में जाकर उन्होंने इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों के हाल-चाल जाने और वहां मौजूद मरीज व उनके तीमारदारों से इलाज से संबंधित बातचीत भी की है।

शंकराचार्य प्रकरण पर बोले डिप्टी सीएम, न्यायालय में लंबित मामले पर टिप्पणी से किया परहेज सैफई। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर दर्ज मुकदमे को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में इस विषय पर किसी प्रकार की टिप्पणी करना उचित नहीं है।

सैफई स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करती है और अदालत में लंबित मामलों पर सार्वजनिक चर्चा से बचना चाहिए। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े प्रकरण को लेकर प्रदेश की राजनीति में जारी बयानबाजी के संदर्भ में पूछे गए प्रश्न पर डिप्टी सीएम ने संयमित रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और न्यायालय सर्वोपरि है। स्थापना दिवस के औपचारिक कार्यक्रम के उपरांत हुई इस संक्षिप्त बातचीत में राजनीतिक प्रश्नों पर उनका जवाब सीमित लेकिन स्पष्ट रहा। उन्होंने संकेत दिया कि न्यायालय में विचाराधीन विषयों पर सरकार की ओर से कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की जाएगी। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव के उस बयान, जिसमें 100 विधायक लाकर मुख्यमंत्री बनाने की बात कही गई थी, पर प्रतिक्रिया देते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि इस तरह के सवालों का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने इसे राजनीतिक बयानबाजी करार देते हुए संकेत दिया कि प्रदेश की सरकार जनादेश के आधार पर स्थिरता के साथ कार्य कर रही है।

## संक्षेप

### जमीन के विवाद में वृद्ध की हत्या

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के निलोई गांव में 70 वर्षीय मुन्ना लाल की हत्या कर शव जलाने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जमीनी विवाद में वृद्ध की हत्या उसके ही पुत्र ने की थी। पुलिस ने आरोपी गजराज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। बताया गया कि 26 जनवरी की सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों ने गांव के बाहर खेतों के पास बनी एक कोठरी से धुआं उठता देखा। अंदर जाकर देखा तो मुन्ना लाल का जला हुआ शव पड़ा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान कोठरी के दरवाजे के पास खून के निशान मिले, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। परिजनों ने हत्या कर साक्ष्य मिटाने की आशंका जताई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए फोरेंसिक टीम से साक्ष्य जुटाए और गहन जांच शुरू की। मृतक का पुत्र गजराज शुरू से ही संदेह के दायरे में था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसे पैसों की जरूरत थी और पिता जमीन बेचने को तैयार नहीं थे। इसी बात से नाराज होकर उसने रविवार रात करीब 11 बजे कोठरी में पहुंचकर पहले पिता से मारपीट की और अचेत होने पर तेल डालकर आग लगा दी, ताकि घटना हादसा लगे। पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक हुआ घायल, मौत

**मझगांवा/गगहा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्लाक मुख्यालय के सामने बुधवार सायंकाल लगभग चार बजे सड़क पार करने के समय युवक वाहन की चपेट में आने से घायल युवक की मौत हो गई। एक युवक गगहा ब्लाक मुख्यालय के सामने सड़क पार कर रहा था तभी गोरखपुर से बड़हलगंज की तरफ आ रही वाहन ने युवक को ठोकर मारी और वाहन लेकर निकल गया.स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गगहा पुलिस व एम्बुलेंस को दी सूचना मिलते ही एम्बुलेंस से उसे गगहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।वहीं उपनिरीक्षक अंकुर कुमार ने बताया कि युवक की पहचान सिसवा जनपद महराजगंज निवासी टुनटुन गौड़ पुत्र लल्लन गौड़ के रुप में हुआ.टुनटुन गौड़ पेन्ट पालिश का कार्य करता है वह तीन दिन पहले घर से बंगलौर जाने के लिए निकला था.गगहा पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

# कांग्रेस अध्यक्ष ने डीएम को ज्ञापन सौंपा




**इटावा।** जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के द्वारा सम्प्रेषित किया गया ज्ञापन अनुसार मौनी अमावस्या के दिन स्नान करने हेतु जाते समय सनातन धर्म के सर्वोच्च स्थान पर स्थापित ज्योतिर्मठ पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस द्वारा बलात रोका गया उनके शिष्यों को बुरी तरह पीटा गया बटुकों को बाल पकड़ कर खींचा गया व बुरी तरह मारा गया शंकराचार्य का छत्र तोड़ दिया गया। इसी क्रम में शंकराचार्य उनके शिष्य स्वामी मुकुदानंद ब्रह्मचारी व अन्य शिष्यों पर यौन शोषण तथा पाक्सो एक्ट मैं मुकदमा लिखा गया सनातन धर्म के सर्वोच्च अधिष्ठाता पर लगाए गये सभी फर्जी मुकदमे बिना शर्त वापस लिए जाएं।इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रशांत तिवारी, प्रमोद शंखवार, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, करण सिंह राजपूत, ललित दुबे, आसिफ जादरान, दीक्षा शुक्ला, प्रदीप द्विवेदी, मनोज दीक्षित, देवेंद्र राठौर, अमन तिवारी, सोहेल वारसी, संजीव त्रिपाठी, सत्यप्रकाश शुक्ला, प्रेरणा जुबैरी, कुसुमलता उपाध्याय, प्रेमकिशोर द्विवेदी, अंबुज त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## त्योहारों के मद्देनजर हुई पीस कमेटी की बैठक

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना परिसर मे बुधवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह ने कहा कि शांति व सद्भावना के साथ त्यौहार मनाएं। त्यौहार के दौरान कोई नई परंपरा नही पडेगी। एसडीएम श्री सिंह ने कहा कि डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजेंगे और सड़को पर बाइक लेकर अनावश्यक रूप से हुड़दंग नहीं करेगें ।होलिका दहन किसी भी विवादित स्थल पर नहीं किया जाएगा। उन्होंने त्यौहारों को शांति पूर्ण ढंग मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि त्योहार के नाम पर हुड़दंग करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि किसी भी तरह से हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।होली रंगों का त्यौहार है। आपसी सौहार्द के साथ मनाने की उन्होंने अपील किया। उन्होंने कहा कि जो लोग रंग नहीं खेलते हैं उनके ऊपर रंग न फेंके इसको जरूर ध्यान दें। पुलिस आपके त्यौहार कोशांतिपूर्ण मनाने के लिए पूरी तरह से तत्पर है। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार सिंह,सौरभ झा, प्रधान प्रतिनिधि श्याम मिलन यादव, योगेन्द्र जायसवाल, गिरजेश सिंह,महेश यादव, अजय पासवान, केसरी ओझा, जनमेजय सिंह, अनिरुद्ध पासवान, नवरंग पासवान, अशोक चौहान, मोहित जायसवाल, अलबेला यादव, फहीम सिद्दीकी, अभय श्रवण फौजी, शिव मूरत यादव आदि उपस्थित रहे।

# सूर्यनाथ राय की स्मृति में प्रदेश स्तरीय विराट दंगल प्रतियोगिता आयोजित

**उरूवां/गोला, गोरखपुर।** विकास खंड उरूवां क्षेत्र अंतर्गत देवापार गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में सोमवार को स्व सूर्य नरायन राय की स्मृति में प्रदेश स्तरीय विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में स्थानीय पहलवानों समेत राज्य स्तरीय पहलवानो अपना दांव-पेंच आजमाते हुए अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में शक्ति, अनुशासन और संकल्प का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने हनुमान जी के चित्र पर वैदिक मंत्रो के साथ पुष्पार्चन करने के उपरांत प्रथम पाली के पहलवान के जोड़ का हाथ मिलवा कर दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि कुश्ती हमारे भारत वर्ष की शौर्य, परंपरा और गौरव की प्रतीक खेल विधा है। कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक बल, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मसंयम का भी निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नपं कस्बा संग्रामपुर उर्फ उनवल के चेयरमैन महेश दूबे, वरिष्ठ भाजपा नेता सृंजय मिश्रा, भदारखास स्टेट के सूर्यांश प्रताप चंद, समाजसेवी सौरभ उर्फ मोनू चतुवेर्दी, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, जिपसं गौरीशंकर उर्फ डिंकू मिश्रा व वेदप्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में मौजूद रहे उमेश राय व अवधेश यादव पहलवान की देखरेख में हुए दंगल प्रतियोगिता में कुल 52 जोड का मुकाबला हुआ। जिसमें अवधेश प्रथम स्थान पर विजेता हुए, जितेंद्र ने दुसरा स्थान पर जीत दर्ज किया। आयोजन समिति के विपिन राय व अजय यादव पहलवान तथा सूरज राय ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं क्षेत्रीय जनो के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नागेन्द्र यादव, शेषनाथ यादव पहलवान, विनय त्रिपाठी, कुंदन राय, सुरेश यादव प्रधान, गिरीश पांडेय, राजेश राय पहलवान, राजकुमार राय, शैल पाठक, अनिल पाठक, सन्नी चंद, अर्जुन गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

● **कुश्ती भारत के शौर्य, परंपरा और गौरव की प्रतीक खेल विधा : राजेश त्रिपाठी**

# बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे डंपरों पर परिवहन विभाग का हंटर, 15 पर गिरी गाज

**यजुगेन्द्र श्रीवास्तव/ गीडा, गोरखपुर।** सड़कों पर नियमों को ताक पर रखकर मौत का पर्याय बन चुके भारी वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। समाचार पत्र वॉयस ऑफ लखनऊ द्वारा 24 फरवरी के अंक में प्रकाशित ₹बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे डंपर, प्रशासन ने साधी चुप्पी₹ नामक शीर्षक वाली खबर का संज्ञान लेते हुए विभाग ने मात्र 24 घंटे के भीतर विशेष अभियान चलाकर डंपर मालिकों में हड़कंप मचा दिया।



मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात जब सड़कों पर सन्नाटा पसरा था, तब आरटीओ प्रवर्तन की टीम मुस्तैद दिखी। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संजय कुमार झा के नेतृत्व में टीम ने गीडा के जीरो पॉइंट और तेनुआ टोल प्लाजा क्षेत्र में रणनीतिक घेराबंदी की। अचानक हुई इस छापेमारी ने मिट्टी खनन और ढुलाई में लगे डंपर चालकों को संभलने का मौका तक नहीं दिया। सघन जांच के दौरान सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी उजागर हुई। चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग ने कुल 15 वाहनों पर सख्त कार्रवाई करते हुए बिना किसी वैध फिटनेस प्रमाण पत्र के सड़कों पर दौड़ रहे 4 डंपरों को सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक मानते हुए मौके पर ही सीज कर दिया गया। वही 11 वाहनों पर टैक्स बकाया, चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस न होना और अनिवार्य हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का अभाव पाया गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि कुछ डंपर बिना किसी नंबर प्लेट के ही बेखौफ संचालित हो रहे थे, जिससे किसी हादसे की स्थिति में उनकी पहचान करना नामुमकिन था।

**खबर का असर**

विदित हो कि गीडा क्षेत्र में इन अनियंत्रित डंपरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं। प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय निवासियों ने जनहित के इस मुद्दे को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने के लिए संवाददाता और समाचार पत्र प्रबंधन का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस कार्यवाही के दौरान यात्री कर अधिकारी विजय किशोर आनंद एवं रमापति के साथ अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## होली पर्व को लेकर गीडा थाना में पीस कमेटी की बैठक

**पिपरौली, गोरखपुर।** होली के मद्देनजर गीडा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहजनवां एसडीएम केशरी नंदन त्रिपाठी ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सद्भाव और शांति के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। सीओ गीडा/एएसपी अरुण कुमार एस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि त्योहार के दौरान अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं कोई विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। गीडा पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए तत्पर है। गीडा एसएचओ अश्वनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि होलिका दहन केवल चिन्हित स्थानों पर ही किया जाए और प्रशासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

**एडमिन यूनिट/जोनः** लखनऊ-पू0उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/पू0उ0रे0, **नीलामी सूचना सं0/लॉट सं0** LJN-FSLR-07-26, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः** 20-02-2026 समय 16.52 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 11-03-2026 समय 12.00 बजे, नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः 11-03-2026 समय, 12.30 बजे, **नीलामी का प्रकारः** Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य-271 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 17 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं :-

**कार्यों का विवरण :** 1. इज्जतनगर मंडल के काशीपुर, भोपतपुरा एवं बीसलपुर स्टेशनों के गुड्स शेड पर सी.सी.टी.वी. कैमरों का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** ₹ 69,36,645.47, **बयाना राशि :** ₹ 1,38,700/-, **कार्य समापन अवधि :** 6 माह, **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 17.03.2026 को 11:00 बजे।

• पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,
मुजाधि/सिगनल-108 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# 28 को निकलेगी राधा श्याम सुंदर की रथ यात्रा




जिला संवाददाता (vol)

**इटावा।** श्री जी लाडले परिवार के तत्वाधान में होली के उपलक्ष्य में 28 फरवरी को राधा श्याम सुंदर की भव्य रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी। यात्रा में संकीर्तन के साथ होली का उत्साह भी देखने को मिलेगा। खास बात यह है कि इस बार यात्रा के दौरान ब्रज के कलाकारों द्वारा शहर की सड़कों पर यात्रा के लट्ठमार होली की छटा भी देखने को मिलेगी तथा इत्र और अबीर-गुलाल की खुशबू भी वातावरण में घुलेगी। बुधवार को छैराहा स्थित राधावल्लभ मंदिर पर यात्रा के आयोजकों ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस बार होली के उपलक्ष्य में 7 वीं राधा श्याम सुंदर की भव्य रथ यात्रा शनिवार को निकाली जा रही है। यात्रा का शुभारंभ सुबह आठ बजे रामलीला मैदान से नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ठाकुर जी की आरती उतारकर करेंगी। यात्रा में वृंदावन के रसिक और सखियां भी शामिल होंगी। यात्रा गाड़ीपुरा चैराहा, बल्देव चैराहा, नगर पालिका चैराहा, राजागंज चैराहा, पचराहा होते हुए पुनरू छैराहा स्थित श्री राधावल्लभ मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी। यहां पर ठाकुर जी की आरती उतारी जाएगी और अबीर गुलाल की छटाओं के बीच पूज्य प्रेमानंद जी महाराज के शिष्य हित आशीष व हित प्रदीप के द्वारा संकीर्तन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि यात्रा में फूलों से सजे रथ पर राधा श्याम सुंदर विराजमान रहेंगे और उन पर तोप के द्वारा फूलों की वर्षा भी की जाएगी। इस बार रथ यात्रा में ब्रज की लट्ठमार होली लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। आयोजकों ने नगर वासियों से यात्रा का पुष्प वर्षा व आरती पूजन कर स्वागत करने के साथ यात्रा में शामिल होने की अपील की है। अक्षय भदौरिया, बंटी चैरसिया, प्रदीप, सुमित यादव, अंकित, रोहित, प्रथम शर्मा, प्रदीप यादव, गिरिराज, सनी यादव, रवि परमार आदि मौजूद रहे।

# मच्छरों के प्रकोप से नगरवासियों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित नगर पंचायत चौरीचौरा में मच्छररोधी दवा का छिड़काव न होने से लोगों का रहना मोहाल हो गया है। लोगों ने मच्छरों से बचाव के लिए मच्छररोधी दवा के छिड़काव की मांग किया है। बताते चलें कि नगर पंचायत चौरीचौरा के भोपा बाजार,मुण्डेरा बाजार,चौरा, बाल खुर्द महुआबारी आदि जगहों पर मच्छरों का प्रकोप इस समय काफी बढ़ गया है। दिन हो या रात, मच्छरों के डंक से बचना मुश्किल हो रहा है। मच्छरों के प्रकोप से लोगों में मलेरिया, डेंगू मस्तिष्क ज्वर जैसी घातक बिमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि मच्छरों के प्रकोप से दुकानदारों को दुकानों पर बैठना मुश्किल हो रहा है।रात को नींद हराम हो गई है।लोगों का कहना है कि नगर के किसी भी मुहल्ले में मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए काफी दिनों से नगर के किसी भी मुहल्ले में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव नहीं हुआ है। जिससे लोगों में संक्रामक बिमारियों के फैलने का भय बना हुआ है।

उक्त के संबंध में जहां अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि ठंड का मौसम बीतने के बाद मच्छरों का प्रकोप बढ़ू जाता है।इसको ध्यान में रखते हुए नगर के प्रत्येक मुहल्लों में आज से लगायत अगले लगभग चार महीनों तक फागिंग का कार्य कराया जायेगा। तो वही नगर पंचायत अध्यक्ष चौरीचौरा सन्नी जायसवाल ने कहा कि मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए हर मुहल्लों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराया जायेंगा।

## एसएसपी ने जनता की समस्या सुनी

**इटावा।** एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतों को ग्सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# बारात घर को मदरसा बनाने की आशंका पर हड़कंप, एसडीएम ने रुकवाया काम

**चकरनगर, इटावा।** थाना चकरनगर के तकिया मोहल्ले में निमार्णाधीन बारात घर को मदरसा बनाए जाने की आशंका पर मंगलवार को कस्बे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नसीब खां नामक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर एसडीएम कार्यालय ले गई। मामले को लेकर दिनभर राजनीतिक सरगर्मी भी बनी रही।

बताया गया कि मुस्लिम तकिया मोहल्ले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह कार्यक्रमों के लिए एक बारात घर का निर्माण कराया जा रहा था।इसी बीच कुछ लोगों को संदेह हुआ कि भवन को बिना अनुमति मदरसा के रूप में तैयार किया जा रहा है। इस पर आरएसएस और भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की जानकारी ली। मौके से नसीब खां को पूछताछ के लिए साथ ले जाया गया। बाद में उन्हें एसडीएम ब्रह्मानन्द सिंह कठेरिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया।एसडीएम ने बताया अल्पसंख्यक समुदाय के तीन लोगों से पूछताछ की गई, जिन्होंने स्पष्ट किया कि भवन का निर्माण बरातघर के रूप में किया जा रहा था।इसके बावजूद प्रशासन ने हिदायत दी है कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के किसी प्रकार का संस्थागत निर्माण न किया जाए।फिलहाल निर्माण रुकबा दिया गया। बलराम मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक चकरनगर ने बताया कि कुछ लोगों के द्वारा बताया गया कि मदरसा बनवाया जा रहा है, जिसे रोका गया और एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। उन्होंने बताया कि कमरा बना रहे हैं, फिलहाल काम रोक दिया गया है।

# गड्ढों में तब्दील हुआ इंटरलॉकिंग सड़क मार्ग

● **साहब! आखिर कब तक अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाएगा यह सम्पर्क मार्ग**

**आरएसमिश्र/ गोला, गोरखपुर।** प्रदेश की कमान संभालने के बाद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा किया था कि प्रदेश की सभी सड़के गड्ढा मुक्त होगी। लेकिन उनकी यह घोषणा जिम्मेदारों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैये के कारण नगर पंचायत गोला के विस्तारित क्षेत्र अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सड़क के लिए हवा-हवाई साबित हो रहा। जिसको लेकर क्षेत्रीय जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क का नव निर्माण कराने की मांग किया है। बता दें, नगर पंचायत गोला अन्तर्गत गोला-कौड़ीराम मार्ग को सब्जी मंडी पेट्रोल पंप से रामगरीब काली प्रसाद इंटर कालेज अतरौरा होते हुए गोला से उरूवां रामजानकी मार्ग को जोड़ता है। यह मार्ग नगर पंचायत के कौड़ीराम व उरूवां रोड के बीच बाईपास मार्ग का भी कार्य कर रहा है। उरूवां मार्ग से नगर पंचायत स्थित सब्जीमण्डी या कौडीराम मार्ग पर आने के



लिए यह बहुत ही सरल व सुगम रास्ता है। डेढ दशक पूर्व तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य घनानंद यादव ने जिला पंचायत निधि से इस मार्ग को इंटरलॉकिंग कराया था। लेकिन देखरेख व मरम्मत के अभाव में यह सम्पर्क मार्ग जगह-जगह टूटकर गड्ढो में तब्दील हो गया है। जिस कारण अक्सर इस मार्ग पर साइकिल व दो पहिया से गिरकर चोटहिल होते रहते है तथा चार पहिया क्षतिग्रस्त होता रहता है। स्थानीय नागरिक पूर्व जिपसं घनानंद यादव, पूर्व प्रधान तेज बहादुर चंद, समाजसेवी मनीष उर्फ रिंकू तिवारी व गणेश गुप्ता आदि ने बताया कि वर्षो से यह सड़क बदहाल है। अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी ना तो नगर पंचायत ने ना कोई सुनवाई की और ना ही जनप्रतिनिधियों ने ही कोई सुनवाई की। जिसको लेकर नगर प्रशासन एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के उदासीनता को लेकर लोगो में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क मार्ग के नव निर्माण की मांग किया है।

बैभव चौधरी, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गोला का कहना है कि अभी उस मार्ग को लेकर वोर्ड से कोई प्रस्ताव नही आया है। सड़क खराब होने की जानकारी है। वैकल्पिक रूप से ठीक कराने का प्रयास है। आगामी वोर्ड बैठक में प्रस्तावित कराकर कर समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। लालती देवी, अध्यक्ष, नगर पंचायत गोला का कहना है कि जानकारी में नही था अधिशाशी अधिकारी एवं नगर कर्मीयों को भेजकर जांच कराते हैं अगली बोर्ड बैठक में प्रस्तावित कर जल्द से जल्द निर्माण कराया जाएगा।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड-अयोध्या**

पत्रांकः-224 /न.नि.ख.अयो./अधि0अभि0/निविदा /2025-26/ दिनांक 20 फरवरी, 2026

**अल्पकालीननिविदा संख्या-06/अधि0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 1750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना (नाबार्ड पोषित) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक अल्पकालीन निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 10.03.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 10.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 28.02.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 09.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा (नग) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी.एस.टी. (रू. में)+ स्टेश्नरी | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Lot No. 01 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Ayodhya store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 110 घन मीटर | 9.46 | 19000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) +500.00 | 15 दिवस | 'A' अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 02 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Amedkarnagar store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 105 घन मीटर | 9.45 | 19000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) +500.00 | 15 दिवस | 'A' अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 03 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Amethi store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 105 घन मीटर | 9.14 | 19000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) +500.00 | 15 दिवस | 'A' अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 04 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Sultanpur store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 105 घन मीटर | 9.14 | 19000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) +500.00 | 15 दिवस | 'A' अथवा उच्च श्रेणी |

निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

UPID-246980 Date: 25.02.26
Website : www.upgov.nic.in

(विजय कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

संक्षेप

## ईदगाह मोहल्ले में लाखों की चोरी

लखीमपुर खीरी। मोहल्ला ईदगाह में मंगलवार रात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया।मोहल्ला निवासी शुभम सिंह पुत्र संजय सिंह ने बताया कि चोर सेफ अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखी सोने की चेन, झुमके, नाक की बाली, पायल समेत अन्य जेवर और करीब तीन लाख रुपये की नकदी उठा ले गए। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी, एएसपी पवन गौतम, कोतवाल राजेश सिंह और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

## होली की भूमि पर दबंगों का अवैध कब्जा

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव बिचपरी में होली की जगह को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था जिसके चलते ग्रामीणों ने एकजुट होकर अवैध कब्जा हटाने को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष अचानक तहसील सभागार में पहुंच गए जिससे अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए आनंन-फानन में विवाद के निस्तारण को लेकर पुलिस बल के साथ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। बुधवार को होलिका दहन के स्थान पर अतिक्रमण के चलते गांव के हंसराम, सुनील ,कुमार रिभू विमल रोहित राजेश समेत भारी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने संयुक्त रूप से सभागार में पहुंचकर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर त्वरित न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है 30 वर्षों से अतिक्रमण को लेकर विवाद चल रहा है अधिकारी और क्षेत्रीय लेखपाल की उदासीनता के चलते मामला दबा दिया जाता है चिह्नित भूमि पर दबंगों द्वारा स्थाई दुकानों का निर्माण कर लिया गया है। एसडीएम सीओ अरुण कुमार सिंह निरीक्षक उमेश चौरसिया पुलिस बल और राजस्व टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दूसरी जगह पर भूमि चिन्हित कर होली रखवा दी है उनका कहना है त्योहार संपन्न हो जाने के बाद स्थाई रूप से अवैध कब्जा हटाए जाने के लिए कार्यवाही की जाएगी।

## यादव समाज ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

धौरहरा खीरी। एक फिल्म रिलीज होने वाली जिसका टाइटल है यादव जी की लव स्टोरी।जी हां इस फिल्म में पात्रो द्वारा किए जा रहे वातालर्िप में यादव समाज के साथ साथ अन्य वर्ग की जनभावनाओं को आहत करने का प्रयास किया है।इसी प्रकार फिल्म के प्रदर्शन होने से पहले यादव समाज के सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बुधवार को एसडीएम धौरहरा को सौंपा गया। जानकारी के मुताबिक देश में रिलीज होने वाली फिल्म यादव जी की लवस्टोरी प्रकाशन होने से पहले विवादों की श्रेणी में आ गई है।इसी कडी में बुधवार को यादव समाज के सैकड़ों लोगों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि फिल्म निर्देशक ने समाज को अपमान जनक व व्यंग्यात्मक ढंग से प्रस्तुत करने की आशंका के चलते सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे व संविधान में प्रदत्त अधिकारों जाति, धर्म,वर्ण व वर्ग के लिए अपमान जनक व नकारात्मक भाषा का प्रयोग किया गया जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद समाज के लोगो की मौजूदगी रही।

# अंकित और शिवानी को मिला एथलीट चैंपियन का खिताब



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय 57वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का बुधवार को शानदार समापन हुआ। समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अंकित कुमार और छात्रा शिवानी को एथलीट चैंपियन का खिताब मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मंगलवार को इस दो दिवसीय समारोह का भव्य शुभारंभ श्रम एवं रोजगार उपायुक्त डॉ. अमित सिंह परिहार ने किया था। बुधवार को द्वितीय दिवस के समापन सत्र की शुरूआत विधायक अमन गिरि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा सरिता देवी को प्राचार्य के पिता की स्मृति में शुरू किया गया प्रो. पारस नाथ सिंह स्मृति मेधा पुरस्कार 2025 विधायक के हाथों प्रदान किया गया। वहीं, सुखविंदर सिंह उर्फ लड्डू भाई और पुनीत साहनी ने चैंपियंस को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अमन गिरि ने खिलाड़ियों को खेल अनुशासन का महत्व बताया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय व नगर का नाम रोशन करें। प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हमारे चरित्र का अंग बनती है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए क्रीड़ा प्रभारी डॉ. नवनीत कुमार को बधाई दी। डॉ. नवनीत ने भी छात्रों को खेलों की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। समापन सत्र में डिस्कस थ्रो, 100 और 400 मीटर दौड़ के फाइनल मुकाबले हुए। 100 मीटर रेस (छात्र वर्ग) के फाइनल में आशीष कुमार ने प्रथम और शिवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर अवधेश मिश्रा, प्रबंध समिति सदस्य बलविंदर सिंह काके, बृजकिशोर, योगेश, दृगपाल सिंह, श्याम सिंह, संतोष वर्मा, गोला देहात के प्रधान राजेश गिरि, जिला पंचायत सदस्य तौहीद खां, दिलबाग सिंह, संजय सिंह समेत समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- सीजीएन डिग्री कॉलेज का 57वां क्रीड़ा समारोह संपन्न

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन 28 को

मीरजापुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे संचालित जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन 28 फरवरी को जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय परसिया विंध्याचल में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य थीम भारत सरकार द्वारा विज्ञान में महिलाएं, विकसित भारत को गति देने वाली निर्धारित किया गया है। इस आशय की सूचना देते हुए सुशील कुमार पाण्डेय जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उदेश्य भारत के महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन के भौतिक विज्ञान की खोज रमन इफेक्ट एवं इसके लिए प्राप्त नोबेल पुरस्कार को यादगार बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है।इस कार्यक्रम मे छात्रों को प्रयागराज से आये विषय विशेषज्ञ डॉक्टर ओ पी गुप्ता सेवा निवृत भौतिकी प्रवक्ता द्वारा विज्ञान के सरल प्रयोगों का प्रदर्शन एवं उनके वैज्ञानिक सिद्धांतो को बताया जायेगा। प्रयागराज से ही आये दूसरे विशेषज्ञ प्रमोद कुमार द्वारा मॉडल रॉकेटरी के सिद्धांत एवं प्रयोग की व्यख्या ,एवं अंध विश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक प्रयोग करके दिखाए जाएगे।छात्रों को सर सीवी रमन के जीवन एवं शोध पर आधारित फिल्म दिखाई जाएगी।छात्रों द्वारा विज्ञान मॉडल का भी प्रदर्शन किया जायेगा।पोस्टर एवं सामान्य विज्ञान प्रश्नोत्री का भी आयोजन किया जायेगा। प्रतिभागी छात्रों को जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

## छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक फरार

पलिया कलां खीरी। ब्लॉक पलिया के अंतर्गत चन्दन चौकी के कम्पोजिट विद्यालय में कार्यरत बुलंद शहर निवासी शिक्षक सुनील कुमार का कारनामा उजागर होते ही मामले को अंदर ही अंदर निपटाने मे लगा प्रिंसिपल प्रधान समेत पूरा बीआरसी अमला अब सफाई की दुहाई देता नजर आ रहा है। बताया जाता है पिछले एक वर्ष से विद्यालय मे तैनात शिक्षक सुनील कुमार गाँव की आदिवासी भोली भाली लड़कियों को सफाई एवं शिक्षा देने के उद्देश्य से अपने किराये के कमरे पर बुलाकर पोर्न विडिओ दिखाते हुए अश्लील हरकतों को अंजाम देता था । जिसकी शिकायत करने की हिम्मत किसी भी बच्चों मे नही थी क्योकि लॉ की डिग्री हासिल करने वाले शिक्षक का भौकाल विद्यालय से लेकर बीआरसी तक टाइट था मगर प्रताड़ना का दंश झेल रही थारू बालिकाओं का दर्द असहनीय होकर माँ बाप तक पहुचा जिसे सुनकर दंग माँ बाप ने आरोपी शिक्षक की शिकायत प्रिंसिपल वेद प्रकाश से 20 फरवरी 2026को की मामले को बढ़ता देख प्रिंसिपल ने गाँव के प्रधान रामसहाय को इससे अवगत कराया ।मगर बात सोचने वाली है कि जब उक्त घटना कि जानकारी बीस तारीख को हो गयी थी उस वक्त आरोपी शिक्षक विद्यालय में ही मौजूद था फिर आखिर उस वक्त कार्यवाही क्यो नहीं कि गयी।

## आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के सिसैया-ढखेरवा हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब तीन बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया। घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। कस्बा धौरहरा स्थित निगम बिल्डिंग मेटेरियल के सामने सिसैया चौराहे की ओर से आ रही बाइक और सामने से आ रही दूसरी बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार लवकुश पुत्र अंबिका निवासी गौरिया थाना पढुवा, सचिन पुत्र अज्ञात , रीसू पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम ढखरा थाना तंबौर, जिला सीतापुर तथा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी अमेठी में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को सीएचसी धौरहरा पहुंचाया। सीएचसी अधीक्षक रवि सिंह ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति के चलते जिला मुख्यालय रेफर किया गया है। हादसे के समय कोई भी युवक हेलमेट नहीं पहने था, जिससे चोटें अधिक गंभीर हुईं।

## राइस मिलों का नियमित निरीक्षण करें

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की समीक्षा बैठक हुई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सभी क्रय संस्थाओं के कुल 160 क्रय केंद्रों पर, निर्धारित धान क्रय लक्ष्य 160000 मीवटन के सापेक्ष अब तक 162082.762 मीवटन धान खरीद 28761 किसानों से हुई है। जनपद में हुई धान खरीद के सापेक्ष 52.24: सीएमआर का संप्रदान राइस मिलों द्वारा एफवसीव एफसीआईव में किया गया है। जनपद में सी0एम0आर0 भंडारण हेतु पर्याप्त भंडारण क्षमता उपलब्ध न होने के कारण भारतीय खाद्य निगम में सी0एम0आर0 संप्रदान तथा क्रय केंद्रों से राइस मिलों को धान के प्रेषण की गति धीमी होने के संबंध में अवगत कराया गया, साथ ही मोहाव एवं केराकत के गोदामों को भारतीय खाद्य निगम द्वारा अविलंब सक्रिय कराये जाने का अनुरोध किया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मंडलीय प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, वाराणसी को जनपद में स्थित सभी गोदामों को पूर्ण क्षमता के साथ प्रतिदिन प्रचालित कराये जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य गोदामों को चिह्नित कर यथाशीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को दिये गये।

प्रबंधक एस0डब्लू0सी0, किरतापुर को जनपद के सभी डिपो पर प्रतिदिन अधिकाधिक श्रमिकों का प्रबंध कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न का उठान एवं सीएमआर संप्रदान तेज गति से कराने के निर्देश दिये गये।जिलाधिकारी द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों व विपणन निरीक्षकों को राइस मिलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर सीएमआर का संप्रदान तीव्र गति से कराये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही केंद्रों पर भंडारित धान की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित कराते हुए राइस मिलों को धान का प्रेषण तीव्रता से कराने हेतु सचेत किया गया।

## शिक्षण अधिगम सामग्री पढ़ाने का प्रभावी माध्यम

जौनपुर। शिक्षण अधिगम सामग्री पढ़ाने का साधन ही नहीं बल्कि शिक्षको के बीच आदान प्रदान का प्रभावी माध्यम भी है। यह शिक्षा को अधिक मनोरंजन तथा सुगम बनाता है। उक्त बातें मछलीषहर खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल ने बुधवार बीआरसी पर नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम में कहा।



डॉक्टर संतोष तिवारी ने प्रतिभागियों को अपना विचार साझा करते हुए बताया कि शिक्षण अधिगम सामग्री के माध्यम से अपने ज्ञान, नवीन विचार और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सकते हैं। इस दौरान एआरपी जंग बहादुर यादव, अखिलेश यादव, राकेश यादव ने विषय वस्तु पर विस्तार से बताया। इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री के साथ डेमो किया गया। मंद्रिका मौर्या, अनुराधा मौर्या, डॉक्टर अफसाना बानो, रेनू यादव, प्रियंका यादव ने प्रस्तुतिकरण किया।

## बिना वैध कारण के आवेदन अस्वीकृत न करें

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा बैंकवार सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि जिन बैंक शाखाओं के द्वारा बिना किसी वैध कारण के सबसे अधिक आवेदन अस्वीकृत किया गया है, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही पीएम स्वनिधि योजना की भी समीक्षा की और अधिक से अधिक आवेदन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गये। अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 परमानंद झा, एलडीएम अभय श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त उद्योग जय प्रकाश, प्रबन्धक गौरव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सुयश शुक्ला का केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद प्रतियोगिता में चयन

पलियाकलां खीरी। गुरुकुल एकेडमी, पलिया खीरी के लिए अत्यंत हर्ष व गर्व का विषय है कि विद्यालय के पूर्व छात्र सुयश शुक्ला का केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में चयन हुआ है। वर्तमान में आर जी एस मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, लखनऊ में बी ए एम एस द्वितीय वर्ष के छात्र सुयश शुक्ला ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और शोध के प्रति समर्पण से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। इस सफलता ने सुयश के माता-पिता गुरु जनों व विद्यालय को गौरवान्वित किया है। सुयश के विद्यालय शिक्षकों के अनुसार वह शुरू से ही मेधावी व अनुशासित छात्र रहा है। छात्र सुयश के अनुसार कक्षा 12 तक छात्र जीवन में ही बच्चों की ज्ञान रूपी नींव मजबूत हो जाती हैं। आगे की कक्षाओं में परिश्रम कर बच्चों को अपनी बेसिक नॉलेज को निखारना होता है तथा उसका विस्तृत रूप पढ़ना होता है। अतः वह अपनी सफलता के लिए अपने सभी गुरुओं व माता-पिता के आशीर्वाद तथा कठिन परिश्रम को श्रेय देते हैं। विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला ने सुयश व उसके माता-पिता को बधाई देते हुए सुयश के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को ऐसे बच्चों से प्रेरणा लेने तथा उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।



## लूट का खुलासा तीन बदमाश गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। पसगवां पुलिस ने लूट की घटना का अनावरण किया है।



मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया हैं। उन लोगों के पास से 4500 रुपए नगद, मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया है।

एएसपी अनिल राय, सी ओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक जितेंद्र ने संयुक्त रूप से बताया दूध विक्रेता के साथ 21 फरवरी को 2 बजे बाइक से वापस जाते समय लूट की घटना हुई थी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी इसके चलते मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर रात 12 बजे करीब मोहम्मदी पसगवां बॉर्डर से जीशान निवासी सिधौली जिला शाहजहांपुर सुमित उर्फ गुल्लू निवासी मुकुंदपुर पार्ट 2 नई दिल्ली और अवधेश यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बाइक और 4500 रुपए नकद बरामद हुए हैं। लूट की घटना के लिए की रेकी बहनोई अवधेश ने की थी अधिकारियों ने घटना के अनावरण में जितेंद्र प्रताप सिंह राजू सागर आरक्षी विशाल कुमार धर्मेंद्र सिंह राहुल कुमार इंद्र राज को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

## अपहरण के दोषी को 4 वर्ष का कारावास

सोनभद्र। करीब साढ़े 7 वर्ष पूर्व 14 वर्ष 4 माह की नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशः विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी मनोज प्रजापति को 4 बर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 7 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 5 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कोन थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने कोन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 4 अक्तूबर 2018 को सुबह 9 बजे जब वह स्कूल पढ़ने जा रही थी तभी उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर मनोज प्रजापति पुत्र रामविलास निवासी खेमपुर टोला धौरहरा, थाना कोन, जिला सोनभद्र अपने घर के बक्से में बंद करके रखा था। जब घर के लोग मनोज प्रजापति के घर गए तो लड़की बक्से के अंदर से बेहोशी हाल में मिली। इस तहरीर पर कोन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी मनोज प्रजापति (32) वर्ष को 4 वर्ष का कठोर कारावास एवं 7 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 5 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

## शराब पीने से वृद्ध की मौत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में हाईवे पर शराब की दुकान के पास अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी है। शिनाख्त करने पर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। गांव काशीपुर थाना पसगवां निवासी संजू ने बताया उसके चाचा शेरू 60 वर्षीय के परिवार में कोई नहीं था इसके चलते वह मंगलवार से घर से निकल गए थे शाम को वापस नहीं लौटे गुरुवार को उनके मृत पड़े होने की सूचना मिलने पर मोहम्मदी पहुंचकर पहचान की है जिनके भोजन आदि की व्यवस्था हम सभी लोग करते थे शराब पीने के आदी थे जिसके चलते वह भटकते हुए मोहम्मदी पहुंच गए जहां उन्होंने अधिक शराब पीने लेने के चलते उनकी मौत हो गई सूचना पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करने पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## माँ-बेटी की लाठी-डंडों से पिटाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के भूतनाथ फाटक इलाके में मामूली रंजिश को लेकर एक महिला और उसकी बेटी को लाठी-डंडों से पीटने का मामला सामने आया है।भूतनाथ फाटक निवासी सुशीला का आरोप है कि 21 फरवरी की रात पड़ोस के सूरज और उसकी पत्नी तमन्ना से विवाद हुआ था। 22 फरवरी की सुबह दोनों ने अपने रिश्तेदारों श्रीराम और शीबू को बुलाकर सुशीला और उसकी बेटी काजल को लाठी-डंडों से जमकर पीटा। शोर सुनकर पड़ोसियों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने 4 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गाली गलौज का विरोध करने पर शराबी ने की पिटाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहेरवा में शराब के नशे में गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक युवक और उसकी मां ने पड़ोसी पर हमला कर दिया।

मारपीट में युवक का सिर फट गया, जबकि बीच-बचाव करने आई उसकी भाभी को भी चोटें आईं। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम बहेरवा निवासी दरबारी लाल के अनुसार, 24 फरवरी की शाम करीब 4 बजे पड़ोस का पप्पू शराब पीकर उसे गालियां दे रहा था। जब दरबारी ने इसका विरोध किया, तो पप्पू और उसकी मां रामगुनी ने उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई दरबारी की भाभी नीलम देवी को भी आरोपियों ने पीटा, जिससे उनके पैर में चोट आई है। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सास की मौत के बाद बहू ने भी दम तोड़ा

जौनपुर। सास-बहू के रिश्तें जहां बिगड़ते जा रहे है वहीं लगाव कम ही देखने को मिलता है। कई वर्षों से अस्वस्थ सास की देखभाल करने वाली बहू उनके निधन का दुःख सहन नहीं कर सकी। एक घंटे के भीतर ही रोते-रोते उसने भी दम तोड़ दिया। रामपुर थाना क्षेत्र के भरथीपुर गांव में यह घटना चर्चा का विषय बन गई है। गांव के स्व. राजनाथ सिंह का भरा-पूरा परिवार है। उनकी 77 वर्षीय पत्नी विमला देवी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहीं थीं। उपचार के दौरान दोपहर में घर पर ही उनका देहांत हो गया। उनकी देखरेख करने वाली बहू 50 वर्षीया निशा सिंह पत्नी अशोक सिंह को गहरा सदमा पहुंचा। रोते-रोते एक घंटे बाद वह बेसुध होकर गिर गईं। परिजन निशा सिंह को आनन-फानन एक निजी अस्पताल ले गए। डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## लाठी-डंडों से हमला कर सिर फोड़ा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुनर्भुग्रन्ट में घर के बाहर गाली-गलौज का विरोध करने पर पड़ोसियों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में एक व्यक्ति का सिर फट गया, जबकि महिला व उसकी बेटी को भी चोटें आईं। पुलिस ने तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।पुनर्भुग्रन्ट निवासी सीता देवी के अनुसार, 23 फरवरी की रात करीब 11.30 बजे पड़ोसी संजय उनके घर के बाहर गालियां दे रहा था। बेटी प्राची के मना करने पर संजय, उसकी पत्नी संतोषी और बेटी मुस्कान ने उसे पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने गईं सीता और उनके जेठ घनश्याम पर भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे घनश्याम लहूलुहान हो गए। जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## हमले में तीन घायल, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरगदिया में रंजिशन दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें तीन लोगों को चोटें आई है शिव शंकर की हालत गंभीर बताई गई है। बरगदिया निवासी मंजू देवी पत्नी शिव शंकर लाल का आरोप है कि रामकुमार उर्फ गुड्डू, सूरज कुमार, सुशील व मुन्ना पुत्र रामस्वरूप ने एक राय होकर लाठी-डंडों एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में रेनू देवी, नीलकमल और शिव शंकर लाल घायल हो गए, जिनमें शिव शंकर लाल की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मंजू देवी की तहरीर पर चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लखनऊ ने मुगलसराय रेलवे को 4 विकेट से दी मात



ओबरा, सोनभद्र। स्थानीय गांधी मैदान में खेल प्रेमियों का उत्साह सातवें आसमान पर है। यहाँ चल रहे प्रतिष्ठित 23वें सोनांचल कप के चौथे दिन लखनऊ और मुगलसराय रेलवे के बीच एक बेहद कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंतत लखनऊ की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मुगलसराय को पटखनी देकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

मैच की शुरूआत में मुगलसराय रेलवे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का साहसिक निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवरों के खेल में मुगलसराय की पूरी टीम 24.1 ओवर में 151 रन बनाकर सिमट गई। योगेश राणा 45 गेंदों पर 49 रन (4 चैके, 1 छक्का) बनाकर टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे। सिद्धांत पाठक 23 गेंदों पर तेज 28 रनों का योगदान दिया। लखनऊ की गेंदबाजी अमरेंद्र तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि आकाश यादव ने 5 ओवर में महज 18 रन देकर 2 सफलताएं हासिल कीं। 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम ने सधी हुई शुरूआत की। हालांकि बीच में विकेट गिरे, लेकिन बल्लेबाजों ने धैर्य नहीं खोया और 24.1 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। अमित गुप्ता 51 गेंदों पर 48 रनों की सूझबूझ भरी पारी खेली। मुरारी 30 गेंदों पर महत्वपूर्ण 33 रन जोड़े। गेंदबाजी (मुगलसराय) विनोद कुमार और सिद्धांत पाठक ने 1-1 विकेट लिया, लेकिन वे लखनऊ को जीत से रोकने में नाकाम रहे।प्रतियोगिता के चैथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी अभियंता (सिविल) ईव सदानंद यादव मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना की प्रशंसा की। लखनऊ के ऑलराउंडर अमरेंद्र तिवारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नाइन स्टार ओबरा के सीनियर खिलाड़ियों द्वारा मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच को सुचारू रूप से संपन्न कराने में निर्णायक रोशन सिंह और सूर्यप्रकाश चैरसिया की अहम भूमिका रही। कमेंट्री के माध्यम से संकट मोचन झा और राजू यादव ने दर्शकों को बांधे रखा। इस अवसर पर अवर अभियंता ईव शेषनाथ यादव, आयोजन सचिव संकट मोचन झा, उपाध्यक्ष राजू यादव सहित कलीम खान, अरविंद यादव गप्पू, और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अगले चरण में कल सोनपुर रेलवे (बिहार) का सामना एनआर रेलवे (वाराणसी) से होगा। यह मैच टूनामेंट के सबसे प्रतीक्षित मुकाबलों में से एक माना जा रहा है।

## गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 घोषित




लखीमपुर खीरी। रबी विपणन वर्ष 2026, 27 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। गत गत वर्ष रवि विपणन वर्ष 2025,26 से ?160 प्रति कुंतल अधिक है। कल 444 कृषकों द्वारा पंजीकरण किए गए हैं केंद्र प्रभारियों को कृषकों के मध्य प्रचार प्रसार एवं कृषकों के पंजीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस संदर्भ में जिला खाद्य विपणन अधिकारी नमन पाण्डेय ने बताया कि कृषकों की सुविधा के लिए कुल 134 गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र जिलाधिकारी के अनुमोदन पर बनाए गए हैं। जिले की तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत खाद्य विभाग 28, पीसीएफ 39, पिसीयू 40, यू पी एस एस 14, भा खा निगम के 13 केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। तहसील लखीमपुर सदर में 182, गोला में 94, पलिया 08, मोहम्मदी 50, मितोली 46, निघसान 44, धौरहरा में किसानों का पंजीकरण किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत क्रय केन्द्रो पर बिक्री हेतु कृषक को खाद्य विभाग के पोर्टल अथवा विभाग के मोबाइल एप अप किसान मित्र पर पंजीयन करना अनिवार्य है।

## तीन विद्यार्थी यूजीसी नेट में सफल

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के तीन मेधावी छात्रोंकृसाक्षी मौर्य, आकाश चतुवेर्दी एवं सांची सुदासकृने दिसंबर 2025 में आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि विभाग की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक परंपरा का भी प्रमाण है। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की अपेक्षा व्यक्त की। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, डीन प्रो. राजेश शर्मा, पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार पाण्डेय, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद यादव सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं संकायाध्यक्षों ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## एक मार्च को होगा विकसित भारत युवा संसद

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार, रज्जू भईया संस्थान में 01 मार्च, को ह्वविकसित भारत युवा संसद-2026ह्व के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षकत्त्व में संपन्न होगा।इस वर्ष युवा संसद का विषय ह्वआपातकाल के 50 वषरू भारतीय लोकतंत्र के लिए सीखह्व निर्धारित किया गया है। मुख्य अतिथि एवं ज्यूरी सदस्य के रूप में बृजेश सिंह, सदस्य विधान परिषद्, उपस्थित रहेंगे। अन्य ज्यूरी सदस्यों में नितीश पाण्डेय, डॉ. पंकज कुमार, जिला सूचना अधिकारी, भदोही, डॉ. राज बहादुर यादव, पूर्व कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा डॉ. श्याम कन्हैया शामिल होंगे।

संक्षेप

## बाइक सवार महिला गिरकर घायल

हलिया मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ददरी बांध के पास बुधवार दोपहर बाइक पर अपने बच्चे को लेकर पीछे बैठी महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पड़रिया गांव निवासी 21 वर्षीय सुमन अपने ससुर लालचंद के साथ बाइक से बेदउर गांव, अपने मैके जा रही थी। बाइक ददरी बांध से नीचे उतरते समय सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक अन्य बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इस दौरान पीछे बैठी सुमन अपने बच्चे सहित सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसे के बाद ससुर ने घायल बहू और बच्चे को तत्काल बाइक से ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ. आलोक सिंह ने प्राथमिक उपचार करते हुए महिला की गंभीर चोट को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया इस संबंध में डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि सुमन के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है, जिसके कारण उसे ट्रामा सेंटर भेजा गया है। वहीं बच्चे के सिर में हल्की चोट आई है और उसकी हालत सामान्य है।

## मांगो व बघुआरी में ग्राम चौपाल 26 व 27 को

सोनभद्र। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी जगदीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन कर कृषकों के फीडबैक प्राप्त कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर सूचना निदेशालय पर उपलब्ध कराने के निदेश प्रदत्त है। उक्त के अनुपालन में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सोनभद्र द्वारा ग्राम चैपाल अयोजित की जानी है। उन्होंने बताया की तहसील राबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत मांगों में 26 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे व ग्राम पंचायत बघुआरी में 27 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे ग्राम चैपाल का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया की अधिकारी / सहायक चकबन्दी अधिकारी उपरोक्त ग्रामों में ग्राम चौपाल के समय चकबन्दी ध्चकबन्दीकर्ता/चकबन्दी लेखपाल समस्त अभिलेखों सहित उपस्थित रहेगें।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह संपन्न

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर स्थित बीआरडी राजकीय पीजी कॉलेज दुद्धी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा बुधवार को सम्पन्न हो गया।क्रीड़ा प्रभारी राजेश भारती ने बताया कि दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह में आज दूसरे दिन 500 मीटर दौड़ में मनीष, अमित और रविंद्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि गोला प्रक्षेप छात्र वर्ग में आशीष, समशाद तथा प्रियांशु रहे। गोला प्रक्षेप छात्रा वर्ग में आकृति, प्रकृति और दिव्यांका, भाला फेंक में खुशी, आकृति तथा संध्या ने स्थान प्राप्त किया। इसी तरह रस्सा -कस्सी,लम्बी कूद, उच्ची कूद का आयोजित किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि दुद्धी बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा, नव निर्वाचित सचिव दिनेश कुमार शामिल रहे।इस मौके पर प्राचार्य डॉ रामसेवक सिंह यादव, डॉ अजय कुमार, डॉ मिथलेश गौतम, डॉ विवेकानंद, डॉ सचिन, डॉ दिनेश चंद, डॉ गीता सहित अन्य मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा



आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की माह जनवरी 2026 की शासन स्तर से जारी ग्रेडिंग/रैंकिंग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मण्डलायुक्त ने पीएम सूर्य योजना की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों को जागरूक करते हुए योजनान्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराने के निर्देश दिये। उन्होने सड़क निर्माण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करते हुए ग्रेडिंग/रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिये। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्परता से कार्रवाई करते हुए रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी बलिया बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि बैंक स्तर पर लम्बित आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारित करते हुए अधिक से अधिक पात्र युवाओं को ऋण उपलब्ध कराया जाए। दैनिक विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि मानक के अनुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युति आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत पंजीकृत किसानों के सापेक्ष दावा करने वाले किसानों का फसल बीमा का लाभ नियमानुसार दिया जाए। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने फसल बीमा योजनान्तर्गत किये गये क्लेम के सापेक्ष कितने किसानों को लाभ दिया गया, इसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा किसानों को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही कार्यों में अपेक्षित सुधार करने हेतु बार-बार निर्देश देने के बाद भी कार्यों में सुधार होने पर मण्डलायुक्त ने उप कृषि निदेशक आजमगढ़ का स्पष्टीकरण लेते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिये। बैठक में उप कृषि निदेशक, बलिया बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि पीएम कुसुम योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पात्र किसानों को सोलर पम्प के लिए आवेदन करायें एवं सोलर पम्प स्थापित कराकर मण्डल के तीनों जनपद की रैंकिंग/ग्रेडिंग में सुधार लायें। मण्डलायुक्त ने ग्राम्य विकास से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

## कांशीराम आवास की बत्ती गुल, किया प्रदर्शन



आजमगढ़। शहर के पुरानी जेल के पास स्थित डीएवी कांशीराम आवास में बीते तीन दिनों से बिजली और पानी की आपूर्ति ठप होने से आक्रोशित लोगों का सब्र आखिरकार टूट गया। बुधवार को बड़ी संख्या में आवास की महिलाएं और पुरुष सड़क पर उतर आए और चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें सरकार की योजना के तहत मुफ्त आवास तो मिला, लेकिन अब बिजली विभाग की ओर से भारी-भरकम बिजली बिल का दबाव बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जेई द्वारा 8 से 10 लाख रुपये तक के बकाया बिजली बिल जमा करने की बात कही जा रही है, तभी बिजली कनेक्शन दोबारा जोड़े जाएंगे। आवासवासियों ने बताया कि तीन दिनों से बिजली नहीं होने के कारण पानी की आपूर्ति भी बाधित है, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही शहर कोतवाल मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। घंटों चले हंगामे के बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात बहाल किया गया। पुलिस ने संबंधित विभाग से वार्ता कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

## नशीला पदार्थ खिलाकर साढ़े तीन लाख लूटे

जौनपुर। जहर खुरानी गिरोह ने दवा व्यापारी को नशीला पदार्थ खिलाकर सोने की चेन अंगूठी लूट लिया और झाड़ी में फेंक कर फरार हो गये। बताते है कि षहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भंडारी 61 वर्षीय निवासी शोभा नाथ साहू बुधवार सुबह अपने रिश्तेदारी मिजार्पुर जाने के लिए लाइन बाजार थाना क्षेत्र में स्थिति जेसीज चैराहे पर बस पकड़ने के लिए खड़े थे कि एक व्यक्ति उनसे मिला और बात करते-करते अपना विश्वास जमा लिया। अज्ञात व्यक्ति द्वारा खुद को मिजार्पुर जाने की बात बताकर कार में बैठा लिया। कार जब मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र श्री गांव के पास से गुजर रही थी उसी समय इन्हें नशीला पदार्थ खिलाकर अचेत कर 20 ग्राम सोने की चेन तथा 4 ग्राम तक सोने की तीन अंगूठियां उतार लिया और जेब में रखे ?12000 भी लूट लिया। इसके बाद उन्हें ग्राम पंचायत श्री गांव के पास झाड़ियो फेंक कर अपनी कार लेकर फरार हो गये। कुछ देर बाद गांव के कुछ बच्चे खेलते हुए पहुंचे तो देख कर शोर मचाया। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर में एक व्यक्ति द्वारा इस घटना की जानकारी मडियाहू पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। झाड़ी में से दवा कारोबारी को बाहर निकाल कर जेब में मिली हुई डायरी से इनके घर पर फोन कर बताया गया। घरवाले पहुंच कर उन्हें जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है जहां उनका इलाज चल रहा है। लुटेरों का हौसला इतना बुलंद हो गया है कि अब राहगीर को भी नहीं छोड़ रहे हैं। सोने की चेन और अंगूठी की अनुमानित कीमत लगभग साढ़े तीन लख बताई गई है।

## शंकराचार्य पर मुकदमे के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

जौनपुर। ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों पर यौन शोषण का मुकदमा फर्जी करार देते हुए उसके खिलाफ कांग्रेसियों ने पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बुधवार को धरना प्रदर्शन कर मुकदमा वापस किए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शंकराचार्य हिंदू धर्म के ध्वजवाहक होते हैं, वे साक्षात भगवान शिव के रूप में पूजे जाते हैं, ऐसे में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, मुकुन्दानंद ब्रह्मचारी सहित अन्य बटुकों और संन्यासियों के खिलाफ विद्वेष और बदले की भावना से यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कराया जाना हिंदू धर्म और उनकी मान्यताओं का अपमान है। कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को प्रयाग माघ मेला क्षेत्र में जानबूझकर अपमानित किया गया, उनके शिष्यों को मारा-पीटा गया, ब्राह्मणों की शिखाओ को पकड़ कर घसीटा गया, यह सब कृत्य स्वयं को कथित तौर पर हिंदूवादी घोषित करने वाली सरकार के मुखिया द्वारा कराया जाना सनातन धर्म का खुला अपमान है, हिंदू समाज और देशवासी भाजपा को इसके लिए कभी माफ नहीं करेगा। शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने शंकराचार्य पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि भारतीय संविधान में सबको धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है किंतु भाजपा सरकार बदले की भावना से धार्मिक लोगों के खिलाफ संतो को संतो लडाने का काम कर रही है। श्रीमती रेखा सिंह, देवराज पांडेय,राजकुमारी मिश्रा, शेर बहादुर सिंह, सुनीता सरोज, रीना विश्वकर्मा, राकेश यादव,इकबाल हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन का संचालन संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा ने किया।



## स्वास्थ्य योजनाओं में सुधार लाने के दिये निर्देश

मीरजापुर। प्रभारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं आयुष समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ बैठक कर खराब प्रगति वाले एमओआईसी व सम्बन्धित नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारियो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में प्रगति लाते हुए लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियो को संस्तुति की जाएगी।

प्रभारी जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए क्षय रोग, जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियो के भुगतान, बीसीजी व अन्य टीकाकरण, आरसीएच योजना, मातृ मृत्यु दर आडिट रिपोर्ट, एफआरयू, एनआरसी, आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं में खराब प्रगति होने पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी क्षय रोग व आयुष्मान तथा जननी सुरक्षा सहित प्रभारी चिकित्साधिकारी सीखड़, राजगढ़, जमालपुर, गुरूसण्डी, लालगंज, हलिया व पटेहरा से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए कहा कि तीन दिवस के अन्दर योजनाओं में प्रगति तथा फीडिंग का प्रतिशत को बढ़ाते हुए आख्या मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अगले माह की समीक्षा बैठक में यदि स्वास्थ्य योजनाओं में खराब प्रगति आती है तो सम्बन्धितके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु महा निदेशक स्वास्थ्य सहित अन्य उच्चाधिकारियो को पत्राचार कर संस्तुति की जाएगी। आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र परिवारो सहित विशेषकर 70 वर्श की आयु पूर्ण कर चुके नागरिको का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुश्मान कार्ड बनाने के लिए किन-किन विभाग के कितने-कितने कार्मिको को नामित किया गया है, अलग-अलग सूची व मोबाइल नम्बर सांय तक उपलब्ध कराएं ताकि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के माध्यम से प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया जा सकें। स्वास्थ्य अधिकारियो को हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाले मामलो में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु प्रयास किए जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर मानक के अनुसार दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं स्टाक रजिस्टर को अपडेट रखने के भी निर्देश दिए गए।

## मांगों को लेकर मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन




जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया को संबोधित था, जिसमें श्रमिकों की आठ सूत्रीय मांगों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।संघ के जिलामंत्री प्रदीप सिंह ने बताया कि ये मांगें 21वें अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर आधारित हैं। संघ ने सभी क्षेत्रों में श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के लागू करने पर जोर दिया है। इसके अतिरिक्त, इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में व्याप्त श्रमिक समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई है। ज्ञापन में त्रिपक्षीय तंत्र के पुनर्गठन और इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को शीघ्र बुलाने की मांग भी शामिल है।भारतीय मजदूर संघ ने ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन को 1000 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है। साथ ही, ईपीएफ और ईएसआईसी की वेतन सीमा बढ़ाने तथा बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के अंतर्गत पात्रता सीमा में संशोधन की भी मांग उठाई गई है।अन्य प्रमुख मांगों में स्कीम वर्करों और ठेका श्रमिकों को स्थायी करना शामिल है। इसके अलावा, सामान्य भर्तियों पर लगी रोक हटाने की भी मांग की गई है, ताकि रोजगार के अवसर बढ़ सकें। भारतीय मजदूर संघ ने केंद्र सरकार से श्रमिक हितों में इन मांगों पर त्वरित और सकारात्मक कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई है।

## विधायक ने सेनेटरी पैड यूनिट व मार्केट का किया लोकार्पण

मीरजापुर। हलिया विकास खंड अंतर्गत भटवारी गांव में स्थापित सेनेटरी पैड निर्माण केंद्र तथा गोरगी गांव में बनाए गए विंध्य मार्केट का बुधवार को छानवे की विधायक रिंकी कोल ने फीता काटकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि महिलाओं की स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगभग साढ़े सात लाख रुपये की लागत से सेनेटरी पैड बनाने की मशीन लगाई गई है, जबकि करीब साढ़े छह लाख रुपये की लागत से भवन का निर्माण कराया गया है। इस केंद्र का संचालन क्रांति स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाएगा, जिससे विद्यालयों, कस्बों और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को किफायती दर पर सेनेटरी पैड उपलब्ध हो सकेंगे। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक के गोरगी गांव में विंध्य मार्केट खुलने से आसपास के ग्रामीणों को आटा, दाल, तेल, चीनी, साबुन एवं अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री उचित मूल्य पर मिलेगी।इससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका का अवसर प्राप्त होगा और ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण सामान सुलभ हो सकेगा।

## दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते धरा गया

थाजौनपुर। थाना मछलीशहर पुलिस ने दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना मछलीशहर की टीम परीक्षा शांति-व्यवस्था ड्यूटी में नरेन्द्र बहादुर इंटर कॉलेज घघरिया में तैनात थी। इसी दौरान केंद्र व्यवस्थापक प्रमोद कुमार शर्मा ने सूचना दी कि साहस यादव पुत्र शेषमणि यादव, निवासी ग्राम डगरियांव पोस्ट डमरुआ थाना सिकरारा, मनीष यादव नामक परीक्षार्थी के स्थान पर अवैध रूप से परीक्षा दे रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र यादव व सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की और आरोप सत्य पाए जाने पर अभियुक्त को हिरासत में ले लिया। आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

## कंस वध की लीला का मंचन



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित रामलीला मैदान में चल रही 11 दिवसीय श्रीकृष्ण रासलीला के 10वें दिन श्कंस वधश की लीला का भव्य मंचन किया गया। जिसमें वृंदावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण द्वारा अत्याचारी मामा कंस के वध का मार्मिक दृश्य प्रस्तुत किया। मंचन के दौरान जब श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया, तो पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण और श्राधे-राधेश के जयघोष से गूंज उठा। इस धार्मिक उत्सव को देखने के लिए रॉबर्ट्सगंज नगर और आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। इस अवसर पर समिति के संरक्षक जितेंद्र सिंह, संयोजक राम प्रसाद यादव, हर्ष अग्रवाल,रविन्द्र केशरी,अध्यक्ष सचिन गुप्ता, महामंत्री धीरज जालान, कोषाध्यक्ष बचाऊ पांडेय, प्रदीप खेतान,अशोक श्रीवास्तव, श्याम यादव, डॉक्टर अशोक यादव,अजय श्रीवास्तव,प्रदीप चौबे,डॉक्टर, चंद्रभूषण पांडेय, डॉक्टर अनिल पांडेय, नरेंद्र जालान, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दुद्धी ब्लॉक के 7 परिषदीय विद्यालय बंद तो 95 एकल अध्यापकों के भरोसे, कैसे होगी पढ़ाई

दुद्धी, सोनभद्र। बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके किन्तु समायोजन एवं अंतरजनपदीय स्थानांतरण के कारण सबसे अधिक नुकसान सोनभद्र जिले को उठाना पड़ रहा हैं।समायोजन के बाद दुद्धी ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था बेपटरी से हो गई हैं जिसके कारण दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के 7 विद्यालय बंद हो गए हैं तथा 95 ऐसे परिषदीय विद्यालय है जिसका संचालन एकल अध्यापकों के भरोसे चल रहा है, वह भी विकट परिस्थितियों कभी -कभी बंद हो जाता है।

दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र में 220 परिषदीय विद्यालय संचालित है लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण 7 विद्यालय बंद चल रहे है जबकि 95 विद्यालय एकल किसी तरह संचालित हो रहे है।

दुद्धी बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित सचिव दिनेश कुमार एडवोकेट ने शासन से मांग की है कि दुद्धी ब्लॉक में शिक्षकों की संख्या बढ़ाई जाय जिससे यहां के बच्चों के बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में कम से कम 3 शिक्षकों की तैनाती की जानी चाहिए।

इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमशंकर राम ने बताया कि शिक्षकों की कमी को लेकर उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया है,उन्होंने स्वीकार किया कि शिक्षकों की कमी के कारण 7 विद्यालय बंद है जबकि 95 एकल संचालित हो रहे है।

### ये विद्यालय चल रहे हैं बंद

दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय फुलवार, प्राथमिक विद्यालय मंगरदहा बीडर, प्राथमिक विद्यालय धामटोला पकरी, प्राथमिक विद्यालय करीवाघुटरा घिवही, प्राथमिक विद्यालय बियारबस्ती पतरिहा,प्राथमिक विद्यालय माझीयान टोला जाबर, प्राथमिक विद्यालय सुगवामान केवाल सहित 7 विद्यालय बंद चल रहे हैं, जहाँ के बच्चे आसपास के विद्यालयों में पढ़ने कों मजबूर हो गए हैं।

## अंगूर लदा ट्रक पलटा, चालक सहचालक बाल-बाल बचे

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र का देहात कोतवाली के बॉर्डर पर स्थित मिजार्पुर रीवा हाईवे पर मलेट्री कंपाउंड के सामने बुधवार भोर अवारा पशुओं को बचाने के चक्कर में अंगूर लगी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। संयोग ठीक था की चालक सहचालक बाल बच गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। चालक राजेश कुमार यादव पुत्र सेन यादव 35 वर्ष निवासी बेला नई बस्ती सतना मध्य प्रदेश ने बताया कि सहचालक अरविंद कुमार के साथ पड़हरपुर से अंगूर लादकर वाराणसी जा रहा था कि एकाएक आवारा पशु रोड पर आ गए। पशुओं को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए गड्ढे में पलट गई। जानकारी मिलने पर लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत सेठ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए। चूंकि मामला देहात कोतवाली का होने के कारण करनपुर चौकी पुलिस को सूचित किया गया। ट्रक पलटने की जानकारी मिलते ही राहगीरों के साथ आने जाने वाले वाहनों की भीड़ लग गई।

## दुद्धी से प्रयागराज व लखनऊ के लिए नहीं हैं कोई सीधी ट्रेन सेवा, लोगों में आक्रोश






जिला संवाददाता

दुद्धी, सोनभद्र।आवागमन के लिए सबसे सस्ता साधन कहे जाने वाली रेलवे का उत्तर प्रदेश के कोने -कोने में जाल फैला हुआ हैं, जहाँ से लोग आसानी से सुगम यात्रा करते हैं तो वहीं रेलवे की कोशिश भी हैं कि कम से कम प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश की राजधानी तथा प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र को देश की राजधानी से जोड़ा जाय लेकिन उत्तर प्रदेश का एक ऐसा विधानसभा क्षेत्र हैं दुद्धी(403) विधानसभा, जहाँ से होकर तो आधा दर्जन से अधिक ट्रेन गुजरती हैं लेकिन दुद्धी रेलवे स्टेशन से न तो प्रयागराज के लिए सीधी रेल सेवा हैं और न ही प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए, इसलिए दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को प्रयागराज या लखनऊ जाने के लिए चोपन यानि ओबरा विधानसभा क्षेत्र से ट्रेन पकड़नी पड़ती हैं। दुद्धी रेलवे

**● सांसद बोले रेलवे बोर्ड की बैठक में उठाएंगे मामला**

स्टेशन से सीधी रेल सेवा नही होने के कारण लोगों संगम नगरी एवं हाई कोर्ट प्रयागराज तथा प्रदेश की राजधानी एवं राजस्व परिषद जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

बता दें कि दुद्धी रेलवे स्टेशन से होते हुए प्रयागराज, लखनऊ जाने वाली एकमात्र ट्रेन त्रिवेणी एक्सप्रेस थी जो बरवाडीह से चलकर दुद्धी के रास्ते होकर बरेली तक जाती थी जिसे रेलवे विभाग अब चोपन से संचालित करवा रही हैं जिसे लेकर लगातार मांग की जा रही हैं। सूत्रों की माने तो दुद्धी स्टेशन से प्रयागराज, लखनऊ, भोपाल,जबलपुर,अहमदाबाद, रांची तथा पटना के लिए ट्रेन यात्री काफी संख्या में निकलते हैं और टिकटों की बिक्री भी होती है फिर भी हाबड़ा-भोपाल एक्सप्रेस,अहमदाबाद विक्ली एक्सप्रेस का दुद्धी रेलवे स्टेशन पर ठहराव नही हो रहा हैं जबकि दुद्धी तहसील एवं विधानसभा मुख्यालय हैं जिसे अंग्रेजो के जमाने में दुद्धी स्टेट के नाम से मशहूर था और यहां का शासन सीधे इंग्लैंड से महारानी विक्टोरियां के द्वारा होती थी।

राबर्ट्सगंज (80)संसदीय क्षेत्र के सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि दुद्धी नगर रेलवे स्टेशन पर भोपाल -धनबाद सहित अन्य ट्रेनों का ठहराव होना चाहिए, इसको लेकर बोर्ड की बैठक में मामला उठाया जाएगा।दुद्धी बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा ने संयुक्त रूप चिंता जाहिर करते हुए कहा कि दुद्धी काफी पुराना तहसील हैं जहाँ एसडीएम, तहसीलदार तथा सिविल जज का न्यायालय स्थित हैं तथा दुद्धी 403 विधानसभा का मुख्यालय भी फिर भी रेलवे विभाग द्वारा दुद्धी नगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव नही किया जाना सोचनीय हैं। द्वव अध्यक्षो ने रेलवे प्रशासन से मांग की हैं कि त्रिवेणी एक्सप्रेस को बरवाडीह तक चलाया जाय एवं हाबड़ा-भोपाल, धनबाद-भोपाल, अहमदाबाद विकली ट्रेन का दुद्धी रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाये।

## गैस पाइप लाइन में आग से दो झुलसे

जौनपुर। शहर के चाचकपुर माहल्ले में बुधवार को पूर्वान्ह अडानी गैस पाइपलाइन के सर्विस रेगुलेटर बोर्ड में जेसीबी की टक्कर से भीषण आग लग गई। इस घटना में दो लोग आंशिक रूप से झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। यह घटना फूल मंडी के आगे, पुलिस चौकी सिपाह थाना कोतवाली क्षेत्र में हुई। जेसीबी की टक्कर के बाद गैस पाइपलाइन से तीव्र रिसाव शुरू हो गया था। अडानी समूह के कर्मचारियों द्वारा कथित लापरवाही से रिसाव को बंद करने के प्रयासों के दौरान आग भड़क उठी। आग इतनी भीषण थी कि यह पास में स्थित बांस की कोठ में भी फैलने लगी। सूचना मिलने पर फायर स्टेशन चैकियां से अग्निशमन अधिकारी जौनपुर के नेतृत्व में एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर फायर एक्सटिंग्युशर, बुलेट और बाल्टी की सहायता से आग को पूरी तरह बुझाया। इसके बाद, अडानी ग्रुप के कर्मचारियों ने गैस लीकेज को भी पूर्ण रूप से बंद कर दिया।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापेमारी जारी, लाखों का माल जब्त



आजमगढ़। होली पर्व के दृष्टिगत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी आजमगढ़ के आदेश के क्रम में जनपद के आम जनमानस को मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय आजमगढ़ द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के प्रवर्तन दल द्वारा खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयॉ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम एवं खाद्य पदार्थो की शुद्धता तथा गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है।


उक्त के क्रम में खाद्य सचल दल द्वारा सेहदा स्थित पनीर व खोया भण्डारण इकाई पर आगरा के खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा जनपद में विक्रय हेतु आगरा से लाकर संग्रहित किये गये खाद्य पदार्थो से 02 खोया, 01 पनीर, 01 काजू बर्फी, 01 स्पेशल बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। नमूना संग्रहण उपरान्त सम्बन्धित खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, काजू बर्फी व स्पेशल बर्फी को अस्वच्छकर परिस्थितियों में संग्रहित व मिलावट के संदेह पर खोया लगभग 548 किग्रा0 अनुमानित मूल्य 164400, पनीर 149 लगभग किग्रा0 अनुमानित मूल्य 44700/, काजू बर्फी लगभग 24 किग्रा0 अनुमानित मूल्य 19200/- व स्पेशल बर्फी लगभग 648 किग्रा0 अनुमानित मूल्य 99200/- को जब्त कर विनष्टिकरण की कार्यवाही की गयी। एक अन्य खाद्य सचल दल द्वारा बोंगरिया बाजार मेंहनगर से 01 बेसन, 01 सरसों के तेल का नमूना गोपालपुर मेंहनगर से 01 खोया, छेना मिठाई का नमूना, खरिहानी मेंहनगर से 01 छेना मिठाई तथा मेंहनगर चैराहा से 01 गुलाब जामुन मिक्स का नमूना संग्रहित किया गया, संग्रहित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। इस प्रकार अब तक उक्त अभियान के अन्तर्गत कुल 26 छापामार कार्यवाहियों में कुल 35 नमूनें संग्रहित किये गये हैं तथा कुल 940 किग्रा0 खाद्य पदार्थ मूल्य 69340/- जब्त कर सीज किया गया है एवं कुल 1394 किग्रा0 खाद्य पदार्थ मूल्य 335000/- जब्त कर नष्ट किया गया है। छापेमार दलों का नेतृत्व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रजनीश कुमार, गोविन्द यादव, संजय कुमार तिवारी, सुचित प्रसाद, लालमणि यादव, शीत कुमार सिंह, अमर नाथ, श्रीमती बेबी सोनम तथा राजीव कुमार सिंह सम्मिलित रहें।

# मंडलायुक्त और डीआईजी की संयुक्त अध्यक्षता में त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं डीआईजी एस चनपा की संयुक्त अध्यक्षता में आज पुलिस लाइन सभागार में आगामी त्योहारों–होलिका दहन, होली एवं ईद-उल-फितर–को सकुशल, शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मंडलायुक्त ने सभी उपजिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे सभी होलिका दहन स्थलों एवं ईदगाहों का संयुक्त भ्रमण सुनिश्चित करें। साथ ही विभिन्न धर्मों एवं समुदायों के धर्मगुरुओं तथा संभ्रांत नागरिकों के साथ समय से बैठक कर समन्वय स्थापित करें। उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। जनपद के सीमावर्ती (बॉर्डर) क्षेत्र होने के कारण इसे अतिसंवेदनशील बताते हुए गौ-तस्करी एवं कच्ची शराब की बिक्री पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। चिन्हित बार्डर एरिया में व्यापक सुरक्षा प्रबंध एवं आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी दशा में कच्ची शराब अथवा एक्सपायरी डेट की मदिरा की बिक्री न होने पाए। यदि ऐसी गतिविधियां पाई गई तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी एसडीएम, सीओ एवं एसएचओ को आबकारी विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर मदिरा की दुकानों की चेकिंग, स्टॉक का सत्यापन एवं रजिस्टर से मिलान करने के निर्देश दिए गए। सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने तथा कच्ची शराब की भट्ठियों को तत्काल नष्ट करने को कहा गया। त्योहारों के दौरान किसी प्रकार के धरना-प्रदर्शन न होने देने, आवश्यकतानुसार चालान करने तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध जिलाबदर की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैरियर लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाने, डीआरवी वाहनों को चिन्हित स्थलों पर तैनात रखने एवं




अधिकारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दृष्टिगत किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु तत्काल कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए, जिसमें सभी आवश्यक विभागों की संयुक्त ड्यूटी लगाई जाए। स्वास्थ्य विभाग से एमओआईसी स्तर के अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित करने, पीएचसी एवं सीएचसी में चिकित्सकों व स्टाफ की ड्यूटी लगाने, दवाओं एवं बेड की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। नगर निकायों को ईदगाहों, चौराहों एवं प्रमुख स्थलों की साफ-सफाई तथा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को लटकते तारों एवं जर्जर पोल की जांच कराने को कहा गया। मंडलायुक्त ने नई उम्र के युवकों, बिना नंबर प्लेट वाहनों तथा उपद्रव की आशंका वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए, साथ ही आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान न करने की हिदायत दी। जुलूसों की पूर्व जांच, डीजे निर्धारित डेसीबल सीमा में बजाने तथा पिछले पांच वर्षों की घटनाओं का रिकॉर्ड खंगालकर संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक धाराओं में पाबंद करने को कहा गया। एलआईयू अधिकारियों को भी क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मर्यादित आचरण बनाए रखने तथा सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की रील या वीडियो पोस्ट न करने की हिदायत दी गई। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में की गई कार्रवाई की जानकारी दी। बताया गया कि सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की जा चुकी है, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी की जा रही है तथा बार्डर एरिया में चेक पोस्ट स्थापित कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि मंडलायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अपर पुलिस अधीक्षक, सभी उपजिलाधिकारी, सभी क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभु श्रीराम हमारे अस्तित्व और आस्था के केंद्रः शिवराज सिंह चौहान



**अयोध्या।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान बुधवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे अस्तित्व और आस्था के केंद्र हैं। हमारे रोम-रोम में बसे हैं। रामलला के दर्शन को उन्होंने अपना परम सौभाग्य बताया। दिल्ली में किसान मेले के शुभारंभ के बाद अयोध्या के कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों से संवाद भी किया इस दौरान उन्होंने कहा कि कहा कि ह्लअन्नदाता ही जीवनदाता है, उसकी सेवा मेरा पहला कर्तव्य हैह्व। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। भारत को ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्व के संदेश के साथ विश्व बंधु की भूमिका निभाने वाला देश बताया।

## कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**देवरिया।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।




बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया, भाटपार रानी विधायक सभाकुंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष पं० गिरीश चंद्र तिवारी, एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि राजू मणि, एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी के प्रतिनिधि अवधेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन, मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे प्रभारी मंत्री ने ग्राम विकास विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह गठन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), 15वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायत कार्य, ऑपरेशन कायाकल्प, जल जीवन मिशन, गौ संरक्षण, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पीएम कुसुम योजना की प्रगति की समीक्षा की।

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉकवार जलापूर्ति एवं संचालित योजनाओं की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का सुझाव दिया, जिस पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निमार्णाधीन एवं पूर्ण सड़कों का विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया। विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं अन्य आधारभूत संरचना कार्यों की भी प्रगति जानी गई।

बैठक में वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की स्थिति की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाए। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि जनपद में संचालित सभी विभागीय योजनाओं में बेहतर समन्वय एवं परिणामोन्मुख कार्यशैली अपनाई जाए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए सभी निदेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अगली बैठक में अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की जाएगी। बैठक में सहभागिता हेतु सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया।

## मोबाइल फोन के बजाय पढ़ाई, आउटडोर एक्टिविटीज पर दें समयः राकेश

जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2026 का उद्घाटन बुधवार को मुख्यअतिथि नपा कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप

- **बुद्धा पीजी में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह प्रारंभ**

प्रज्ज्वलन एवं पूज्य भदंत ज्ञानेश्वर के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया।बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा एवं दो बार की अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता की चैंपियन रही अमृता कुमारी ने मशाल ज्योति ले कर क्रीड़ा परिसर का चक्कर लगाया एवं सभी प्रतिभागियों को खेल-भावना की शपथ दिलाई। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने स्वयंसेविका नित्या कुमारी के नेतृत्व में मार्च पास्ट निकाला। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोबाइल स्क्रीन पर अत्यधिक समय बिताने वाले युवा पीढ़ी के लिए पढ़ाई एवं अन्य कार्य के साथ साथ खेल कूद एवं आउटडोर एक्टिविटीज में हिस्सा लेना स्वस्थ रहने के लिए अत्यंत आवश्यक है जिसके द्वारा ही हम स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि हॉकी कोच जवाहर लाल सिंह रहे। प्रथम दिन की प्रतियोगिताओं में 800 मीटर दौड़ बालक वर्ग में सचिन गोंड, कृष्णा सिंह एवं अजय प्रसाद तथा बालिका वर्ग में प्रीति सिंह, सेजल चौरसिया, व साक्षी गुप्ता क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें।200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में राहुल कुमार गौतम प्रथम, सचिन गोंड द्वितीय एवं आलोक यादव तृतीय स्थान पर तथा बालिका वर्ग में लक्ष्मी कुमारी प्रथम, निशा सिंह द्वितीय एवं पिंकी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। गोलाक्षेपण प्रतियोगिता में बालक वर्ग



में दीपक मद्धेशिया, धन्नू बरनवाल, रोहित राजभर तथा बालिका वर्ग गोलक्षेपण में अमृता कुमारी, कालिंदी गुप्ता व नीलू यादव क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। चक्काक्षेपण बालकवर्ग में धन्नू बरनवाल, आलोक यादव एवं करन कुमार राव तथा बालिका वर्ग में अमृता कुमारी रानी शर्मा एवं निशा सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद बालिका वर्ग में साक्षी गुप्ता, नेहा गुप्ता, दीपा कुंवर तथा बालक वर्ग में अनमोल चौहान, कृष्णा सिंह व मोहित गोंड कर्मचारी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। रस्साकसी बालकवर्ग में कला संकाय की टीम विजेता एवं विज्ञान संकाय भवन की टीम उपविजेता रही। त्रिकूद बालक वर्ग में गोल्डन एवं बालिका वर्ग में निशा सिंह विजेता रहीं। महाविद्यालय के कर्मचारी वर्ग गोलाक्षेपण महिला वर्ग में श्रीमती दुर्गा द्विवेदी प्रथम, अनीता सिंह द्वितीय एवं पूनम सिंह तृतीय स्थान तथा तृतीय श्रेणी कर्मचारी वर्ग में कृष्ण कुमार सिंह, संजय गोंड, माधवेंद्र प्रताप सिंह तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पुरुष वर्ग में प्रफुल्ल चंद्र गोंड, विजय शर्मा भीम एवं मंजीत पासवान क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। कर्मचारी वर्ग की 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में मंजीत पासवान प्रथम, श्री राज किशोर द्वितीय एवं श्री अवनीश यादव तृतीय स्थान पर रहे। क्रीड़ा समारोह के संयोजक राकेश कुमार सोनकर ने बताया कि अगले दिन 26 फरवरी को भी 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर, रस्साकसी कर्मचारी वर्ग, रस्साकसी बालिका वर्ग, भाला क्षेपण सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस अवसर पर डॉ राकेश चतुवेर्दी, डॉ रितेश सिंह, डॉ अजय मिश्र, डॉ विनोद सिंह उपस्थित रहे।

## राजस्व विभाग ने तीन गांव के कुछ गाटों का किया स्थलीय सत्यापन

सोहावल-अयोध्या। स्टांप चोरी कर सरकारी राजस्व की क्षति मामले का मौके पर सत्यापन करने के लिए बुधवार को दोपहर बाद तहसील के राजस्व महकमा जगनपुर, कटरौली, और रौनाही में पहुंचा।

यहां प्लाटिंग कर भूमि की घेराबंदी किए गए कुछ गाटों का मौके पर जिलाधिकारी ने स्वयं मौजूद रहकर सर्वे कराया। रौनाही के गाटा नंबर 994 जगन्नाथपुर के 635, 438 कटरौली के गाटा संख्या 201 के कराए गए सर्वे के सम्बन्ध में पूछे जाने पर नायब तहसीलदार रौनाही रेशू जैन ने बताया कि स्टांप चोरी के संभावित गाटों का जिलाधिकारी का यह वार्षिक रेंडम सर्वे था।

जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सुश्री सविता देवी तहसीलदार प्रदीप कुमार क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

## माांझा बरहटा में बिना नोटिस मकान गिराये जाने पर बिफरे पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय



**अयोध्या।** जिला प्रशासन के सहयोग से आवास विकास परिषद के अधिकारियों द्वारा माँझा बरहटा मे बिना नोटिस के मकान गिराए जाने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और गिराये गये मकानो के लिए सरकार से सर्किल रेट से 6 गुना मुआवजा देने की मांग की।

बुधवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से अयोध्या के मांझा बरहटा में प्रशासन के सहयोग से आवास विकास परिषद के अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस के गिराए गए भवन स्वामियों ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से मुलाकात कर प्रशासन द्वारा जबरदस्ती गिराए गए भवन के बारे में बताया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के गिराए गए भवन के मालिक दिनेश कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, राजेश कुमार गुप्ता एवं शिवम साहू और वहां के निवासियों ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन से मिलकर अपने जमीन के बैनामे के कागजात को दिखाते हुए प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के बुलडोजर द्वारा जबरदस्ती मकान गिराए जाने के बारे में बताया। प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा आज भाजपा सरकार में अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस दिए मकान और दुकान को बुलडोजर से गिरा दिया जाता है उन्होंने कहा एक गरीब दुकानदार नौजवान अपना मकान किस तरीके से बनाता है यह वही जानते होंगे उन्होंने सरकार से मांग की इन परिवार को सर्किल रेट से 6 गुना मुआवजा या इनको जमीन के बदले जमीन दी जाए जिससे यह गरीब बेसहारा लोग अपना जीवनयापन चला सके,इस मौके पर ब्रह्मदेव यादव, मुमताज, राकेश कुमार, मधु कुमारी, सुधा कुमारी, सुनील कुमार, राम शंकर, ननकन यादव, राम अजोर यादव, इश्तियाक खान श्याम आदि लोग मौजूद रहे।

## रहमतों और बरकतों का महीना है माहे रमजान

जिला संवाददाता

**कुबेरस्थान, कुशीनगर।** माहे रमजान का महीना कुरान और हदीस के(रोशनी) मुताबिक सबसे पाक व रहमतों तथा बरकत वाला महीना है, इस महीने में पूरे शिद्दत के साथ रोजा रखना और इबादत करके अपने रब को खुश करने का सबसे अहम महीना माना गया है कुरान और हदीस में जिक्र के मुताबिक रमजान में शिद्दत के साथ रोजा रखने और इबादत करना गरीबों को जकात खैरात करना फितरा हर परिवार का समय से अदा करना गरीबों की मदद करना है नेकियों का अहम हिस्सा बताया गया है,इसलिए इस्लाम धर्म के मानने वाले मुस्लिम संप्रदाय के लिए सबसे पाक व अहमियत रखने वाला महीना रमजान का महीना होता है जो इस माह में हिंदी कैलेंडर के हिसाब से 2 मार्च से सुरु हुआ उसी दिन से मुसलमान कौम रोजा पाबंदी के साथ रख रहे हैं इस्लाम के दिनी किताबों के मुताबिक रमजान के महीने को तीन अशरो में बांटा गया है और सब अशरे की अहमियत खास और अलग-अलग है हर आशरे को 10 दिन का एक अशरा बना है रमजान का महीना हर मुसलमान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है, जिसमे 30 दिनों तक रोजे रखे जाते है इस्लाम के मुताबिक पूरे रमजान को तीन हिस्सों में

- **पहला अशरा रहमतों का तो दूसरा आशरा मगफिरत का और तीसरा अशरा जहन्नुम से निजात पाने का**
- **तीन हिस्सों में बांटा है माहे रमजान की विशेषता**

बांटा गया है जो पहला, दूसरा और तीसरा अशरा कहलाता है, अशरा अरबी का 10 नम्बर होता है इस तरह रमजान के पहले 10 दिन (1.10 )में पहला अशरा, दूसरे 10 दिन(11, 20 ) ) में दूसरा अशरा और तीसरे दिन (21, 30 ) में तीसरा अशरा बंटा होता है।अहमियत के अनुसार पहले आशरे में रहमत और बरकतों की बारिश होती है इस आसरे में पूरे ईमान और पाक की के साथ रोजा रखने वाला ईवादत करने वाला अपने घरों में खूब रहमत और बरकत बटोरता है और सुकून व खुशियों भरी जिंदगी जीता है, वही दूसरा अशरा मगफिरत का है यानी इससे के दरमियान हर गुनाहगार पूरे शिद्दत के साथ रोजा रख और इबादत करके रब से अपनी व परिवार तथा मुर्दों के गुनाहों को बक्सवा कर उसे मग फिरत दिला सकता है तथा तीसरा अशरा में हर गुनाहगार शख्स अपना व अपने चाहने वाले या जाने वालों के लिए भी इस अशरे में पाक साफ होकर पूरी शिद्दत के साथ रोजा नमाज के साथ इबादत करें और इन तीनों रातों में रब से अपने और अपनों के लिए किए गए गुनाह का तौबा कर माफी मांगे तो उसकी हर गुनाह को माफ कर रब उसकी फरियाद सुनता है और उसकी दुआओं से मग फिरत देता है और जहन्नुम से निजात दिलाता है रमजान के महीने में खूब नेकिया और रहमतों की बारिश होती है जो जितना चाहे अपने नेकियोंऔर इबादत के बल पर हासिल करे दीनी किताबों में साफ-साफ लिखा है कि रोजा सिर्फ भूख प्यास रखने का नाम नहीं बल्कि रोजा हर बालिक इंसान के लिए फर्ज है जो पूरे ईमान और पाकी के साथ शरीर के हर एक ( वजू )बात को परहेज के साथ रोजा रखकर अमल करने और नियम व शर्तो का पालन करने को ही रोजा कहते हैं रोजेदार हर इंसान अपने आंख नाक मुंह के अलावा हर अंग को गुनाहों से बचाने तथा बुराई करने सुनने देखने से बचें और हर गरीब जरूरतमंदों का ख्याल रखते हुए नियमानुसार अपने माल और मिल्कियत का हिस्सा जकात खैरात और जरूरत मन्दो के रूप में खर्च करें तभी उसका मुकम्मल इबादत माना जाएगा रोजा की शुरूआत सुबह 4:00 बजे से शहरी खाने के साथ सुरु होता है और शाम सूरज ढलने यानी मगरिब के समय अवतार के साथ खत्म होता है हर मुसलमान रमजान में रोजे के साथ साथ पांच वक्त की नमाज के साथ में ही रात की नमाज की साथ पूरे 30 दिन यानी ईद की चांद होने के पहले तक तराबी की नमाज पढ़ता है इसी माह में 23वे रमजान की रात को सबसे अहम रात माना गया है जिससे लैलतुल कद्र की रात कहा गया है जो इस्लाम की सबसे अहम रातों में से एक रात है इस रात में मुसलमान पूरी रात भर इबादत करता है और जो अपने रब से मांगता है उसकी मकसद के साथ उसकी दुआ भी कबूल होती है इस माह में एक नेकी के बदले रब 70 नेकियों का सबाब देता है।

## खतौनी संशोधन में लापरवाही और धन मांगने के आरोप में लेखपाल निलंबित

**देवरिया।** खतौनी में अंश सुधार एवं नाम संशोधन के मामले में लापरवाही और अनधिकृत धन की मांग के आरोप में क्षेत्रीय लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी के जनता दर्शन में ग्राम चांदपलिया, पोस्ट इटहुआ निवासी अंगद यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 जनवरी 2026 को आवेदन देने के बावजूद खतौनी में अंश सुधार व नाम संशोधन की कार्रवाई लंबित है। आरोप है कि संबंधित लेखपाल द्वारा कार्यवाही के लिए अनधिकृत धन की मांग की जा रही थी। प्रकरण की प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल राजीव यादव प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। जांच में धन उगाही का तथ्य भी सामने आया। उप जिलाधिकारी सलेमपुर दिशा श्रीवास्तवा ने आरोपी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की विस्तृत जांच के लिए नायब तहसीलदार भटनी हरि प्रसाद को जांच अधिकारी नामित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## 116 का चालान 10 वाहन सीज



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी देवरिया एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर कोतवाली क्षेत्र के ई-रिक्शा वाहनों की चेकिंग की गयी, वैध कागजात वाले ई-रिक्शा वाहनों पर नंबरिंग की गयी तथा गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो, बिना हेलमेट, तीन सवारी एवं वाहन पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 116 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 10 वाहनों को सीज किया।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द के समर्थन में कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा



**देवरिया ।।** जिला कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर जिले के कांग्रेस नेताओं ने जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्व के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय से निकल कर सुभाष चौक, सिविल लाइंस होते हुए कलेक्ट्री कचहरी में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए पहुंचे। माननीय प्रधानमंत्री महोदय को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सीमा पाण्डेय को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्तमान प्रदेश भाजपा सरकार सही बात सुनना नही चाहती जो उन्हें सही सुझाव देता है, उसकी बात को दबाती है। सरकार द्वारा इसी हठधर्मिता के चलते उसके विरुद्ध मुखर होकर अपनी बात रखने वाले ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी एवं उनके शिष्यों को अनावश्यक परेशान एवं प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा रहा है।

जहां एक ओर कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या के पुण्य अवसर पर पुलिस द्वारा उन्हें व उनके शिष्यों को स्नान करने से रोका गया, उनके साथ आयें बटुकों की चोटी खिंच कर उन्हें अपमानित करते हुए थाने में लेजाकर प्रताड़ित करने का कार्य सरकार की सह पर किया गया। वही अब शंकराचार्य उनके शिष्य स्वामी मुकुदानन्द ब्रह्मचारी सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ यौन शोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

शंकराचार्य का पद सनातन परम्परा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक है,जिसकी मान्यता एवं परम्परा ऐतिहासिक धार्मिक परिपाटियों द्वारा निर्धारित होती है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने वाले व्यक्तियों की पृष्ठभूमि, उनकी परिस्थितियां तथा सम्भावित प्रेरक तत्वों का निष्पक्ष परिक्षण एवं पारदर्शी जांच की मांग करते है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के पूर्व अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि, अब्दुल जब्बार, भरत मणि,जयप्रकाश धनगर, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, दीनदयाल यादव,चन्दन वर्मा,जुलेखा खातून, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्रा, आलोक त्रिपाठी राजन, रत्नेश मल्ल पिंटू, ,इजहार आदि मौजूद थे ।

## पत्रकार अशोक कुमार वर्मा के निधन पर शोक की लहर



**अयोध्या।** बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पातूपुर मजरे दोहरी निवासी वरिष्ठ पत्रकार अशोक वर्मा का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और लखनऊ में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान आज उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से पत्रकारिता जगत के साथ-साथ क्षेत्र के सामाजिक व राजनीतिक हलकों में भी गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है। अशोक वर्मा अपने सरल स्वभाव, निष्पक्ष लेखनी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए जाने जाते थे। ग्रामीण अंचल की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। परिवार में पत्नी, दो पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार है। उनके निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्रीय पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाय। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देव बक्स वर्मा, अवधराम यादव, सम्पूर्णानन्द बाजपेई ह्लबागीह्व, सुमित्रानंदन यादव, अनूप श्रीवास्तव, शिवकुमार मिश्र, आलोक निगम, डॉ. आनन्द उपाध्याय, सहित अन्य लोगों ने पत्रकार साथी अशोक कुमार वर्मा का निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री वर्मा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष देव बक्स वर्मा ने कहा कि साथी अशोक कुमार वर्मा संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता थे। वे मिलनसार और सादगी की मिसाल थे। उन्होंने संगठन को तहसील बीकापुर में काफी ऊंचाइयों पर पहुंचा है और विगत कई वर्षों से हर वर्ष तहसील स्तरीय पत्रकार सम्मेलन करते थे। उनके स्वर्गवासी होने से संगठन व समाज को काफी पीड़ा हुई है। उनकी कमी संगठन में हमेशा बनी रहेगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं परिवार को इस अपार दुःख को सहने करने की क्षमता प्रदान करें।

## संत गाडगे की मनाई गई जयंती

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज विधानसभा के अमसिन गांव में संत गाडगे की जयंती भव्य रूप से मनाई गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अम्बेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा ,विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी रामसागर वर्मा,संचालन चंदन सक्सेना व आयोजन सुरजीत कन्नौजिया ने किया ।कार्यक्रम की शुरूआत संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद लालजी वर्मा ने संत गाडगे के जीवन,उनके त्याग,सेवा व समाज सुधार के लिए किये गए कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहाकि आज हम सबको उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए,यही उनके प्रति सच्ची निष्ठा होगी ।विशिष्ट अतिथि रामसागर वर्मा ने कहाकि संत गाडगे ने समाज को एक नई राह दिखाई है ।आज समाज मे व्याप्त तमाम कुरीतियो को मिटाने का संकल्प हम सभी को लेना है ।उक्त अवसर पर राजन राव, धर्मेंद्र, रेखा, अशोक, फरहान, गौतम, निक्कू, प्रभावती, अंजनी, राममनीष, राज मोहन, प्रेम शंकर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## हनुमत महोत्सव का आयोजन आज

उन्नाव (वीओएल)। जनपद के हरदोई रोड स्थित दरोगा बाग में 26 फरवरी 2026 (गुरुवार) को वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनूप मिश्रा अपूर्व एवं रीना पाण्डेय मिश्रा अपनी 24वीं वैवाहिक वर्षगांठ के पावन अवसर पर भव्य हनुमत महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अपराह्न 12 बजे से होगा, जिसमें संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम विजय सिंह चैहान (मास्टर जी) के आवास, तिवारी ट्रैक्टर सर्विसिंग सेंटर के बगल में, आशा हॉस्पिटल के ठीक सामने वाली सड़क पर संपन्न होगा। आयोजकों ने सभी स्नेहीजनों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर प्रभु श्रीराम एवं हनुमान जी की भक्ति में सहभागी बनने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति से यह आयोजन और भी दिव्य एवं स्मरणीय बनेगा।

## विवाद में मामला दर्ज

पाटन उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव धन कोली में 22 फरवरी को देर रात मुकेश पुत्र जयशंकर व विक्की पुत्र रामकुमार के बीच शराब के नशे में हुए विवाद के बाद मारपीट हो गई। बीच बचाव करने पहुंचे मुकेश के बाबा राकेश को भी चोटे आई है। पुलिस ने मुकेश की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। रविवार को देर शाम मुकेश व पड़ोसी विक्की के बीच विवाद होते-होते मारपीट में तब्दील हो गई बीच बचाव करने पहुंचे मुकेश के बाबा राकेश की भी पिटाई कर दी। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि मुकेश की तहरीर पर विक्की भारतीय व उनके भतीजे भोलई के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## बौद्धिक संपदा अधिकार के दिग्गज जुटेंगे आज

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) प्रकोष्ठ द्वारा 26 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे से आर्यभट्ट सभागार में डिजिटल परिदृश्य में बौद्धिक संपदा अधिकार उभरती प्रवृत्तियाँ और चुनौतियाँह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा अधिकारों की बदलती प्रवृत्तियों, समकालीन चुनौतियों तथा संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श करना है। कार्यशाला के संयोजक एवं नोडल अधिकारी, बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ के प्रो. रवि प्रकाश हैं। इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित विधि एवं पेटेंट विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे। मुख्य वक्ताओं के रूप में उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता अशोक सहगल (नई दिल्ली), भारतीय पेटेंट कार्यालय, नई दिल्ली के सहायक नियंत्रक (पेटेंट एवं डिजाइन) आलोक मिश्रा, के.एन.आई.टी., सुल्तानपुर के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. प्रदीप कुमार, टी.डी. लॉ कॉलेज, जौनपुर के डॉ. यशवंत सिंह तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डॉ. अभिषेक कुमार शामिल होंगे।

# भारी वाहनों की आवाजाही से टूटा इंटरलॉक मार्ग

## ग्रामीणों का आवागमन फिर हुआ दूभर



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)। विकासखंड फतेहपुर चैरासी की ग्राम पंचायत अहमदाबाद माथर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए वर्ष 2023 में क्षेत्रीय विधायक कान्त कटियार द्वारा विधायक निधि से त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत पप्पू के खेत से ग्राम वंशखेड़ा सीसी मार्ग तक इंटरलॉक सड़क का निर्माण कराया गया था।

सड़क बनने के बाद ग्रामीणों को आवागमन में काफी राहत मिली थी और वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होता दिखाई दिया था। लेकिन हाल के दिनों में इस मार्ग की स्थिति फिर से चिंताजनक हो गई है। बताया जा रहा है कि मार्ग से मिट्टी और अन्य निर्माण सामग्री लादकर डंपर, ट्रक और ट्रैक्टर जैसे भारी वाहन क्षमता से कई गुना अधिक भार लेकर लगातार गुजर रहे हैं। लगातार हो रही भारी वाहनों की आवाजाही के कारण इंटरलॉक मार्ग उखड़कर जगह-जगह धंस गया है और अपनी मूल पहचान खो चुका है। वर्तमान में सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मार्ग अब गलियारे का रूप ले चुका है, जहां आए दिन चार पहिया वाहन फंस जाते हैं और दो पहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की क्षमता से अधिक भार लेकर रोजाना कई-कई चक्कर लगाने वाले भारी वाहनों ने मार्ग को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष है कि सड़क की दयनीय स्थिति के बावजूद भारी वाहनों का आवागमन बदस्तूर जारी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो समस्या और गंभीर हो सकती है। अब सवाल यह है कि जिस मार्ग ने कुछ समय के लिए ग्रामीणों को राहत दी थी, वह दोबारा कब सुविधाजनक बन पाएगा, यह फिलहाल भविष्य के गर्भ में है।

## होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक

जिला संवाददाता(vol)



उन्नाव। आगामी होली पर्व एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 25 फरवरी 2026 को कोतवाली सदर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी एवं क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के साथ थाना क्षेत्र के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजकों तथा डिजिटल वालंटियर्स के साथ विस्तृत संवाद किया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सभी से अपील की कि आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और समन्वय के साथ मनाया जाए। प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## डंफर की टक्कर में दो महिलाओं की मौत , चार घायल

पाटन उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर मुड़ियन खेड़ा के पास तेज रफ्तार डंपर ने ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसमें बैठी 2 महिलाओं की मौत हो गई वही चार सवारियों को चोटे आई हैं। सुमेरपुर से बक्सर की ओर ई रिक्शा लेकर जा रहे ड्राइवर लाल जी सहित 6 सवारियां ई रिक्शा में सवार थी। सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर मुड़ियन खेड़ा के सामने डंपर ने ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा पलटते हुए सड़क किनारे खंती में जा गिरा। ई रिक्शा में बैठे सभी लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पहुंचाया जहां दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक एक महिला की पहचान राजवती आंगनवाड़ी सहायिका पत्नी छविनाथ 50 वर्ष निवासी कपूरपुर के रूप में हुई वही दूसरी महिला की अभी तक पहचान नहीं हो सकी। अन्य घायलों में चालक लाल जी 45 वर्ष पुत्र हीरालाल पाल निवासी रघुनाथ खेड़ा थाना बारा सगवर, अजीत कुमार 23 वर्ष पुत्र मान प्रसाद निवासी कलानी सुमेरपुर, शिवरती 50 वर्ष पत्नी मान प्रसाद निवासी कलानी सुमेरपुर मान प्रसाद उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र नाथे निवासी कलानी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सी ओ मधुप नाथ मिश्रा, थाना प्रभारी राहुल सिंह, चैकी प्रभारी भगवंत नगर देवेंद्र नाथ अवस्थी मौके पर पहुंच घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मृतकों का पंचनामा कर मचुर्री भेजा गया है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवती का शव लटकता मिला

फतेहपुर चैरासी , उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव फखरा पुर के मजरा मदार खेड़ा में अज्ञात कारणों के चलते एक युवती का शव घर में बुधवार को लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी दिव्या उम्र करीब 22 वर्ष मंगलवार की रात कमरे में सोने चली गई। बुधवार की सुबह कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुल सका। किसी तरह वह कमरे में गए तो देखा कि पंखे में रस्सी के सहारे फंदे से शव लटका है। बेटी का शव देखते ही मां, बहने और अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका का पिता दूसरे राज्य में में रहकर काम करके जीवन यापन करते है। परिजन मृतका द्वारा मौत को गले लगाने का कारण स्पष्ट नहीं कर सके।

## विधायक ने किया किसानों के पंजीकरण का शुभारंभ



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत आयोजित दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का समापन भव्य रूप से हुआ। यह आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र थरियाव जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। उद्घाटन और मुख्य अतिथि महोत्सव के दूसरे दिन किसानों के पंजीकरण का शुभारंभ खागा विधायक कृष्णा पासवान ने किया।

उन्होंने अन्न मिलेट्सकी खेती अपनाने, इसके उत्पादन व उपभोग बढ़ाने पर जोर दिया तथा 10 प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री, जैविक खेती और मिलेट्स उपयोग की अपील की ।प्रमुख वक्ता और जानकारी सत्रकार्यक्रम में उप कृषि निदेशक सत्येंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी अख्तर हुसैन व अमित कुमार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. साधना वैष्य, डॉ. जगदीश किशोर व डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे। इनके माध्यम से उन्नत कृषि तकनीक, रोग-कीट नियंत्रण, पशुपालन, शश्य वानिकी पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए गए। जिला कृषि अधिकारी ने निवेश योजनाओं, मिलेट्स बुआई, जल संरक्षण व संतुलित उर्वरक उपयोग पर मार्गदर्शन किया। स्टॉल प्रदर्शनी और जागरूकताकृषि एवं संबद्ध विभागों के स्टॉलों पर योजनाओं का प्रचार हुआ, जहां कृषि यंत्रों की बुकिंग की जानकारी दी गई। जादूगर के नुक्कड़ नाटक से नहर कटान, फसल सुरक्षा व मिलेट्स खेती पर जागरूकता फैलाई गई।

कृषक-वैज्ञानिक संवाद में प्रगतिशील किसानों के अनुभव साझा किए गए ।महोत्सव का उद्देश्यराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के न्यूट्री सीरियल घटक के तहत यह महोत्सव मिलेट्स उत्पादन बढ़ाने, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने व किसानों की आय दोगुनी करने पर केंद्रित रहा।

## यादव जाति को बदनाम करने के उद्देश्य से बनायी गयी यादव जी लव स्टोरी



भरथना, इटावा। यादव जाति की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से बनायी गई यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के विरोध में यादव समाज के अधिवक्ताओं ने बार एसोसियेशन भरथना के तत्वाधान में मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर उक्त फिल्म पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की पुरजोर माँग की है। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी काव्या सी आईएएस को सौंपते हुए बार एसोसिऐशन भरथना के अधिवक्ताओं ने बताया कि यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म के निमार्ता सन्दीप तोमर द्वारा बनायी गई उक्त फिल्म में यादव जाति का न तो कोई पात्र है और न ही कोई निर्देशक व निमार्ता है। उक्त फिल्म सिर्फ यादव जाति की छवि खराब करने की नीयत से इस फिल्म को उक्त नाम दिया गया है। जिसके चलते यादव समाज में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। साथ ही समाज की भावनायें भी आहत हो रही है। ऐसी स्थिति में अधिवक्ताओं द्वारा उक्त फिल्म पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की पुरजोर माँग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द्र यादव, महावीर सिंह यादव, रामकुमार यादव, सुभाष चन्द्र यादव, सुधीर यादव, सुबोध यादव, सत्यप्रकाश यादव, सुरेश चन्द्र यादव, रामस्वरूप यादव, विनोद यादव, भूपेन्द्र यादव सहित समस्त यादव अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 18 वर्ष वाले युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज करायें

जौनपुर। स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत स्काउट्स गाइड्स/रोवर्स रेंजर्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। स्टेशन रोड स्थित राज कालेज के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट्स गाइड्स/रोवर्स रेंजर्स को मतदाता बनने के लिए जागरूक किया करते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी गई कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं और जिनका नाम मतदाता सूची में छूट गया है उन सभी को मतदाता बनने के लिए जागरूक करें। विश्व विद्यालय रोवर्स रेंजर्स चीफ कमिश्नर/प्राचार्य राजा श्री कृष्ण दत्त महाविद्यालय प्रो. शम्भू राम ने रोवर रेंजर्स को प्रेरित करते हुए कहा कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जरुर दर्ज करायें, और गांव-गांव में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करें। ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक अभियान चला कर पात्र लोगों को मतदाता बनने हेतु जागरूक व प्रेरित करें। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आप सभी के रचनात्मक प्रयासों को लोग सदैव याद रखेंगे। उन्होंने बताया कि 125 महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स संचालित है जिनके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान वोटर बनने हेतु युवा छात्र छात्राओं को फार्म 6 और घोषणा पत्र प्रदान किया गया। डी0ओसी डॉ. मनोज कुमार तिवारी, प्रबंधक डॉ.सत्यराम प्रजापति, ट्रेनिंग काउंसलर सुनील कुमार यादव, कार्यक्रम सहायक विकास सिंह, टी0सी0 निराली प्रजापति सहित रोवर्स रेंजर्स छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## रोजा इफ़्तार करवाना बहुत ही सबाव का काम: हाफिज फुजैल

इटावा। पक्का तालाब गैस एजेन्सी के पास समाजसेवी शेख फहीम, इफ्तिखार अहमद, शेख बिलाल शेख नदीम, शेख आदिल, शेख इसरार



अहमद, ने कराया रोजदारों का रोजा इफ्तार। रोजा इफ्तार में शामिल सभी रोजदारों ने खुदा का नाम लेकर खजूर के साथ रोजा खोला। हाफिज फुजैल ने अदा कराई सभी रोजदारों को मगरिब की नमाज, और कहा कि रोजा इफ़्तार करवाना बहुत ही सवाब का काम। इस अवसर पर ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, ने कहा कि रोजा रखना हर मुसलमान पर फर्ज है इसी तरीके से रोजदारों को रोजा इफ़्तार कराना सबसे बड़ा फर्ज है। इस अवसर पर रोजा इफ़्तार में शामिल इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन, अशलम खान, ऑल इंडिया मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम मोअज्जम, नगर अध्यक्ष मोहम्मद कैफ उर्फ अनस खान, मुराद अली आदि सैकड़ों रोजदार मौजूद रहे।

## समाजसेवी जनता भारत टीम ने बेटी की करायी शादी

गौरीगंज, अमेठी। अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील के पहाडगंज पूरे दीवान गांव में गरीब बेटी की शादी कराई गई समाज से भी जनता भारत टीम के कार्यकर्ताओं ने बेटी को पूरे खुशी माहौल से उसके मायके से ससुराल के लिए विदा किया दहेज के पूरे सामान के साथ-साथ बारातियों का भव्य स्वागत किया गया इसके साथ ही टेंट से लेकर भजन सामग्री की तमाम व्यवस्थाएं टीम के कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत और परिश्रम से किया गांव के लोग भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे आपको बता दें की टीम के सदस्य पवन चौहान और वरिष्ठ सदस्य राम आश्रय चौहान ने अपनी मौजूदगी में बेटी का विवाह कराया उन्होंने कहा कि गांव गांव जाकर उनकी टीम सर्वे करती है इसके साथ ही जो भी जरूरतमंद परिवार हैं उनकी बेटियों का विवाह हम सब करते हैं उन्होंने कहा कि सरकार को भी इस महीने में हमारा साथ देना चाहिए जिसके कारण हम और अच्छे से इस कार्यक्रम को कर सके आपको बताने की समाज से भी टीम के द्वारा पांचवी शादी है और लगातार कार्यकर्ता जरूरतमंदों के पास जाकर उनकी मदद करते हैं आपको बता दे कि गांव में आज के मौके पर टीम के अन्य सदस्य रवि चौहान भीमसेन चौहान पवन चौहान राजेश चौहान मनोज शुक्ल पूर्व प्रधान और टीम के समस्त कार्यकताओं ने बेटी की शादी करने के लिए अपना संपूर्ण योगदान दिया।

## छात्रा वसुंधरा सैन हत्याकांड में एम डब्ल्यू ओ ने की कार्रवाई की मांग

अमेठी । राजस्थान के बीकानेर जिले के ग्राम रणजीतपुरा में आठवीं कक्षा की छात्रा परीक्षा देने गई 13 वर्षीय कुमारी वसुंधरा सैन के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म एवं निर्मम हत्या की घटना के विरोध में उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद में सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (एमडब्ल्यूओ) की प्रांतीय कमेटी द्वारा जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से राजस्थान के मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट परिसर में पांच मांगों का बैनर लेकर पहुंचा और घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग की।

डिप्टी मजिस्ट्रेट नीतेश राज ने ज्ञापन प्राप्त किया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष श्री घनश्याम शर्मा ने ज्ञापन को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया तथा प्रशासन से अनुरोध किया कि इसे शीघ्र राजस्थान सरकार तक प्रेषित किया।

संगठन ने कहा कि यह घटना केवल एक परिवार या समाज विशेष नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की संवेदनाओं को झकझोर देने वाली है। मासूम बालिका के साथ हुआ यह अमानवीय अपराध मानवता पर कलंक है और इससे समाज में आक्रोश व्याप्त है ।संगठन की पांच सूत्रीय मांगें,ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने राजस्थान सरकार से निम्नलिखित मांगें की ,प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोष सिद्ध होने पर कठोरतम दंड दिया जाए।. पीड़ित परिवार को न्यूनतम 1,00,00,000 (एक करोड़ रुपये) का आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति दी जाए। प्रदेश में बालिकाओं की सुरक्षा हेतु प्रभावी एवं सख्त नीतिगत कदम उठाए जाएं। प्रांतीय अध्यक्ष श्री घनश्याम शर्मा ने कहा कि यदि दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन व्यापक स्तर पर लोकतांत्रिक आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी समाज में असुरक्षा की भावना को बढ़ाती है, इसलिए राज्य सरकार को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कदम उठाने चाहिए ।कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा, प्रांतीय सचिव उदय राज शर्मा, महासचिव शिव दयाल शर्मा, मीडिया सेल प्रभारी संतोष सेन तथा गौरीगंज ब्लॉक अध्यक्ष त्रिवेणी शर्मा उपस्थित रहे।

## पूर्व नायब तहसीलदार ने एआईएमआईएम पार्टी ज्वाइन की

इटावा। विधानसभा क्षेत्र में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की जनहितकारी नीतियों, सामाजिक न्याय के अडिग संकल्प एवं दूरदर्शी नेतृत्व से प्रभावित होकर नई बस्ती कटरा शमशेर खां निवासी हाजी मोहम्मद सलीम एवं हाजी अब्दुल हलीम पूर्व नायब तहसीलदार ने पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. शमशाद हुसैन वारसी के नेतृत्व में औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष डॉ. वारसी ने दोनों सम्मानित समाजसेवियों का पार्टी परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि उनका जुड़ना केवल सदस्यता ग्रहण करना नहीं, बल्कि इटावा की राजनीति में जागरूकता, स्वाभिमान और सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में मजलिस का कारवां पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश में भी संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। नवनियुक्त सदस्यों ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम का समापन आपसी भाईचारे और एकजुटता के संदेश के साथ हुआ।

# तीन वर्ष की निरंतर उपलब्धियों पर खुशी व उपासना सम्मानित

## डीएम गौरांग राठी ने विद्यालय आने का दिया आश्वासन

जिला संवाददाता

उन्नाव। कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय गौरवपूर्ण माहौल बन गया जब गौरांग राठी, जिलाधिकारी उन्नाव ने रामपुर गढ़ौवा की छात्राओं खुशी और उपासना को लगातार तीन वर्षों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए अपने कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया। उन्होंने दोनों छात्राओं को स्वर्ण पदक पहनाकर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

सम्मान समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने शीघ्र ही उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा पहुंचने की घोषणा की। उन्होंने बच्चों के बीच समय बिताने और उनके साथ एक अभ्यास मैच खेलने की इच्छा जताई। विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और खेलों में मिल रही निरंतर सफलताओं की सराहना करते हुए उन्होंने विद्यालय परिवार बच्चों के कोच की भूमिका निभा रहे शिक्षक प्रदीप वर्मा की प्रशंसा की। प्रदीप वर्मा द्वारा एमडीएम शेड निर्माण और विभिन्न झूलों की व्यवस्था के प्रस्ताव पर उन्होंने सहमति देते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।



### एलबीडी में रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल ने जीता डीएम का दिल

होली के अवसर पर छात्राओं ने विद्यालय की लर्निंग बाई डूइंग प्रयोगशाला में तैयार किए गए लाल, पीले, हरे, गाजरी और गुलाबी हर्बल गुलाल जिलाधिकारी को भेंट किए। आकर्षक ढंग से सजाए गए डिब्बों में सजे इन रंगों ने सबका ध्यान खींचा। जिलाधिकारी ने गुलाल निर्माण की पूरी प्रक्रिया और उसके उद्देश्य को विस्तार से समझा। छात्राओं ने बताया कि केमिकल युक्त व विदेशी गुलाल से त्वचा की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शिक्षक प्रदीप के मोबाइल पर निर्माण प्रक्रिया का वीडियो देखने के बाद जिलाधिकारी ने होली में सुरक्षित व स्वदेशी गुलाल के प्रयोग को प्रोत्साहित किया।

### बढ़ाया जनपद का मान

खुशी और उपासना ने बीते तीन वर्षों में खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी प्रतिभाओं को हर संभव सहयोग दिया जाएगा ताकि वे आगे चलकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएं। उन्होंने विद्यार्थियों के सुरक्षित और सशक्त भविष्य के लिए आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया और जल्द ही विद्यालय पहुंचकर सभी बच्चों से मिलने की बात दोहराई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न टीवी चैनलों के पत्रकारों ने छात्राओं का साक्षात्कार लिया। शिक्षक संजीव संखवार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन प्रशासन और विद्यालय के समन्वय का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा, जिसने प्रतिभा, नवाचार और आत्मनिर्भरता के संदेश को मजबूती दी।

## फागुन आया , सरसों के पीले फूलों की बिछी चादर

जौनपुर। फागुन का महीना आग या है । जिले भर के ग्रामीणों क्षेत्र में प्रकृति मानो अपने पूरे श्रृंगार में उतर आयी है। चारों तरफ पतझड़ की उदासी को पीछे छोड़ खेतों में सरसों के पीले फूलों की चादर बिछ गयी है और गेहूं की हरी-भरी बालियां हवा के झोंकों संग लहराने लगी हैं।

ज्ञात हो कि यह दृश्य केवल आंखों को सुकून ही नहीं देता, बल्कि मनुष्य के जीवन में भी नई ऊर्जा और उमंग भर देता है ।फागुन की यह बहार ग्रामीण अंचल में एक अलग ही उत्सव का माहौल बना देती है। खेतों में खिले सरसों के फूल वातावरण को खुशबू और रंगों से भर देते हैं। वहीं गेहूं की हरियाली किसानों के चेहरे पर उम्मीद और खुशी की चमक ला देती है। खेतों में काम करते किसान और मजदूर भी इस मौसम में अलग ही उत्साह के साथ नजर आते हैं। प्रकृति का यह परिवर्तन केवल खेती-बाड़ी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि गांवों में त्योहारों की रौनक भी बढ़ जाती है। फागुन के साथ ही होली का पर्व नजदीक आता है, जिससे हर घर में खुशियों की तैयारी शुरू हो जाती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के मन में उमंग का संचार होता है। सरसों के पीले फूल और गेहूं की हरियाली यह संदेश देती है कि जीवन में हर पतझड़ के बाद नई बहार जरूर आती है। यही कारण है कि फागुन का यह मौसम लोगों के लिए सिर्फ मौसम नहीं, बल्कि नई उम्मीद, उत्सव और आनंद का प्रतीक बन जाता है। फागुन की यह बहार गांव-देहात में खुशियों का रंग बिखेर रही है और हर दिल में नए उत्सव की दस्तक दे रही है।

## एम डब्ल्यू ओ संगठन ने शकीला बानो की बचाई जान

अमेठी। जनपद में जीवनदायनी संगठन के रूप में उभरता हुआ सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑगेनाईजेशन के द्वारा निरंतर जरूरतमंदों की मदद की जाती रही है। ऐसे में जिला अस्पताल सुल्तानपुर में भर्ती मरीज शकीला बानो पत्नी मोहम्मद मुस्लिम निवासी परसौली अमेठी को ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर पत्रकार विनोद पांडे जी डायरेक्टर देव एकेडमी अमेठी की सूचना पर सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑगेनाईजेशन टहड के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा के द्वारा सुल्तानपुर के गोमती हॉस्पिटल से 2 यूनिट ब्लड दिलाया गया।

## बेटी को खरीद कर दिया 3 लाख का भाई, 10 महीने के बच्चे का सौदा

**इटावा।** में बेटी को भाई दिलाने की जिद पर दंपति ने बच्चा खरीदकर दे दिया। 10 माह के मासूम को नंदनकानन एक्सप्रेस से अपहत किया गया। मां को नशीला लड्डू खिलाकर वारदात को अंजाम दिया। इसी दौरान आरोपी मासूम को लेकर फरार हो गया। इसके बाद साढ़े तीन लाख रुपये में एक दंपति को बेच दिया। मिजार्पुर स्टेशन के पास महिला को होश आया तो बेटा सीट से गायब था। रोने-बिलखने पर रेलवे अधिकारियों को सूचना दी गई। मामला जीआरपी के जरिए इटावा ट्रांसफर हुआ और जांच तेज कर दी गई। पुलिस ने छह दिन की जांच के बाद बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। इसी मामले में जेल भेजे गए एक आरोपी की सोमवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना राजकीय रेलवे पुलिस क्षेत्र की है। घटना 14 जनवरी की रात की है। अलीगढ़ की रहने वाली मुन्नी अंसारी अपने 10 माह के बेटे इब्राहिम को लेकर नंदनकानन एक्सप्रेस से झारखंड के कोडरमा स्थित मायके जा रही थीं। ट्रेन में हरे रंग का स्वेटर पहने एक युवक ने बातचीत शुरू की और भरोसा जीतकर लड्डू खाने को दिया। लड्डू खाते ही महिला बेहोश हो गई। बच्चा चोरी होने की शिकायत मिलने पर इटावा जीआरपी ने अलीगढ़ स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। टिकट विंडो पर महिला के आसपास दिखे एक संदिग्ध युवक को ट्रेस किया गया। ऑनलाइन टिकट पेमेंट की टाइमिंग और डिटेल से पुलिस आरोपी तक पहुंची।

संक्षेप

## हाईवा खरीद सौदे में दो लाख हड़पने का आरोप, एसपी से की शिकायत

**ललितपुर**। हाईवा वाहन खरीद के सौदे में धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला सामने आया है। झांसी जनपद के थाना बबीना क्षेत्र के ग्राम वधौरा निवासी महेंद्र पुत्र शिवकुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार उसने 6 जनवरी 2025 को तालबेहट निवासी व्यक्ति से हाईवा (रजिस्ट्रेशन संख्या यू.पी. 94 टी 3311) को 12 लाख रुपयेमेंखरीदनेकासौदाकियाथा।सौदे के तहतपीड़ित नेबतौर पेशगी 1 लाख रुपयेनकदऔर 1.50लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से, कुल 2.50 लाख रुपये दे दिए थे। तय हुआ था कि शेष 9.50 लाख रुपये देने के बाद वाहन उसके नाम ट्रांसफर कर दिया जाएगा। महेंद्र का आरोप है कि आरोपी ने न तो वाहन उसके नाम किया और न ही दी गई रकम वापस की।

उसने बताया कि फोनपे से दिए गए 50 हजार रुपये लौटाने के बाद आरोपी अब शेष 2 लाख रुपये वापस देने से साफ मना कर रहा है और लगातार टालमटोल कर रहा है। प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मरवाने की धमकी दी।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शेष 2 लाख रुपये दिलवाने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## प्रवेश द्वार का किया लोकार्पण

ललितपुर। विकास खंड महरौनी की ग्राम पंचायत कुम्हैड़ी में बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया गया। एमएलसी रमा आरपी निरंजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं। उन्होंने 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे लौह पुरुष के सम्मानमें स्थापितयहप्रवेश द्वार आने वाली पीढि ?ों को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देगा। लोकार्पण समारोह में महरौनी क्षेत्र तथा ललितपुर जनपद के जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सुजान पटेल, अरविंद माते, जयराम निरंजन, आशाराम माते, कांशीराम, नीतेश पटेल, अभिषेक विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान प्रकाश निरंजन, रवि रजक, निशांत पटेल सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वादों का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाये: मंडलायुक्त




जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर**। मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किया कि रेस्टोरेशन वादों का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक प्रकरण में दोनों पक्षों को समुचित अवसर प्रदान करते हुए उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी जाए, तत्पश्चात तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर निर्णय लिया जाए। मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह मंगलवार की शाम बिजनौर कलेक्ट्रेट निरीक्षण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दे रहे थे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित रेस्टोरेशन वादों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि न्यायिक कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने आपदा विशेषज्ञ को निर्देशित किया कि आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि आपदा विशेषज्ञ लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखें तथा संभावित आपदाओं के संबंध में पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। क्षति आकलन की प्रक्रिया समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से पूर्ण की जाए। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा माननीय मंडल आयुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पूर्ण गंभीरता के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अपर आयुक्त एवं डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख चैधरी विजेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा एवं कुणाल रस्तोगी, उप जिलाधिकारी सदर रितु चैधरी डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला आदि अधिकारी मौजूद थे।

# धान खरीद में अफसरशाही का पहरा, किसानों की लगी लाइन



**बांदा**। जिला संयोजक सहकारिता उदित नारायण द्विवेदी और बी पैक्स अध्यक्ष दीनदयाल द्विवेदी के औचक निरीक्षण में धान खरीद प्रक्रिया में अनियमितता सामने आई है। कस्बा अतर्रा मंडी स्थित खरीद केंद्र के निरीक्षण में किसानों की परेशानी और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि 20 जनवरी को बिना किसी स्पष्ट कारण के धान खरीद अचानक बंद कर दी गई। करीब तीन सप्ताह बाद 11 फरवरी को खरीद दोबारा शुरू की गईए लेकिन तब भी सीमा घटाकर मात्र 100 कुंतल कर दी गई। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस तरह के बयान से सरकार की छवि धूमिल हो रही है और जनता सीधे शासन को जिम्मेदार मान रही है ।निरीक्षण के दौरान शाम 4 बजे तक सिर्फ 150 कुंतल धान की तौल पाई गईए जबकि प्रतिदिन 600 कुंतल की सीमा तय है। जब मार्केटिंग इंस्पेक्टर आशीष गुप्ता से दिनभर की तौल का आंकड़ा पूछा गया तो वह स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। किसानों का आरोप है कि उनका धान महीनों से केंद्र पर पड़ा हैए बोरे नहीं दिए जा रहेए मशीनें समय.बेसमय बंद की जाती हैं तथा अढ़तियों का धान प्राथमिकता से खरीदे जाने की बात सामने आई है। बी पैक्स अध्यक्ष दीनदयाल द्विवेदी ने डिप्टी आरएम रामानंद जायसवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि खरीद व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। 28 फरवरी से खरीद बंद होनी हैए जबकि कई केंद्रों पर बड़ी मात्रा में धान अब भी पड़ा है। किसानों को आशंका है कि समय सीमा के कारण उनका धान अधर में लटक सकता है।

## इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं, बिना भेदभाव जरुरतमंदों की मदद करना जरुरी: शैलू



**नगीना, बिजनौर**। खुदा की इबादत जितनी जरूरी है उतनी ही खुदा की इबादत के साथ-साथ इंसानियत भी जरूरी है। मोहल्ला लुहारी सराय निवासी अब्दुल माजिद के बेटे शैलू कहते हैं की ॢहमने तो रोती हुई आंखों को हंसाया है सदाॢ इससे बेहतर तो इबादत हमसे हो नहीं सकती। उनका कहना है कि इंसानियत भी किसी इबादत से कम नहीं और जरुरतमंदों कि मदद करना सबसे बड़ा धर्म है।

नगीना के मोहल्ला लुहारी सराय निवासी मधुर व्यवहार और अपनी सादगी से लोगो का दिल जीतने वाले शैलू ने रहमतों वाले पवित्र रमजानुल मुबारक माह में खास मुलाकात के दौरान कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है, इंसानियत हर धर्म पर भारी है। उन्होंने कहा कि जितनी जरूरी खुदा की इबादत है उसी तरह इंसानों के लिए खुदा की हर मखलूफ के लिए इंसानियत भी होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों, असहाय व निर्धनों की मदद करना, भुखे को खाना खिलाना, पंछियों को पानी व दाना, और जानवरों के खान-पान का ध्यान रखना भी एक इबादत है। उन्होंने साफ कहा कि हमारा इस्लाम बताता है कि पड़ोस में रहने वाला शख्स भूखा ना रहें, पड़ोसी किसी भी जात या मजहब का हो। उन्होंने कहा कि इस्लाम ने पड़ोसी शब्द लिखा है बिरादरी या जात शब्द नही बताया है। उन्होंने कहा कि दुश्मन पर भी रहम करों, सड़क पर रखे, पत्थर को हटाना भी नेकी के दायरे में आता है। सिर्फ इंसान देखो जात या बिरादरी एंव मजहब ना देखो। उन्होंने संपन्न लोगों से अपील कर कहा की समय समय पर हैसियत अनुसार जरूरतमंदों की मदद किया करें।

## फर्जी पत्रकार बनकर ब्लैकमेल करने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**बांदा**। पत्रकार बन फोन कर गुंडा टैक्स की मांग करने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। गिरवां थाना के ग्राम मसुरी निवासी धीरज मिश्रा पुत्र लवलेश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती 12 फरवरी को पत्रकार बनकर मयंक शुक्ला उर्फ मंजुल ने उसे फोन कर गुंडा टैक्स की मांग की। कहा कि उसने बार.बार व्हाट्सअप काल कर तेरा ब खदान की शिकायतों की धमकी दी और पांच हजार रुपये देने को कहा तथा पैसा न देने पर बालू खदान की खबरें बंद न होने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि इसी तरह फर्जी पत्रकार मयंक ने ग्राम विकास अधिकारी पूजा सिंह को भी ब्लैकमेल कर वसूली की और जिले में अब तक दर्जनों लोगों के साथ ठगी व ब्लैकमेल कर वसूली की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मयंक शुक्ला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित



जिला संवाददाता

**ललितपुर**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर सभागार में सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न ब्लॉकों से आए चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्स ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य विषय-उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान और त्वरित प्रबंधन रहा। कार्यशाला का उद्देश्य ए०एन०एम० की क्षमताओं को विकसित करना है ताकि वे गर्भावस्था के दौरान आने वाली जटिलताओं को शुरूआती चरणों में पहचान सकें और समय रहते उचित उपचार या रेफरल सुनिश्चित कर सकें उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गंभीरसिजेरियन सेक्शन जैसे मामलों की पहचान पहली तिमाही में ही की जा सकती है। प्रशिक्षण में श्खतरे के संकेतों जैसे अत्यधिक सूजन, धुंधला दिखना या अचानक रक्तस्त्राव होने पर तत्काल कार्रवाई करने के तरीके बताए गए। आपातकालीन स्थिति में गर्भवती महिला को बिना समय गंवाए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजने की प्रक्रिया को समझाया गया। डिजिटल माध्यमों पर हाई रिस्क मामलों की ट्रैकिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि हमारा लक्ष्य शून्य मातृ मृत्यु दर, प्राप्त करना है यदि हम समय रहते उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर लेते हैं, तो हम न केवल मां की जान बचा सकते हैं, बल्कि शिशु को भी स्वस्थ जीवन दे सकते हैं। यह प्रशिक्षण हमारे स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ को मजबूत करेगा। प्रशिक्षण, डा० विशाल पाठक ने बताया कि यह प्रशिक्षण पहले आकांक्षी ब्लॉक मड़ावरा को ए०एन०एम० को दिया जायेगा तदोपरांत अन्य ब्लाकों में प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा बैठक के दौरान विनीत कुमार, मयूरी नोडल ऑफिसर आई आई एच एम आर दिल्ली पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ आदि उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य पर दर्ज एफआईआर के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस



**ललितपुर**। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को कांग्रेसजनों ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के कथित उत्पीड ? पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की गई। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय की मंशा का उल्लेख करते हुए कहा गया कि

- जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

वर्तमान सरकार आलोचना और सही सुझावों को सुनने के बजाय उन्हें दबाने का कार्य कर रही है। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि सरकार के विरुद्ध मुखर होकर अपनी बात रखने वाले ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती और उनके शिष्यों को अनावश्यक रूप से परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार कुम्भ के दौरान मौनी अमावस्या के पुण्य अवसर पर पुलिस द्वारा शंकराचार्य और उनके शिष्यों को स्नान करने से रोका गया तथा उनके साथ आए साधुओं के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि अब शंकराचार्य, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सहित कई अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ यौन शोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज कराए जाने से मामला और गंभीर हो गया है। ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का हवाला देते हुए कहा गया कि ये प्रावधान धार्मिक स्वतंत्रता तथा धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों के प्रबंधन का मौलिक अधिकार प्रदान करते हैं।

कांग्रेसजनों ने कहा कि शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक माना जाता है, जिसकी मान्यता ऐतिहासिक धार्मिक परिपाटियों से निर्धारित होती है। जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि एफआईआर दर्ज कराने वाले व्यक्तियों की पृष्ठभूमि, परिस्थितियों और संभावित प्रेरक तत्वों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सत्य सामने आ सके। साथ ही उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार से आह्वान किया कि शंकराचार्य और उनके शिष्यों का कथित उत्पीड ? तत्काल प्रभाव से रोका जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन सौंपते समय डा.दयाराम रजक, जसपाल सिंह बंटी, बलवंत सिंह, शशिकान्त दीक्षित, कुलदीप पाठक, रामनरेश दुबे, आशाराम तिवारी, नेहा, असलम खान, मु.आसिफ, कृष्ण कुमार, ऋषभ रजक, महेश चंद्र, दीपक कुमार, इमरान, गजेन्द्र सिंह, प्रेम नामदेव, राहुल सेन के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा**। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला श्री नन्हेलाल द्वारा गठित टीम के द्वारा वांछित अभियुक्त जयहिन्द पुत्र रामबाबू निवासी उमरी थाना विवांर जनपद हमीरपुर को धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरण में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे परथनिया तिराहा से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

## बैराज में छलांग लगाने वाले योगेश का पांच दिन बाद भी नहीं लगा सुराग, परिजन परेशान

**बिजनौर**। खो बैराज में कूदे युवक का पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। युवक योगेश के पिता दिनेश सैनी हर रोज बेटे की तलाश मे आते है। घटना के बाद से परिजन सदमे में हैं, जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार थाना धामपुर क्षेत्र निवासी योगेश सैनी (29 वर्ष) पुत्र दिनेश सैनी ने पांच दिन पूर्व थाना शेरकोट क्षेत्र के खो बैराज में छलांग लगा दी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तलाश शुरू कर दी गई।

खोजबीन के लिए पीएसी की टीम को भी लगाया गया है। गोताखोरों द्वारा बैराज के आसपास के क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। पिता दिनेश सैनी ने बताया कि उसके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार का कहना है कि जब तक योगेश का कोई पता नहीं चलता, तब तक उन्हें चैन नहीं मिलेगा। लोगों की भीड प्रतिदिन बैराज पर एकत्र हो रही है और प्रशासन से बैराज में कूदे योगेश को शीघ्र बरामद करने की मांग की है।

# इमरजेंसी में ग्राम प्रधान की दबंगई, डॉक्टर का हाथ तोड़ा, कपड़े फाड़े

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बीती दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब शराब के नशे में पहुंचे मरीजों ने डॉक्टर और स्टाफ पर कथित तौर पर हमला बोल दिया। आरोप है कि मारपीट में डॉक्टर का हाथ फ्रैक्चर हो गया, कपड़े फाड़ दिए गए और जान से मारने की धमकी तक दे डाली गई। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और इलाज व्यवस्था कुछ समय के लिए प्रभावित हो गई ।कोतवाली

- घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई
- ग्राम प्रधान समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार, इमरजेंसी विभाग में तैनात डा.राजीव कुमार ने शिकायत में बताया कि 23 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3.15 बजे वह ड्यूटी पर मौजूद थे। तभी घायल अवस्था में शिवा कौशिक निवासी मनगुवा और मुकेश राजपूत निवासी ननौरा इलाज के लिए पहुंचे।

डॉक्टर का आरोप है कि दोनों ने अत्यधिक शराब पी रखी थी। तहरीर के मुताबिक, स्टाफ द्वारा उपचार शुरू किए जाने के बाद दोनों ने अचानक इलाज से इनकार कर दिया और डॉक्टर व वार्ड बॉय के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों ने कथित तौर पर मारपीट शुरू कर दी ।डॉक्टर ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने ग्राम प्रधान कुआतला विजय राजपूत को बुलाया, जिसके मौके पर पहुंचते ही स्थिति और बिगड़ गई।

तीनों ने मिलकर डॉक्टर के साथ हाथापाई की, उनके कपड़े फाड़ दिए और चश्मा तोड़ दिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि ग्राम प्रधान ने डॉक्टर की गर्दन पकड़कर जान से मारने की धमकी दी ।हमले के समय इमरजेंसी में अन्य मरीज भी मौजूद थे, जिससे उपचार कार्य बाधित हुआ और अस्पताल परिसर में हड़कम्प मच गया। डॉक्टर के अनुसार, इस मारपीट में उनके दाहिने हाथ में फ्रैक्चर सहित गंभीर चोटें आई हैं, जबकि स्टाफ के साथ भी अभद्रता की गई ।मामले को गंभीर मानते हुए कोतवाली ललितपुर पुलिस ने डा. राजीव कुमार की तहरीर पर शिवा कौशिक, मुकेश राजपूत और ग्राम प्रधान विजय राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 132, 121(1), 352, 115(2), 324(2) और 351(3) में मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार को सौंपी गई है।


पुलिस का कहना है कि आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी सहित आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, घटना के बाद अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों में भारी आक्रोश है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग उठने लगी है।

## नवीन कृषि तकनीक सीखने को किसानों का समूह रवाना



**बांदा**। नाबार्ड समर्थित पिपरोदर वाटरशेड परियोजना के तहत उन्नत कृषि तकनीकों के अध्ययन के लिए 32 किसानों का एक्सपोजर विज़िट भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थानए पूसा कृषि विज्ञान मेलाए नई दिल्ली के लिए रवाना हो गया ।मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने किसानो के दल को विकास भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी ने नाबार्ड और आदर्श ज्ञान विज्ञान विकास संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश की प्रतिष्ठित संस्था आईसीएआर.आईएआरआई में आयोजित कृषि विज्ञान मेले के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियोंए नवीन तकनीकों एवं आधुनिक कृषि नवाचारों की जानकारी मिलेगीए जिससे उनकी आय वृद्धि एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलेगा। एक्सपोजर विज़िट का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकोंए जल संरक्षण उपायों तथा बेहतर कृषि प्रबंधन प्रणालियों से अवगत कराना हैए ताकि परियोजना क्षेत्र में उन्नत एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान डीडीएम नाबार्ड संदीप कुमार गौतमए एलडीएम रवि शंकरए उप कृषि निदेशक डॉण अभय कुमार यादव व जिला कृषि अधिकारी संजय कुमारए आदर्श ज्ञान विज्ञान विकास संस्थान के अध्यक्ष रवि यादवए प्रबंधक अभय प्रताप सिंहए अवर अभियंता महेंद्र कुमारए पुनीत विश्वकर्माए आजाद मोहम्मद मौजूद रहे।

## उपनिदेशक उद्यान ने किया खेती का सत्यापन



**बांदा**। उपनिदेशक उद्यान ने विकास खंड महुआ के ग्राम पिथौराबाद में प्याजए टमाटर की खेती का औचक निरीक्षण और सत्यापन किया। यह सत्यापन एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत किया गया। बताते चलें कि उद्यान विभाग ने योजना के तहत किसानों को निःशुल्क बीज वितरित किए थे। जिसे लेकर उपनिदेशक उद्यान ने मौके पर जाकर इन बीजों के उपयोग और वर्तमान में फसलों की स्थिति का जायजा लिया। सत्यापन के दौरान उन्होंने पाया कि ग्राम पिथौराबाद में उद्यान विभाग की योजनाओं का व्यापक असर दिख रहा है। लगभग 45 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्याज और लगभग 30 हेक्टेयर क्षेत्रफल में टमाटर की खेती की जा रही है। उपनिदेशक उद्यान ने किसानों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पारंपरिक खेती से हटकर बागवानी फसलों को अपनाने से किसानों की आय में वृद्धि होगी। बीजों का सही सदुपयोग देखकर अधिकारियों ने संतोष जताया। इस दौरान स्थानीय किसान और विभाग के कर्मचारी नवनीत त्रिपाठीए अरुण कुमार व दिग्विजय सिंह मौजूद रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बबेरू बांदा

पत्रांक- 2275/ आंकिक / निविदा / 2025-26 दिनांक 19/02/2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से वर्ष 2025-26 में क्रिटिकल गैप्स कार्य योजना के सापेक्ष संयुक्त सचिव नियोजन अनुभाग - 4 उ.प्र. शासन लखनऊ के पत्र संख्या 67/2025 / 511/35-4-2025 / 35-4002 (099)/3/2024 दिनांक 14 मई 2025 के क्रम में क्रिटकल गैप्स की पूर्ति योजना के अधीन विकास खण्ड बबेरू की ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यों को कराये जाने की स्वीकृत प्रदान की गयी है। उक्त क्रम में जिलाधिकारी महोदया, बांदा के पत्र संख्या 1249 / अर्थ एवं संख्या / क्रिटिकल गैप्स / 2025-26 दिनांक 07.02.2026 अन्तर्गत वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के अनुसार प्राप्त धनराशि के क्रम में नामित कार्यदायी संस्था कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बबेरू बांदा द्वारा निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें दिनांक 09.03.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बबेरू, बांदा के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खण्ड विकास अधिकारी या मनोनीत प्रतिनिधि के द्वारा खोली जायेगी।

| निविदा बिक्री की निर्धारित तिथि (अवकाश छोडकर) | निविदा डालने की निर्धारित तिथि व समय | स्थान जहां निविदायें बिक्री अथवा डाली जायेगी। (अवकाश छोडकर) |
|---|---|---|
| दिनांक 27.02.2026 से दिनांक 09.03.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक) | दिनांक (09.03.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक) | खण्ड विकास अधिकारी बबेरू बांदा। |

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य (रुपए) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत उमरहनी में बाउण्ड्रीवाल एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य | 4.67 | 9340.00 | 600.00 | 20 दिन |
| 2 | ग्राम पंचायत सांडा में आरोग्य मंदिर में बाउण्ड्रीवाल एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य | 5.79 | 11580.00 | 700.00 | 20 दिन |
| 3 | ग्राम पंचायत बगेहटा में बाउण्ड्रीवाल एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य | 7.77 | 15540.00 | 950.00 | 20 दिन |
| 4 | ग्राम पंचायत पेस्टा में बाउण्ड्रीवाल एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य | 4.50 | 9000.00 | 600.00 | 20 दिन |
| 5 | ग्राम पंचायत मुरवल में बाउण्ड्रीवाल एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य | 6.10 | 12200.00 | 700.00 | 20 दिन |

**नियम एवं शर्तेः-**

1. कम से कम दर वाली पंजीकृत फर्म की ही निविदा स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा बिना किसी कारण के निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
3. सशर्त निविदा स्वीकृत नहीं होगी।
4. अनुमानित कार्य की लागत का 2 प्रतिशत जमानत धनराशि एफडीआर / एन.एस.सी. आदि के रूप में सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार को नियमानुसार जमा करनी होगी एवं स्वीकृत निविदादाता फर्म को 8 प्रतिशत की अतिरिक्त धरोहर धनराशि एफडीआर / एनएससी आदि के रूप में निविदा प्रस्तुत करते हुए संबंधित फर्म / ठेकेदार को नियमानुसार जमा करनी होगी, जो कि खण्ड विकास अधिकारी के नाम बंधक होगी।
5. फर्म / ठेकेदार का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है एवं आयकर होना चाहिए। जिसकी प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. निविदादाता को निविदा मूल्य 100 रुपए का स्टाम्प रू. 1.00 रसीदी टिक सहित स्वहस्ताक्षरित होना चाहिए।
7. फर्म / ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण कराने के उपरान्त जी. एस. टी. आयकर एवं रॉयल्टी की कटौती करने के बाद भुगतान किया जायेगा। इसमें किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।
8. कार्य की स्वीकृत लागत के आवश्यकतानुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है एवं प्रस्तुत दरें प्राक्कलन की दरों से ज्यादा मान्य नहीं होगी।
9. कार्य की पूर्णता अवधि के अंदर ही करनी होगी।
10. निविदायें खुलने की तिथि के दिन अवकाश घोषित होने की स्थिति पर अगले कार्य दिवस पर निविदायें खोली जायेगी।
11. निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय से अथवा जिला विकास कार्यालय बांदा से प्राप्त किये जा सकते हैं।
12. उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण या अधिक जानकारी के लिए किसी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

खण्ड विकास अधिकारी
बबेरू, बांदा।

# डाटा सेंटर में निवेश

दो दशकों में निजी क्षेत्र में जो नौकरियां बनी उसमें आईटी, सॉफ्टवेयर, स्टार्टअप और ई-कॉमर्स का बड़ा योगदान रहा है। लेकिन हर तकनीकी क्षेत्र का एक दौर होता है। जब उसमें तेजी से विकास होता है, तो जॉब के अवसर भी बड़े पैमाने पर बनते हैं। आईटी और सॉफ्टवेयर जैसे क्षेत्रों में फिलहाल ठहराव है और एआई आने के बाद इसमें कुछ संकुचन की बात भी कही जा रही है। लेकिन हर तकनीक अपने साथ नये अवसर भी लाती है। एआई के इस युग में डाटा सेंटर्स का बड़ा महत्व है और इसमें बड़े पैमाने पर निवेश भी आ रहे हैं। डाटा सेंटर से रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। बीते सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में निवेश के वादों की बाढ़ आ गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 110 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया जबकि अदाणी एंटरप्राइजेज ने कहा कि वह अगले एक दशक में हरित ऊर्जा संचालित डेटा सेंटर्स में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगी। कुछ विदेशी कंपनियों ने भी कहा है कि वे भारत में तथा अन्य विकासशील देशों में इस क्षेत्र में भारी पूंजी निवेश करना चाहती हैं। उदाहरण के लिए माइक्रोसॉफ्ट ने गत वर्ष 17.5 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया था और अब उसने संकेत दिया है कि वह विकासशील देशों में एआई अधोसंरचना विकास में 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता का इरादा रखती है। यह कम से कम आंशिक रूप से कुछ गहरे संरचनात्मक कारणों की प्रतिक्रिया है। भारत पहले से ही दुनिया



के सबसे बड़े डेटा उपभोक्ताओं में से एक है, और यह वार्षिक रूप से दो अंकों की दर से बढ़ रहा है। जैसे-जैसे हम देश डेटा संरक्षण और संप्रभुता के कुछ पहलुओं को लागू करने की ओर बढ़ रहे हैं, यह सुनिश्चित करना उचित है कि स्थानीय डेटा केंद्र बनाये जाएं ताकि वे वर्तमान और भविष्य की नियामक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। एक ऐसी अर्थव्यवस्था में जो व्यापक तौर पर निजी निवेश की कमी की शिकार हो, वहां इस क्षेत्र में ऐसे आंकड़ों का सामने आना उम्मीद जगाता है। शायद यही वजह है कि वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में उन कंपनियों को 20 वर्ष तक की कर राहत देने का प्रस्ताव रखा है जो भारत में क्लाउड क्षमता का इस्तेमाल करेंगी। यह अत्यंत आवश्यक है कि भारत का व्यापक निजी क्षेत्र भी इस बात पर गंभीरता से विचार करे कि यदि यह अधोसंरचना विकसित होती है, तो वे इसका प्रभावी उपयोग किस प्रकार कर सकते हैं। इसके लाभ केवल विदेशी कंपनियों तक ही सीमित नहीं रहने चाहिए। उस लिहाज से देखें तो इस अनुमानित उत्साह के साथ ही कुछ उचित प्रश्न भी पूछे जाने चाहिए। उदाहरण के लिए पानी और बिजली की उपलब्धता का प्रश्न डेटा सेंटर को लेकर होने वाली हर बहस में शामिल रहता है। बिजली आपूर्ति पर होने वाला व्यय किसी डेटा सेंटर के परिचालन का 20 से 40 फीसदी तक हो सकता है। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी बिजली दरें प्रतिस्पर्धी हों या कैप्टिव बिजली संयंत्रों की स्थापना और रखरखाव करना आसान हो। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकनॉमिक्स ऐंड फाइनैंशियल एनालिसिस के अनुसार देश में मौजूद डेटा सेंटर्स की क्षमता को 1.4 गीगावॉट से बढ़ाकर 9 गीगावॉट करने में देश की कुल बिजली का करीब 3 फीसदी खप जायेगा। यह औद्योगिक बिजली की मांग में बहुत बड़ा इजाफा है। पानी की खपत कहीं अधिक बड़ी चुनौती होगी क्योंकि कई क्षेत्रों में पानी के औद्योगिक, शहरी और कृषि इस्तेमाल को लेकर पहले से विवाद हैं। महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों ने भारत में डेटा सेंटर निर्माण को आकर्षित करने का प्रयास किया है। हालांकि, यह याद रखना अत्यंत आवश्यक है कि बड़े पैमाने पर निवेश तभी सफल होगा जब ऐसा खर्च लाभकारी माना जाएगा। कुछ बड़ी वैश्विक कंपनियां मसलन, रिलायंस और अदाणी आदि जो कंप्यूट क्षमता की संभावित खरीदार हैं, वे पिछले वर्ष में अपने निवेश को इतना बढ़ा चुकी हैं कि विश्लेषक अब यह प्रश्न उठाने लगे हैं कि वे पर्याप्त लाभ कब और कैसे अर्जित करेंगी। प्रौद्योगिकी में निवेश भविष्य की संभावनाओं पर केन्द्रित होता है। इसलिए आज डाटा सेंटर में जो निवेश होगा उसका प्रतिफल देश को, कंपनियों को और युवाओं को रोजगार के रूप में मिलेगा।

---

**विचार**

जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं, तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान तक नहीं देता।

–स्वामी विवेकानन्द.

अधिक जनसंख्या होने से या दूसरे देशों को हड़पकर कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता।

–रस्किन.

युवा अवस्था आवेशमय होती है। यदि वह क्रोध से आग हो जाती है, तो करुणा से पानी भी हो जाती है।

–प्रेमचंद.

जो विवेकी, विरक्त, शमी, दयी और मुमुक्षु हो, उसी में ब्रह्म विचार की योग्यता मानी जाती है।

–शंकराचार्य.

तुच्छ विचार वालों की संगति से मनुष्य की बुद्धि तुच्छ हो जाती है। समान श्रेणी के लोगों से ज्यों की त्यों बनी रहती है और उच्च विचार वालों की संगति से उत्कर्ष प्राप्त करती है।

–महाभारत.

# सेना के लिए जरूरी है इंटीग्रेटेड रॉकेट फोर्स



संजय श्रीवास्तव

> 'नीड ऑफ द ऑवर' समझे जाने वाले रॉकेट-मिसाइल फोर्स के एकीकृत कमांड का निर्माण हमारे रक्षा परिदृश्य को बदलकर रख देगा। इसमें मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन और कुछ दूसरे हथियार और आक्रमणरोधी प्रणालियां भी शामिल होंगी। बेशक इस मामले में चीन हमसे बहुत आगे निकल चुका है, मगर एक साल पहले इसकी शुरुआत करने वाले पाकिस्तान को हम अगले दो वर्षों में पछाड़ देंगे यह तय है।



भारत का 'एकीकृत रॉकेट बल' यानी इंट्रीग्रेटेड रॉकेट फोर्स अथवा आईआरएफ के निर्माण की योजना अब विचारों, सुझावों, चर्चाओं तथा प्रस्तावों की परिधि पार करके ठोस आकार लेने के करीब है। पिछले महीने ही सेना प्रमुख ने इसके गठन की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था और अब प्रस्ताव भी। भले ही इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है पर कुछ सैन्य सूत्रों बताते हैं कि बदलती युद्ध रणनीति एवं देश की सुरक्षा जरूरतों को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय सेना के रॉकेट-मिसाइल फोर्स का एकीकृत कमांड बनाने के प्रस्ताव को रक्षा प्रमुख की औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद सेना ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। अभी मिसाइल क्षमताओं का संचालन भारतीय सेना में कोर ऑफ आर्टिलरी, सामरिक बल कमांड के तहत किया जाता है। जल्द ही मिसाइलों, राकेटों और खास तरह के ड्रोन इत्यादि के कमांड के लिये एक अलग एकीकृत व्यवस्था होगी। सेना प्रमुख ही नहीं रक्षा प्रमुख सहित सभी इसे 'नीडस ऑंद द ऑवर' मानते हैं इसलिए इस बल का गठन शीघ्र और अवश्यंभावी है, मुमकिन है इस पर इस पर कुछ ठोस काम होने के बाद इसकी उचित समय पर रणनीतिक घोषणा हो।

रॉकेट और मिसाइलों की व्यवस्था को एकीकृत कर एक कमांड के तहत लाना और फिर उसे मिलिट्री एआई के अंतर्गत 'किल चेन' का हिस्सा बनाना भविष्य के युद्ध में टिकने के लिये अपरिहार्य है। फिलहाल चीन ने बहुत पहले 2015 में ही ऐसे बल का गठन कर लिया था और मिलेट्री एआई अथवा 'किल चेन' के मामले में वह अमेरिका से आज बस जरा सा ही पीछे है। वह इस प्रणाली पर अमेरिका से कई गुना ज्यादा खर्च कर रहा है, चीन इस पर 350 हजार करोड़ युआन खर्चता है, तो अमेरिका फिलहाल 125 करोड़ डॉलर और हम महज 25 हजार करोड़ रुपये। चीन की राकेट और मिसाइल के एकीकृत कमांड पीएलएआर हमसे कई साल और तकनीकी स्तर पर बहुत आगे है। फिलवक्त हमारी कवायद संख्यात्मक मामले में चीन की बराबरी का नहीं बल्कि असेमेट्रिक अथवा असममित मारक क्षमता विकसित करना है। चीन के बाद पाकिस्तान भी पिछले साल मई से शुरू कर अब तक अपनी आर्मी राकेट फोर्स कमांड को खासा विकसित कर चुका है। पाकिस्तान पश्चिम दिशा से आर्मी राकेट कमांड फोर्स के जरिये फतेह सीरीज की मिसाइलों और राकेटों से हमले कर सकता है, तो उत्तर से चीन अपनी

**सामयिक**

हाइपरसोनिक मिसाइलों से भारत को नुकसान पहुंचा सकता है। अगर दोनों देश मिलकर भारत पर हमला करते हैं, तो उनके रॉकेट-मिसाइलों के आगे भारत की रक्षा प्रणाली संकट में आ सकती है। इसलिए भारत को रॉकेट-मिसाइल फोर्स की बहुत जरूरत है, सो चीन और पाकिस्तान की तरफ से दुतरफा दबाव के मद्देनजर रक्षा मामले में सजग भारतीय सेना इस कमांड के गठन में अब और देर नहीं करेगी। वैसे भी इसका सुझाव 2021 में तत्कालीन सीडीएस विपिन रावत दे चुके थे और अब तक इसमें पांच बरस की देरी हो ही चुकी है। भले विचार के पांच साल बाद काम की शुरूआत हुई पर कमांड के गठन में बहुत देर नहीं लगेगी, तीन साल के भीतर यह पूरी तरह सक्रिय होगा।

पिछले तीन वर्षों में सेना इसके जरूरी 'हार्डवेयर' इकट्ठा कर चुकी है। 'प्रलय' मिसाइलों की दो नई यूनिट्स को मंजूरी मिल चुकी है और पिनाक रॉकेट सिस्टम की मारक क्षमता 300-450 किमी करने पर काम चल रहा है। चीन से हम आगे नहीं निकल पायेंगे मगर दो सालों से पहले ही पाकिस्तान को पछाड़ देंगे, तय है। दक्षिण एशिया में किसी और देश ने इस तरह के बल बनाने की न तो घोषणा की है न ही उनके पास तकनीकी और वित्तीय क्षमता है।

युद्ध के तौर तरीके बढते तकनीक दखल के चलते बदलते जा रहे हैं, एआई समर्थित मिलिट्री एआई, रॉकेट मिसाइल इंट्रीग्रेटेड फोर्स, ड्रोन इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। पहले मिसाइलों का इस्तेमाल केवल बड़े हमले या परमाणु निवारण के लिए होता था, आज मैदाने जंग में मिसाइलें केवल 'विस्फोटक ले जाने वाले वाहन' नहीं बल्कि 'स्मार्ट और ऑटोनॉमस हंटर' बन चुकी हैं। ये दूर बैठकर हमला करने यानी 'नॉन-कॉन्टैक्ट वारफेयर' का आधार हैं। मिसाइलों की सटीकता इस कदर उन्नत हो चुकी है कि अब मिसाइलें पूरे शहर को तबाह करने के बजाय एक विशिष्ट खिड़की या मोबाइल लॉन्चर को निशाना बनाती हैं। इनका इस्तेमाल विरोधी पर शुरूआती हमले में ही बढ़त बनाने, उनके प्रमुख स्थानों, संस्थानों पर रणनीतिक, घातक विध्वंस के अलावा दुश्मन को अपने ही क्षेत्र में सीमित रखने, एंटी एक्सेस अथवा एरिया डिनायल के लिये भी किया जा रहा है। भविष्य में एक साथ 50-100 छोटी मिसाइलें या ड्रोन छोड़े जा सकते हैं, जो आपस में 'संवाद' करेंगे। अगर एक मिसाइल नष्ट हो जाती है, तो दूसरी खुद-ब-खुद उसका लक्ष्य संभाल लेगी। जल्द ही ये एआई से सन्नद्ध होकर किल चेन का हिस्सा बनेंगी।

रॉकेट और मिसाइल हालांकि दोनों अलग-अलग हैं, रॉकेट के उलट मिसाइल तय टारगेट को हिट करने के लिए बनाई गई है, जिसमें इंटर्नल गाइडेंस सिस्टम भी होते हैं। पर अब वे इतने अलग नहीं रहे। दोनों ही बहुत असरदार और निर्णायक युद्धक सक्षमता साबित कर रहे हैं। भारतीय सेना अपनी लंबी दूरी की मारक क्षमता को बढ़ाने और मौजूदा आधुनिक युद्ध की जरूरतों के मुताबिक इन दोनों की अलग अलग खूबियों के इस्तेमाल हेतु रॉकेट और मिसाइलों को एक ही कमांड के तहत रखते हुए इसमें पिनाक मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, प्रलय टैक्टिकल बैलिस्टिक मिसाइल और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, निर्भय जैसे सिस्टम एवं विशेष तरह के ड्रोन के अलावा मिसाइल और एयर डिफेंस हथियार इत्यादि भी शामिल कर रही है, तो यह उचित ही है। यह विशेष रॉकेट-मिसाइल फोर्स अधिक तेजी से लंबी दूरी तक सटीक मार करने के साथ समान असर के लिए ज्यादा किफायती भी होगी। ये तीनों सेनाओं की संयुक्त यानी ट्राई-सर्विस फोर्स होगी जिसे चीन, पाकिस्तान से लगती सीमा पर तैनात किया जा सकता है। इस एकीकृत बल बनने के बाद भारत की रणनीतिक स्थिति बहुत मजबूत होगी। कमांड चेन छोटी होने से बेहतर तालमेल होगा तो त्वरित लक्ष्य भेदन संभव होगा। सेना अपनी सीमाओं के भीतर से ही पाकिस्तान या चीन के महत्वपूर्ण रसद केंद्रों और एयरबेसों को सटीक निशाना बनाने में सक्षम हो जाएगा।

'मिसाइल से मिसाइल' का मुकाबला करने की क्षमता बढ़ेगी तो 'कोल्ड स्टार्ट' जैसी रणनीतियों को और अधिक धार मिलेगी। इससे भारत को अपनी अग्नि सीरीज जैसी परमाणु मिसाइलों को रिजर्व में रखने की सुविधा मिलेगी; क्योंकि छोटे और मध्यम स्तर के टकरावों के लिए यह 'रॉकेट फोर्स' ही पर्याप्त होगी। इस बल का मुख्य उद्देश्य युद्ध की शुरूआत में दुश्मन के एयरबेस, संचार केंद्रों और ईंधन डिपो को तबाह करना होगा ताकि मिसाइल आक्रमणों की सटीकता विपक्षियों की कमर और मनोबल तोड़ दे, जिससे रणनीतिक बढत और वायुसेना तथा पैदल सेना को रास्ता मिल सके। भारतीय रॉकेट फोर्स की यही खासियत, तात्कालिकता, गति, सटीकता, मारक क्षमता होगी। भविष्य के युद्धों में इनकी भूमिका एआई तथा किल चेन के एकीकरण के बाद जो दुश्मन की पहचान करने से लेकर उसे नष्ट करने तक की एकीकृत व्यवस्था है, अत्यंत घातक हो जायेगी। उम्मीद है कि इस रॉकेट मिसाइल एकीकृत कमांड के गठन की घोषणा सरकार शीघ्र करेगी।

**सोशल मीडिया**

हर इंसान, एक समान यही है भारतीयता, यही है मोहब्बत की दुकान। उत्तराखंड के भाई मो. दीपक से मुलाकात– एकता व साहस की ऐसी लौ हर भारतीय में जलनी चाहिए। राहुल गांधी.



प्रसिद्ध भारतीय नृत्यांगना और राज्य सभा की प्रथम महिला मनोनीत सदस्य स्व: रुक्मिणी देवी अरुंडेल जी की पुण्य तिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि व नमन। केशव प्रसाद मौर्य.



भाजपा सरकार की सड़क मतलब दिल धड़क–धड़क! भाजपा में बस भ्रष्टाचार की परत मोटी है, बाकी हर काम में भाजपाइयों की नियत बहुत खोटी है, छोटी है। अखिलेश यादव



# साधना का लक्ष्य

**अंतर्दृष्टि**

अध्यात्म साधन, मानव जीवन का परम लक्ष्य अपने दृष्टिकोण खण्ड खण्डता, विभिन्नता, संकीर्णता से हटाकर सर्वत्र उस विश्वात्मा, परमात्मा की विराट सत्ता का दर्शन और उसकी अनुभूति प्राप्त करना मनुष्य के लिए यही सत्य और सनातन राजमार्ग है। अब जाति, गुण, कर्म, स्वभाव संस्कार आदि समाप्त हो जाते हैं। मानव मात्र में आत्मदृष्टि से देखने पर सर्वत्र उस विश्वात्मा की प्रतिष्ठापना के दर्शन होते हैं। इतना ही नहीं प्राणी मात्र वृक्ष, वनस्पतियां, जड़, चैतन्य में उसी परम शक्ति का क्रिया कलाप दिखाई देता है और तभी निर्वाचनीय आनन्द की प्राप्ति होती है। जिस क्षण उस विश्वात्मा की अनुभूति प्राप्त होगी उसी क्षण समस्त पाप, ताप, अभ्यास जनित संस्कार आचरणों का अंत हो जायेगा और अमृत यद्धि भाति अमृत रूप में जो सब में प्रकाशित है उसी अमृत में आत्मा का प्रवेश होगा। फिर सर्वत्र अनन्त आनन्द रूपी अमृत के ही दर्शन होंगे। हमारी आत्मा में भूमा स्थिति दिव्य प्रकाश मुखिरत हो उठेगा। साधना का तात्पर्य ही है साथ लेना, सधा लेना, पशु प्रशिक्षक यही करते रहते हैं। अनगढ़ और उच्छृंखल प्राणी को उपयोगी समझा जा सके। उसके बढ़े हुए स्तर का मूल्यांकन हो सके। पालने वाला अपने को लाभान्वित हुआ देख सके। सिखाने वाला भी अपने प्रयास की सार्थकता देखते हुए प्रसन्न हो सके।

समझा यह जाता है कि भक्त भगवान को साधता है। उसको मूर्ख समझते हुए उसकी गलतियां निकालता रहता है। तरह-तरह के उलाहने देता है। साथ ही गिड़गिड़ाकर नाक रगड़कर, खींसे निपोर कर अपना उचित अनुचित उल्लू सीधा करने के लिए जाल जंजाल बुनता है। प्रशंसा के पुल बांधता है। छिटपुट भेंट चढ़ाकर उसे फुसलाने का प्रयत्न करता है। समझा जाता है कि सामान्य लोगों से व्यवहारिक जगत में अदान-प्रदान के आधार पर ही लेन-देन चलता है पर ईश्वर या देवता ऐसे हैं जिन्हें वाणी की वाचालता तथा शारीरिक मानसिक उचक-मचक करने भर से वशवर्ती किया जा सकता है। यह दार्शनिक भूल मनुष्य को प्रकारान्तर से प्रच्छन्न नास्तिक बना देती है। एक नास्तिक वह है जो प्रत्यक्षवाद के आधार पर ईश्वर की सत्ता स्पष्ट दृष्टिगोचर न होने से उसकी सत्ता से इनकार करते हैं। दूसरे प्रच्छन्न नास्तिक वे हैं जो उससे पक्षपात की, मुफ्त में लंबी चौड़ी मनोकामनाओं की पूर्ति चाहते रहते हैं। मनुष्य विधि व्यवस्थाओं को तोड़ता छोड़ता रहता है। पर ईश्वर के लिए यह संभव नहीं है कि अपनी बनाई कर्म फल व्यवस्था का स्वयं उल्लंघन करे या दूसरों को ऐसा करने के लिए उत्साहित करे तथाकथित भक्त लोग ऐसी ही आशाएं किया करते हैं। अंततः उन्हें निराश होना पड़ता है।

# अर्थवादी जाल में फंसे...


**व्यंग्यलोक**

जब से फाउण्डेशन ने राज्य के साहित्यकारों के लिए पचास हजारी पुरस्कार की घोषणा की है, तब से लिखने-पढ़ने से संन्यास ले चुके लोग भी अपनी कलम-कूँची को झाड़-पोंछकर लिखने के उपक्रम में लगे हैं। एक मोटी राशि ने उनका साहित्यकार जगा दिया है तथा आम आदमी, सर्वहारा का दर्द तथा प्रगतिवादी चेतना को भूलकर अर्थवादी जाल में फँसे दिखाई देने लगे हैं। वैसे साहित्यकार कह यही रहे हैं कि वे इस सेठिया पुरस्कार को नहीं लेंगे, लेकिन पर्दे के पीछे लेने के पूरे जोड़-तोड़ बैठा रहे हैं। फाउण्डेशन के इस पुरस्कार से राज्य अकादमी के पुरस्कारों का महत्त्व अपने आप घट गया है, क्योंकि पुरस्कार प्रतिभा के नहीं, आर्थिक चेतना पर केन्द्रित हो गये हैं। इधर फाउण्डेशन ने राज्य के साहित्यकारों को अपने यहाँ से दूसरे साहित्यकार का नाम पुरस्कार के लिए भेजने के प्रस्ताव-पत्र भेजे, उधर हर साहित्यकार के मन में एक विचार ने अंगड़ाई ली कि, 'क्यों नहीं मैं ही ले लूँ?' इस तर्ज पर सबने अपने पास आये प्रस्ताव-पत्रों पर अपना ही नाम प्रस्तावित कर भिजवा दिया। किसी-किसी ने यह सावधानी बरती कि प्रस्ताव दूसरों के नाम से भिजवाये। यह धारणा साहित्यकारों में पुष्ट होती जा रही है कि दूसरा उनके लिए कुछ नहीं करेगा। जो कुछ करना है स्वयं उनको करना है, इसलिए वे पुरस्कार के लिए अपने आप मिलने की इंतजार में नहीं हैं अपितु वे स्वयं इसके लिए प्रयत्नशील हो गये हैं। सबसे बड़ी समस्या फाउण्डेशन के सामने यह खड़ी हो गयी है कि वह पुरस्कार किसे दे? राज्य के सभी तीन सौ साहित्यकारों ने अपने-अपने नाम भिजवा दिये हैं। इसलिए सर्वसम्मत निर्णय जटिल हो गया है। सबने अपने नाम भेजे हैं, इसलिए केवल प्रस्तावों के आधार पर तो निर्णायक हल निकाल पाना मुश्किल है। इधर हर साहित्यकार का मन इस बात के लिए आशान्वित है कि उसे तैयार रहना चाहिए, पता नहीं उसे ही पचास हजार का पुरस्कार मिल जाये। कई एक साहित्यकारों को इस बात की पीड़ा है कि चाहे किसी 'ऐरे गैरे नत्थू खैरे' को पुरस्कार मिल जाये लेकिन, मुझे नहीं मिलना चाहिए। इसके लिए वे भाँति-भाँति के उपाय कर रहे हैं। उन्हें सबसे ज्यादा खतरा मुझसे है। हालाँकि मुझ में ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन मुझे अनेक साहित्यिक लाभ सहज ही मिलते गये हैं अतः उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि यह भी कहीं मुझे ही न मिल जाये। इसके लिए वे जाली नामों से मेरे खिलाफ वहाँ वातावरण खराब कर रहे हैं। शायद फाउण्डेशन ने तो यह सोचा भी नहीं होगा कि उसे ये दिन भी देखने पड़ेंगे। लेकिन होनी को कौन टाले? सिवाय ऊलजलूल पत्र आने के, फाउण्डेशन में कोई रचनात्मक डाक आती ही नहीं। एक-दूसरे के खिलाफ आरोप भरे पत्र आते रहते हैं। इसको देखते हुए यह भी लगता है कि कहीं पुरस्कार को बन्द करने का निर्णय न लेना पड़े।



पूरन सरमा

# जब हम पढ़ना छोड़ देते हैं... तो क्या खोते हैं?



प्रतिबिंब

यू-ट्यूब पर एक वर्षों पुराना वीडियो है, जिसमें एक छोटी सी बच्ची आईपैड पर स्क्रॉल व क्लिक कर रही है। फिर वह यही काम एक पत्रिका पर भी करने की कोशिश करती है, लेकिन जल्द ही हार मान लेती है, शायद यह सोचकर कि पत्रिका टूटा हुआ आईपैड है। यह वीडियो सारांश है इन दिनों प्रिंट से हमारे संबंध का। अमेरिका में 2024 में किये गये एक अध्ययन से मालूम होता है कि लोगों का दैनिक स्क्रीन टाइम बढ़कर 7.5 घंटे हो गया है, जबकि किताबों व समाचार पत्रों के साथ समय घटकर मात्र 25 मिनट रह गया है। स्थिर प्रिंट इंटरनेट की तरह प्रेरित नहीं करता है। वह बोरियत भरा ...और बहुत ही प्राचीन है। हालांकि अपने देश में इस किस्म का कोई अध्ययन मौजूद नहीं है, लेकिन कहानी अमेरिका से जुदा होना मुश्किल ही लगती है।

क्या किताबें पढ़ना बोरियत भरा व प्राचीन (पढ़ें दकियानूसी) है? अगर यह सवाल आप जोएल हैलड्राफ से करेंगे तो उत्तर 'न' में मिलेगा। वह यूनिवर्सिटी कॉलेज स्टॉकहोम में प्रोफेसर हैं। उनकी पुस्तक 'रीडिंग मैटर्स' में किताबों व पढ़ने का दिलचस्प इतिहास है और इन्हें छोड़ने के खतरों से भी आगाह कराती है। उनके अनुसार विन्रम किताब अति जटिल अविष्कार है। सबसे पहली बात तो यह है कि भाषा को लिपि में बदलने में हमें 65,000 वर्षों का समय लगा। हां, लिखना और इसलिए पढ़ना, मात्र 5,000 साल पुराना ही है। यह प्राकृतिक 'गुण' नहीं है। हम लिखना व पढ़ना बहुत अधिक मेहनत व प्रैक्टिस से ही सीख पाते हैं और अगर छोड़ दें, तो इस 'कला' पर जंग लग जाता है। तकरीबन 2,000 साल पहले तक दोनों लिखना व पढ़ना बहुत दुर्लभ थे। लिखना इसलिए क्योंकि पार्चमेंट व पपायरस जैसी चीजें बहुत महंगी थीं। बाइबिल नकल करने के लिए जितना लम्बा स्क्रॉल चाहिए, उतने में 300 किलो गेहूं खरीदा जा सकता था। फिर लिखने के लिए स्क्राइब को भी फीस देनी पड़ती थी। लेकिन साथ ही पढ़ने के लिए विशिष्ट व्यक्ति की भी जरूरत होती थी, क्योंकि सारा टेक्स्ट स्पेस व विराम-चिन्ह के बिना लिखा जाता था। लिखने के इस अंदाज में समस्या यह थी कि आपको एकाग्रता बनाये रखने के लिए जोर-जोर से पढ़ना होता था। एक बार जब स्पेस (शब्दों के बीच में जगह खाली छोड़ना) व विराम-चिन्ह का अविष्कार हो गया तो खामोशी से या मन-मन में पढ़ना संभव हो सका और श्रृंगारिक व मौलिक राजनीतिक लेखन प्रोत्साहित हो सका। शुरूआती ईसाइयों ने 'कोडिस' (हस्तलिखित पुस्तक) से प्रयोग किये यानी स्क्रॉल को पेजों में काट दी ताकि दोनों तरफ लिखा जा सके। यह सस्ती भी पड़ती और इसे एक जगह से दूसरी जगह भी ले जाया जा सकता था। वह उनकी पहचान भी बन गई क्योंकि बुतपरस्त रोमन व यहूदी स्क्रॉल को ही अपनाये हुए थे। लेकिन लिखना उस वक़्त तक आम न हो सका जब तक कि कागज यूरोप नहीं पहुंचा। जब गंभीर पुस्तकों का चलन फैलने लगा तो विश्वविद्यालय खुलने लगे और उनके साथ ही बेलगाम स्कॉलर्स भी। संत कवर से कवर तक पुस्तकों को धीमे-धीमे व भक्ति के साथ पढ़ते थे, जबकि यह स्कॉलर्स किताबों से कुछ मोटी-मोटी जानकारियां निकाल लेते ताकि बहस गढ़ी जा सके। उन्होंने अध्याय, विषय सूची व अनुक्रमणिका का अविष्कार किया। इसके बाद प्रिंटिंग प्रेस ने साइज, लिपि व लेआउट और पृष्ठ संख्या के मानक भी स्थापित कर दिये। देशज भाषाओं के मानक भी निर्धारित किये गये। मसलन, जब 1539 में पहली अंग्रेजी की बाइबिल को मान्यता प्रदान की गई तो पूरे ब्रिटेन में किसान इसी बोली में पढ़े गये धर्मग्रंथ को सुनते थे। इस प्रकार किताब का आविष्कार हजारों वर्षों में धीरे-धीरे से हुआ यानी घड़ा लम्बी अवधि के दौरान बूंद-बूंद पानी से भरा। ..और जब प्रेस ने किताब को लोकतांत्रिक कर दिया तो वह समाज को बदलने लगी। मार्टिन लूथर के प्रिंटेड पम्फ्लेट्स परिवर्तन लाये। स्वतंत्रता का विचार, गुलामी का उन्मूलन आदि का प्रचार किताबों की वजह से हुआ। पढ़ने ने सोच को भी बदला। जैसा कि जोएल हैलड्राफ ने कहा, मौखिक समाज जटिल विचार उत्पन्न नहीं करता है। लेकिन लिखने से साहित्यिक समाज सुनिश्चित होता है कि वह खंड व उप-खंडों पर गहरा चिंतन व तर्क करे और इस प्रकार, 1800 तक पश्चिम बहुत किताबी हो गया था। लोगों की नाक हमेशा किताबों में रहती थी। लेकिन किताबों का यह जादू 20वीं शताब्दी में सिनेमा, रेडियो व टीवी की वजह से टूटने लगा और अब फोन ने हमें फिर उसी दौर में पहुंचा दिया है, जब किताबें पढ़ी नहीं सुनी जाती थीं। **नौशाबा परवीन.**

## आपकी बात

### रोजगार बढ़ाने के उपाय

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### अवैध निर्माणों पर रोक लगे

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में बीते साल एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी थी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रहीं थीं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया गया। स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं। अगर नगर निगम और प्राधिकरण के लोग अपनी जिम्मेदारी के प्रति सतर्क रहें, तो किसी भी सूरत में अवैध निर्माण या फिर मैप के विपरीत निर्माण नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय नियमित जांच होते रहना चाहिए।

**धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

# 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर बढ़ेंगी सुविधाएं

जिला संवाददाता



- विश्राम गृह, कुण्ड व स्तम्भ निर्माण से तीर्थयात्रियों को मिलेगा आराम
- इण्टरप्रिटेशन वॉल, शिलालेख व डारेक्शनल साइनेज की होगी स्थापना
- पाथवे, स्टोन बेंच, डस्टबिन व पथप्रकाश से व्यवस्थाएं होंगी बेहतर

अयोध्या। निर्माणाधीन 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर व्यापक विकास हो रहा है। इससे तीर्थयात्रियों को काफी सुगमता होगी। योगी सरकार रामनगरी को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन और तीर्थाटन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए चैदह कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परिक्रमा मार्ग अयोध्या की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है जो लगभग 40-45 किलोमीटर लंबा है। यह सरयू नदी के आसपास फैला हुआ है। यहां श्रद्धालु भगवान श्रीराम की नगरी की परिक्रमा करते हैं। कार्तिक में परिक्रमा का विशेष महत्व होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस मार्ग को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है, ताकि लाखों रामभक्तों को सुगम, सुरक्षित और आकर्षक अनुभव मिल सके। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड अयोध्या के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत 2124.53 लाख रुपये है। इस राशि से मार्ग पर विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इनमें विश्राम गृह, स्तम्भ, कुण्डों का निर्माण, इण्टरप्रिटेशन वॉल, शिलालेख, डारेक्शनल साइनेज, पाथवे, स्टोन बेंच, डस्टबिन, लाइटिंग, प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी का निर्माण शामिल है। ये सुविधाएं तीर्थयात्रियों को विश्राम, दिशा-निर्देश, स्वच्छता और सौंदर्य का पूर्ण आनंद प्रदान करेंगी। विशेष रूप से मार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण कुण्डों और स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। लक्ष्मी सागर कुण्ड, वैतर्णी कुण्ड, निर्मली कुण्ड, गिरिजा कुण्ड और विभीषण कुण्ड जैसे पवित्र स्थलों पर विशेष कार्य प्रस्तावित हैं। इन कुण्डों का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

साथ ही विघ्नेश्वर नाथ शिवमंदिर का भी विकास कार्य चल रहा है, जो मार्ग की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाएगा। इण्टरप्रिटेशन वॉल और शिलालेखों से रामायण की कथाओं और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी मिलेगी, जबकि डारेक्शनल साइनेज से यात्री आसानी से मार्ग का अनुसरण कर सकेंगे। पाथवे, स्टोन बेंच और लाइटिंग से रात्रि में भी सुरक्षित परिक्रमा संभव होगी। प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी निर्माण से मार्ग का सौंदर्य कई गुना बढ़ जाएगा। चैदह कोसी परिक्रमा मार्ग का यह विकास कार्य राम भक्तों के लिए बड़ा उपहार साबित होगा। जल्द ही यह मार्ग जगमगाती लाइटों, सुंदर कुण्डों और आधुनिक सुविधाओं से सजा नजर आएगा, जिससे पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी।

लाखों श्रद्धालु यहां आकर आस्था और आधुनिकता के संगम का अनुभव करेंगे। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने बताया कि यह परियोजना न केवल धार्मिक महत्व रखती है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी। होटल, परिवहन, गाइड और अन्य सेवाओं से जुड़े व्यवसाय फलेंगे-फूलेंगे। सरकार की यह पहल अयोध्या को नई पहचान दे रही है, जहां प्राचीन आस्था और आधुनिक विकास का सुंदर मेल देखने को मिलेगा।

## शिक्षकों का आज होगा जमावड़ा

अयोध्या। सेवारत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में शिक्षकों का जमावड़ा होगा। इस बाबत जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आवाहन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ और महिला शिक्षक संघ द्वारा 26 फरवरी को अपराह्न एक बजे से एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की तैयारी मुकम्मल हो गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी और जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में बैठके करके संगठन को ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी है। मया से अनुज सिंह, ओम प्रकाश व शमशाद अली, पूरा से सत्येंद्र गुप्ता, सुमित सिंह व राजेश कुमार, तारुन से सिकंदर सिंह, प्रवेश कुमार व सीमा सिंह, बीकापुर से वीरेंद्र भारती, अनिल सिंह, रवींद्र गौतम व विद्या यादव, सोहावल से शैलेंद्र वर्मा, समीर सिंह व जमाल अहमद, मसौधा से महेंद्र यादव, भगवती गुप्ता व विजय शुक्ला, हैरिंग्टनगंज से संतोष यादव, रवींद्र वर्मा व वीरेंद्र पांडेय, मिल्कीपुर से मुकेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त करने के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं कृषक

बहराइच। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के सिंगल कृषि यंत्र, अन्य योजनाओं के अवशेष कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरण पर अनुदान प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन आनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। श्री वर्मा ने बताया कि 25 फरवरी के मध्यान्ह 12:00 बजे से 04 मार्च 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक आनलाइन बुकिंग के लिए पोर्टल खुला रहेगा।

उप निदेशक ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर कृषि यंत्रों की बुकिंग/आवेदन जनपदवार की जायेगी। इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल के किसान कार्नर पर जाकर कृषि यंत्रों की बुकिंग कर सकते हैं। श्री वर्मा ने बताया कि कृषि यंत्रों का विवरण, यंत्र बुकिंग एवं अनुदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। किसानों को सुझाव दिया गया है कि ई-लॉटरी से कन्फर्म होने पर विलम्बतम 06 से 10 मार्च तक कृषि यंत्र खरीद कर पोर्टल पर बिल अपलोड कर इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑटो लॉटरी या ई-लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को कृषि विभाग से इंपैनल्ड कंपनियों या उनके डीलरों से ही कृषि यंत्रों की खरीद करनी होगी।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक




बहराइच। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## 51 हजार दीपों व एलईडी प्रकाश से जगमगायेगा पौराणिक धनोखर सरोवर

जिला संवाददाता

- 17 व 18 मार्च को नव संवत्सर महोत्सव में दिखेगी भारतीय परंपराओं की झलक

बाराबंकी। हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 17 व 18 मार्च को दो दिवसीय नव संवत्सर महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमे विविध कार्यक्रमों के जरिए सनातन संस्कृति व संस्कार को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया जाएगा।

महोत्सव की तैयारी को लेकर आरएसएस के जिला प्रचारक रवि प्रकाश ने कहा कि नव संवत्सर महोत्सव भारतीय समाज के गौरव का कार्यक्रम है। आगामी 17 एवं 18 मार्च को महोत्सव में समाज के सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। जिसमे 17 मार्च को नगर पालिका प्रांगण में कवि सम्मेलन एंव 18 मार्च को दीपोत्सव कार्यक्रम पौराणिक धनोखर सरोवर को 51 हजार दीपक व एलईडी प्रकाश से सजाया जायेगा। तथा शाम भजन संध्या, भव्य आरती व आतिशबाजी के साथ सम्पन्न होगा।

संयोजक पंकज गुप्ता पंकी ने बताया कि नगर के मुख्य प्रवेश द्वारों के साथ सभी चैराहों को भव्य स्वरूप दिया जायेगा। इस अवसर पर पारितोष, विभम, संतोष सिंह, डॉ0 सुजीत चतुर्वेदी, विजय आनंद बाजपेई, नवीन राठौर, अधिवक्ता श्रवण सिंह, आशीष सिंह, अमन वर्मा मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने कृषि विवि के शोध कार्यो का किया निरीक्षण



अयोध्या। प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचे। मंत्री ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर विवि में चल रहे कृषि नवाचार, विकास कार्य एवं वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि को लेकर चल रहे शोध कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। राज्यमंत्री औलख सबसे पहले मात्सियकी प्रक्षेत्र पहुंचे जहां उन्होंने मत्स्य पालन, सघन मछली पालन यूनिट और मखाना की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी ली और मछलियों को दाना खिलाया। उन्होंने रंगीन मछलियों के बीज उत्पादन को देखा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रंगीन मछलियां किसानों की आय को बढ़ाने में वरदान साबित होंगी। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने राज्यमंत्री को विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर विवि में हो रही फसलों की बोआई को मंत्री ने बारिकी के साथ परखा। उन्होंने दलहनी फसलों अरहर, चना, मसूर, मटर, राजमा आदि का निरीक्षण किया और कहा कि चने पर लगने वाले कुष्ट रोग को दूर करने के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने नरेंद्र अरहर-2 की जमकर सराहना की और कहा कि किसान इस प्रजाति का अधिक प्रयोग करें। किसानों की समृद्धि, आत्मनिर्भर कृषि और तकनीक आधारित खेती के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मंत्री के भ्रमण के दौरान कृषि अधिष्ठाता डा. डी.के. सिंह, निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह, मात्सियकी अधिष्ठाता डा. सी.पी. सिंह, डा. आकाश गौरव सिंह, डा अरुण कुमार सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे।

## साइबर क्राइम टीम ने लोगों को किया जागरूक




बहराइच। साइबर क्राइम पुलिस थाना बहराइच द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजज बहराइचराष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल तथा श्री नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के मार्गदर्शन में मरीमाता मन्दिर, जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 100-150 स्थानीय नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया आईडी की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनसमूह को निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया– सोशल मीडिया खातों में टू-स्टेप वेरिफिकेशन (ळ्द्द्ध-रशैस्त्र शैश्चंड्ढ्ढल्ल) अनिवार्य रूप से सक्रिय करना।* मोबाइल फोन एवं महत्वपूर्ण एप्लीकेशनों में मजबूत एवं जटिल पासवर्ड का उपयोग करना।* अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त लिंक एवं एपीके (अढङ) फाइल्स को डाउनलोड या ओपन न करना।* साइबर ठगी, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी से सतर्क रहना। इसके अतिरिक्त सभी को अवगत कराया गया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना घटित होती है तो तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निर्देशों से भली-भांति अवगत कराते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरू किया गया।

# होली पर्व पर हाई अलर्ट मोड़ पर सक्रिय दिखा आबकारी विभाग



- राष्ट्रीय राजमार्गो सहित अवैध ढ़ाबो और ग्रामो में दी दंबिश, 4 गिरफ्तार

बाराबंकी। राष्ट्रीय राजमार्गो पर संचालित संदिग्ध ढ़ाबो व ग्रामो मे आबकारी विभाग का धड़पकड़ अभियान तेज हो गया है। हाइवे से होकर गुजरने वाले संदिग्ध टैकरो मे छुपाकर ले जाने वाली अवैध शराब के खिलाफ भी आबकारी की मुहिम दिखाई देने लगी है।

जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में निरंतर सक्रियता से चल रहे विशेष प्रवर्तन अभियान मे आज बुधवार को आबकारी निरीक्षक सर्किल रामनगर उमाशंकर चैधरी हाईअलर्ट मोड़ मे दिखाई दिये। जिला आबकारी अधिकारी श्री दिनकर के सख्त निर्देश के अन्तर्गत आज आबकारी निरीक्षक सर्किल रामनगर की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से चर्चित ग्राम बड़नपुर, फिरोजपुर सहित 15 संदिग्ध ठिकानो पर दंबिश दी। 4 आरोपियो को गिरफ्तार करते हुये उनके कब्जे से लगभग 40 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। मौके पर तैयार 80 किलोग्राम लहन को नष्ट किया गया। दंबिश देने वाली टीम में प्रधान आबकारी सिपाही महेश त्रिपाठी, आबकारी सिपाही इमरान खान, ओ0पी सिह, महिला सिपाही सोनम वर्मा आदि मौजूद रहे।



## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया देशव्यापी विरोध दिवस




अयोध्या। भारतीय मजदूर संघ ने 25 फरवरी को देशव्यापी विरोध दिवस मनाया। इसी क्रम में जिला इकाई ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। इस दौरान, संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में जिला सहकारी बैंकों के वेतनमान का पुनरीक्षण, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी घोषित कर मानदेय बढ़ाने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, एनएचएम संविदा कर्मियों की वेतन विसंगतियों का समाधान, और वर्ष 2001 से पूर्व के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की भी मांग शामिल थी। बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की भी प्रमुख मांग उठाई गई। अन्य मांगों में निकाय कर्मचारियों का समायोजन, ई-रिक्शा चालकों को स्टैंड और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना शामिल था। कृषि एवं ग्रामीण मजदूरों का पारिश्रमिक तय करने, मिड डे मील कर्मियों का मानदेय 10 हजार रुपये करने और श्रमजीवी पत्रकारों को सुरक्षा बीमा, निकायों में वर्षा से वाहन चालक का कार्य वाले समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्राइवर के स्थित पदों पर समायोजित किया जाए, पटरी रेहड़ी दुकानदारों को समुचित स्थान दिया जाए एवं उनका उत्पीड़न बंद किया जाए, ई-रिक्शा ऑटो को स्टैंड दिया जाए एवं पुलिस उत्पीड़न बंद किया जाए, कृषि ग्रामीण एवं दिहाड़ी मजदूरों का परिश्रमिक तय किया जाए ओम सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए, संविदा/ निविदा सफाई कर्मचारियों को 18000 रुपए का वेतन दिया जाए एवं उन्हें नियमित किया जाए, 108,102 एंबुलेंस के बर्खास्त कर्मियों की बहाली करो एवं ड्राफ्ट फंड उगाही को बंद करो, मिड डे मिल के कर्मचारियों का मानदेय है 10000 किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों मेंविभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष अंबरीश सिंह, आशीष कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र प्रताप सिंह, सुधीर कुमार सिंह, सर्वेश कुमार नायक, नन्हेंलाल, अरविंद कुमार, प्रचार प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी, अभय सिंह, अभिषेक सिंह, मीरा पाठक, राम प्रकाश कनौजिया, शुभम्‍ सिंह, सुजीत कुमार पांडे जगदीप कुमार आदि कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेस्क्यू के बाद तेंदुए की मौत , वन विभाग ने आज सुबह पकड़ा था



बहराइच। जिले के नानपारा रेंज में आज सुबह पेड़ पर तेंदुए होने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने उसे पिंजरा व जाल लगाकर पकड़ा था। टीम उसे रेंज कार्यालय लेकर आ रही थी तभी उसकी मौत हो गई। सूचना पर प्रभागीय वनाधिकारी भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही तेंदुए की मौत कैसे हुई इसका पता चल सकेगा। नानपारा कोतवाली इलाके में स्थित ग्राम पंचायत बितनिया के मजरा मंगलपुरवा में बुधवार की सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों ने एक पेड़ पर तेंदुए को देख इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद मौके पर स्थानीय रेंजर टीम के साथ मौके पर पहुंच उसे पकड़ने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। करीब तीन घंटे बाद टीम की और से लगाए गए जाल में तेंदुआ फंस गया। टीम जब उसे लेकर रेंज कार्यालय नानपारा पहुंची तो उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी पर डी एफ ओ सुन्दरेसा मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि रेस्क्यू के दौरान पकड़े गए करीब एक वर्ष के तेंदुए की मौत हुई है। वन विभाग के चिकित्सकों की ओर से उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उसके बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से घुसी थार, चालक समेत चार घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज



बहराइच। बहराइच गोंडा मार्ग पर बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार थार कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में चालक समेत चार लोग घायल हो गए। आस पास के लोगों ने घटना की सूचना पयागपुर पुलिस को दी, जिसके बाद सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। श्रावस्ती जनपद के जमुनहा निवासी अजय, सुमित, विशाल के साथ मंगलवार की रात मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। बुधवार सुबह ये लोग सभी वापस घर जा रहे थे। जब ये लोग बहराइच गोंडा मार्ग पर स्थित खुटहना के पास पहुंचे तभी चालक संजय वाहन का संतुलन खो बैठा जिसके चलते वो वाहन आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली में घुस गया। हादसे में चालक समेत सभी लोग घायल हो गए, ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां पर चिकित्सकों की ओर से उनका इलाज किया जा रहा है। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## कांग्रेसियो ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर एफआईआर दर्ज कराने वाले व्यक्तियो की पारदर्शी जांच किये जाने की मांग



बाराबंकी। वर्तमान भाजपा सरकार सही बात सुनाना व करना ही नही चाहती है। जो सच बात कहे उसकी बात को दबाया जाता है। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नन्द सरस्वती एवं उनके शिष्यो को अनावश्यक परेशान व प्रताडित करने का प्रयास किया जा रहा है। जहां एक ओर कुम्भ के दौरान मौनी अमावस्या पर पुलिस द्वारा उन्हे व उनके शिष्यो को प्रताडित किया गया। तो वही अब शंकराचार्य उनके शिष्य स्वामी मुकुन्दानन्द ब्रम्हचारी सहित अज्ञात लोगो के साथ यौन शोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज करायी है। उक्त उद्गार कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन ने जिलाधिकारी कार्यालय पर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्टेज्ट शिवकुमार वर्मा को सौपने के पश्चात कांग्रेसियो के बीच व्यक्त किये। कांग्रेसियो ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने वाले व्यक्तियो की पृष्ठिभूति उनकी परिस्थितियों तथा संभावित प्रेरक तत्वो का निष्पक्ष परीक्षण एवं पारदर्शी जांच किये जाने की मांग की है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र यादव, राकेश तिवारी, शिव शंकर शुक्ला, सरजू शर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, सना मुही, गुरूदीन गौतम, मो0 हसीब, महेन्द्रपाल वर्मा, अनुराग यादव, कमल भल्ला, आरिफ करपिया, अजीत वर्मा, राजेन्द्र सोनी, अखिलेश यादव, दिलशाद वारसी, जयन्त गौतम, फरहान किद्वाई, रमेश कश्यप, राजेन्द्र धामी मौजूद रहे।

# दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

जिला संवाददाता



बहराइच। भारत की जनगणना-2027 के प्रारम्भिक तैयारियो, जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जनगणना निदेशालय लखनऊ के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद चार्ज अधिकारियों, जनगणना लिपिक/जनगणना सहायकों को व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण अधिकारी उप निदेशक जनगणना अश्वनी दीक्षित व जिला प्रभारी जनगणना बहराइच अमन श्रीवास्तव ने भारत की जनगणना-2027 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करें। प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही तरीके से संधारण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे जनगणना कार्य को टीम भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कर जनपद को उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में लाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर जनगणना लिपिक/जनगणना सहायकों सहित एसडीएम, तहसीलदार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, एलडीएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्री-पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2023-24 की परीक्षा 9 मार्च को

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में प्री-पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2023 24 की परीक्षाएं, परीक्षा कार्यक्रम अनुसार विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर के परीक्षा केंद्र पर दिनांक 9 मार्च 2026 सोमवार को प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स एवं अपराहन 2:00 बजे से 5:00 बजे के मध्य कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा संपन्न होगी। उसी क्रम में दिनांक 10 मार्च 2026 दिन मंगलवार को प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य रिसर्च मेथडोलॉजी की परीक्षा संपन्न होगी।

संक्षेप

## तीन सगे भाई साक्ष्य के अभाव में बरी

**सुल्तानपुर।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में बुधवार को एसीजेएम द्वितीय स्मृति चौरसिया ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने मोतिगरपुर थाने के दियरा बाजार के तीन सगे भाइयों इमरान खां, मो. गुलजार व शमीम को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अभय तिवारी ने बताया कि केस की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से दो लोगों ने गवाही दी लेकिन आरोप साबित नहीं हो पाया। आरोपियों पर 31 अगस्त 2021 को गांव के सहाबुद्दीन का घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगा था।

## अनुदेशक संघ ने जताया आभार

**सुल्तानपुर।** परिषदीय अनुदेशक संघ द्वारा विधायक का आभार व्यक्त किया गया ' जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में सीताराम वर्मा विधायक लंभुआ को आभार ज्ञापित किया गया उन्होंने बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा 20 फरवरी को विधानसभा में उत्तर प्रदेश के 25000 अनुदेशकों को 1 अप्रैल से 17000 प्रतिमाह किए जाने की घोषणा और अनुदेशकों और उनके आश्रितों के 5 लाख तक कैशलेस चिकित्सा प्रदान किए जाने पर उत्तर प्रदेश के अनुदेशकों की तरफ से आभार प्रकट किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण दूरगामी निर्णय के लिए भारतीय जनता पार्टी के समस्त विधायक गणों को प्रत्येक जिलों में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने आशा जताई कि भविष्य में भी अनुदेशकों के हित में इसी प्रकार से संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी निर्णय लिए जाते रहेंगे जिससे शिक्षा व्यवस्था अधिक प्रभावी और सुदृढ़ हो सके इस अवसर पर जिला महामंत्री राघवेंद्र तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र भारती, जिला प्रवक्ता महेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा रितेश त्रिपाठी, अभिषेक सिंह पुनीत सिंह, प्रेम चौरसिया, दिलीप कुमार, कृष्ण कुंवर आदित्य दुबे, धर्मेंद्र पांडे, गीता मौर्य, नीतू सिंह, अजीत प्रताप सिंह, उमेश यादव, गौरव सिंह, अवधेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के ग्राम केस्त में 24 वर्षीय नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। रामा देवी पत्नी प्रवेन्द्र सिंह ने बुधवार को घर के अंदर पंखे के कुंडे से काले रंग की स्टॉल से फांसी लगा ली। मृतका की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी और उसकी कोई संतान नहीं थी। सास शीतला देवी ने बताया कि जब बहू ने दरवाजा नहीं खोला तो गेट तोड़कर देखा, वह फंदे से लटकी मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतका के भाई सुखवीर निवासी ग्राम रतिभानपुर थाना करहल, जिला मैनपुरी ने आरोप लगाया कि 18 फरवरी 2025 को दान-दहेज सहित विवाह करने के बाद से ही शराब पीकर पति आएदिन मारपीट व कलेश करता था जिसके चलते दोनों में विवाद बना रहता था कई बार समझौता भी हुई, लेकिन सुधार नहीं हुआ। करीब एक माह पूर्व बहन मायके आई थी, बाद में समझौते पर ससुराल भेजा गया। सीओ आयुषी सिंह, तहसीलदार नेहा सचान व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

# शंकराचार्य के कथित दुर्व्यवहार पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### यह मामला सनातन परंपरा और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है



**सुलतानपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जिला एवं शहर इकाई ने स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर कांग्रेस नेताओं ने प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि यह मामला केवल एक संत का नहीं, बल्कि सनातन परंपरा और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। माघ मास के पावन अवसर पर शंकराचार्य को स्नान से वंचित किया जाना धार्मिक अधिकारों का हनन बताया गया। साथ ही पुलिस पर दुर्व्यवहार और झूठे मुकदमे दर्ज कर दबाव बनाने के आरोप लगाए गए हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि संतों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो सुलतानपुर से लखनऊ तक व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। वरिष्ठ नेताओं ने भी सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई न होने पर चरणबद्ध जनआंदोलन किया जाएगा।

## खाद्य विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल




**चांदा, सुलतानपुर।** बुधवार को खाद्य विभाग की संयुक्त टीम चांदा के राष्ट्रीय राजमार्ग चांदा कस्बे के ईशीपुर फोरलेन फोरलेन अंडर पास से रेडीमेड मिठाइयों से भरे एक वैगनआर कार वाहन को रोका । उसमें से पांच अलग-अलग मिठाइयों के नमूने भरे गए । जिसमें सोनपापड़ी मिल्ककेक कलाकंद डोडा बर्फी आदि रहा । सैंपलिंग लेकर डिटेल नोट करते हुए संयुक्त टीम में वहा से मिठाइयों को छोड़ दिया । वही उसी के बगल स्थित न्यू दिलीप रेस्टोरेंट पर बैठकर संयुक्त टीम द्वारा लिखा पढ़ी कर कार्रवाई की गई । खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम पर सवाल यह उठता है कि जब सैम्पलिंग की कार्यवाही की जा रही थी जिस रेस्टोरेंट पर बैठकर नमूना भर गया । उस रेस्टोरेंट पर मिठाइयों के नमूने क्यों नहीं लिए गए ' । आखिर यह संयुक्त अधिकारी उस रेस्टोरेंट पर क्यों मेहरबान रहे। मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कार्रवाई तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। वही छोटे दुकानदार दुकान बंद कर गायब रहे तो बड़े दुकानदार थाट बाट से अपनी दुकानों को खोलकर बैठे रहे। संयुक्त टीम में अजीत कुमार सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय दीपक कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा खाद्य सुरक्षा अधिकारी लंभुआ रमाशंकर पटेल खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय प्रताप सिंह संदीप यादव आदि भी मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर में सड़क सुरक्षा, योगाभ्यास व साइबर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विशेष शिविर के चौथे दिन का शिविर का प्रारंभ लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुआ। प्रथम सत्र में छात्र-छात्राओं ने सड़क जागरूकता अभियान रैली बघराजपुर से निकलकर राहुल चौराहे से होते हुए नगर भ्रमण किया। जीवन रक्षा सड़क सुरक्षा, बिना हेलमेट यात्रा न करें ,परिवार प्रतीक्षा में है। कृपया सुरक्षित चले आदि स्लोगन का नारा स्वयंसेवको ने लगाए। द्वितीय सत्र रामकृष्ण मिशन के द्वारा हार्ट फूलनेस के अंतर्गत योग और ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. आर सी सिंह एवं नीलिमा सिंह उपस्थित रहे। बैंक साइबर क्राइम पर एक व्याख्यान इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक सुशील कुमार त्रिपाठी द्वारा दिया गया। श्री त्रिपाठी जी ने बताया कि आज का युग तकनीकी युग है यदि आप सुरक्षित मोबाइल का प्रयोग करते हैं तो सारी दुनिया आपकी मुट्ठी में होगी। खाता जारी रखने के लिए कभी भी कोई बैंक आपसे ओटीपी नहीं मांगेगा, आपकी सेवाओं के निस्तारण के लिए वह आपको बैंक में ही बुलाएगा। एटीएम से पैसा निकालते समय या फिर एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशन पर जहां अपने मोबाइल फोन को चार्ज करते हैं वहां जिस कंपनी का चार्जर लगा होता है वह भी साइबर क्राइम करता है। किसी के झांसे में ना आए, किसी का पैसा अपने खाते में ना लें, सुरक्षित रहें और छोटी-छोटी बचत से अपने जीवन को सुरक्षित रखें। आभार ज्ञापन कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी डॉ विभा सिंह ने किया। संचालन डॉ प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ वीरेंद्र गुप्ता, एनएसएस के स्वयंसेवक और स्वंय सेविका उपस्थित रहे।

# पेपर देने निकले छात्र समेत दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**अमेठी ।** जिले के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र अंतर्गत जैनबगंज कस्बे में बुधवार दोपहर करीब 1 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

मृतकों की पहचान योगेंद्र प्रताप (17) पुत्र विजेंद्र प्रताप निवासी बाहरपुर और अलादीन (25) पुत्र अजीज निवासी किसनी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक योगेंद्र का आज परीक्षा (पेपर) था और वह उसी सिलसिले में घर से निकला था। किसे पता था कि परीक्षा केंद्र की जगह उसे मौत मिलेगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकें तेज रफ्तार में थीं और जैनबगंज कस्बे के पास आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही बाजार शुकुल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार लाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है। इधर, कम उम्र में योगेंद्र की मौत और अलादीन के असमय निधन से गांवों में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर सख्ती की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहो।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का पांच माह से नही आया वेतन

**संग्रामपुर, अमेठी ।** संग्रामपुर सीएचसी पर आउटसोर्सिंग से तैनात सात कर्मचारियों की पिछले पांच माह से वेतन नही आया है। दीपावली के बाद इस बार की होली भी इन कर्मचारियों और उनके परिवार की फीकी पड़ने जा रही है। जिसको लेकर कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। बताते चले जिले के 13 सीएचसी और लगभग 30 पीएचसी पर आउटसोर्सिंग में लगभग 150 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। अवनी परिधि प्राइवेट लिमिटेड सेवाप्रदाता कार्यदाई संस्था की ओर से इन कर्मचारियों को वेतन दिया जाता है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पास बजट न होने से पिछले पांच माह से इन कर्मचारियों का वेतन नही जारी हुआ है। जिससे इन कर्मचारियों और इनके परिवार को दयनीय हालत का सामना करना पड़ रहा है।

# मधुमक्खी पालकों की समस्याओं से रूबरू हुए उप कृषि निदेशक व बीडीओ

जिला संवाददाता (vol)

**चरगांवा, गोरखपुर।** विकास खण्ड चरगावां के ग्राम पंचायत बनकटी उर्फ इटहिया मे नेशनल मिशन ऑन एडिबिल आयल ऑयलसीड योजनांतर्गत जिलाधिकारी दीपक कुमार मीणा गोरखपुर की अध्यक्षता में गठित एक्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा मधुमक्खी पालक कृषकों के बी-कीपिंग का उप कृषि निदेशक, धनंजय सिंह गोरखपुर एवं खण्ड विकास अधिकारी चरगावा, सत्य प्रकाश सिंह के द्वारा निरीक्षण कर मधुमक्खी पलक कृषकों की समस्याओं के जमीनी हकीकत से रूबरू हुए। उप कृषि निदेशक धनंजय सिंह ने मौके पर उपस्थित कृषकों को मधुमक्खी पालन हेतु आवश्यक तकनीकी जानकारी एवं विभाग द्वारा उपलब्ध करायें जा रहे अनुदान की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये कृषकों को कृषि विविधीकरण की परिकल्पना को सार्थक करते हुये



कृषि के साथ साथ मौनपालन करके अधिक से अधिक आय प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तकनीकी सहायक बृजेश सिंह, सहायक विकास अधिकारी (कृषि )अमित कुमार तिवारी, किसान भगवान दास,,अतुल कुमार यादव, ओमकार प्रजापति,विजय, प्रजापति, अनुराग, रामवृक्ष व अन्य उपस्थित रहे।

## डीएम-एसएसपी ने जेल का निरीक्षण किया

इटावा। जिलाधिकारी इटावा शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा केंद्रीय कारागार इटावा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों की बैरिक, भोजनालय, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन, प्रशासन तथा पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेताजी की धरती पर स्थापना दिवस, नाम और तस्वीर न होने पर सपाइयों में रोष

**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के स्थापना दिवस समारोह के बाद स्थानीय राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के संबोधन और समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर समाजवादी खेमे ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, चिकित्सा सेवाओं और विस्तार योजनाओं पर चर्चा की गई। अपने संबोधन के दौरान उपमुख्यमंत्री ने इटावा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कवि गोपालदास नीरज तथा इटावा से तीन बार सांसद रहे अर्जुन सिंह भदौरिया का नाम लिया। हालांकि, समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का नाम संबोधन में शामिल न होने को लेकर आपत्ति जताई गई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं इटावा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि नेताजी केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि सैफई की पहचान और विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रेरणास्रोत रहे हैं।

गोपाल यादव ने कहा कि नेताजी देश के रक्षा मंत्री और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उन्हें मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है। देश का शायद ही कोई बड़ा नेता होगा जो नेताजी का नाम सम्मान के साथ न लेता हो। ऐसे में उनके गृह क्षेत्र में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में उनका उल्लेख न होना गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

# कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**गौरीगंज, अमेठी ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को अमेठी जनपद में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों के साथ हो रही कथित प्रताड़ना के विरोध में जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा । कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार असहमति की आवाजों को दबाने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रही है। जो भी व्यक्ति या संस्था सरकार की नीतियों पर सवाल उठाती है, उसे प्रताड़ना और दमन का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में सनातन परंपरा के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक पद पर आसीन शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी एवं उनके शिष्यों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या जैसे पवित्र अवसर पर शंकराचार्य जी एवं उनके शिष्यों को स्नान से रोका जाना,बटुकों की चोटी खींचकर अपमानित करना तथा थाने ले जाकर प्रताड़ित किया जाना अत्यंत निंदनीय है। इसके उपरांत शंकराचार्य जी,उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सहित अन्य सनातनी संतो के विरुद्ध यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों में एफ.आई.आर. दर्ज कराना,पूरे प्रकरण को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। सिंघल ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के स्वशासन का अधिकार सुनिश्चित करते हैं। शंकराचार्य पद की गरिमा को ठेस पहुँचाना संविधान एवं सनातन संस्कृति दोनों का अपमान है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष,पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा धार्मिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन कार्यक्रम में विजय पासी,रामदत्त यादव,प्रवक्ता अनिल सिंह,मतीन,वीरेंद्र मिश्र,अर्जुन पासी,शत्रुहन सिंहसवीना,युकाअध्यक्ष शुभम सिंह, महिला अध्यक्ष ममता पाण्डेय, किरन देवी,सर्वेश सिंह,रामलखन शुक्ला,ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव,श्रद्धा सिंह,अशोक शुक्ला,राम प्रसाद गुप्ता,सुनील सिंह,अरविन्द चतुवेर्दी,सभी ब्लॉक अध्यक्ष वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रंगदारी को लेकर हुई हवाई फायरिंग

**अमेठी ।** कोतवाली क्षेत्र के भेटुआ चौराहे पर बुधवार को रंगदारी मांगने के विवाद में हवाई फायरिंग की घटना सामने आई। यह घटना कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण स्थल के पास हुई, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। दरअसल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण से जुड़े ठेकेदार प्रदीप सिंह निवासी करेडगांव पास की एक चाय दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गौरी मिश्र का पुरवा निवासी संदीपन मिश्रा वहां पहुंचा और उसने निर्माण कार्य के नाम पर ठेकेदार से दस हजार रुपये की मांग की ठेकेदार प्रदीप सिंह ने रकम देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ देर बाद संदीपन मिश्रा अपने घर गया और एक देशी तमंचा लेकर वापस आया। उसने चाय दुकान के पास खड़े होकर तीन हवाई फायर किए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग घबरा गए और बाजार क्षेत्र में हलचल बढ़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की और इसी बीच पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। बाद में आरोपी संदीपन मिश्रा को हिरासत में लेकर अमेठी कोतवाली लाया गया। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने पुष्टि की कि घटना की जांच की जा रही है और आरोपी हिरासत में है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी गई है।

## राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव पीजी कॉलेज में स्वयंसेवकों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली



**अमेठी।** राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव पीजी कॉलेज पीपरपुर में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के द्वारा स्वागत गीत, लक्ष्य गीत एवं संकल्प गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या डॉ.संगीता सिंह के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सहदेव ने बौद्धिक सत्र में कहा कि व्यक्ति लगातार नशीले पदार्थों का सेवन करने से अपनी पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों से विमुख होने लगता है। नशे के प्रभाव में वह दूसरे व्यक्तियों के साथ बुरा बर्ताव करता है, जिससे उसकी असामान्य आर्थिक हानि होती है और इन्होंने बताया कि नशा मुक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों की लत को समाप्त करना है। स्वयं सेविका गीता ने अपने गीत के माध्यम से संदेश दिया है कि हमें अपने देश को नशा मुक्त बनाना है। इस अवसर पर एन.एस.एस. के कार्यक्रमाधिकारी उषा मौर्य के द्वारा सभी ? के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और प्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महक तिवारी ने किया। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## 25 साल बाद ड्राइवर-क्लीनर हत्याकांड में कोर्ट ने सुनाया फैसला, दो आरोपी बरी

**सुल्तानपुर।** शादी के लिए कार बुक कराने के बहाने ड्राइवर व क्लीनर की हत्या करने के मामले में 25 साल बाद बुधवार को एडीजे तृतीय निशा सिंह ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने अयोध्या जिले के कुमारगंज थाने के बराहिनापुर गोकुला निवासी डा.वासुदेव यादव व भरत का पुरवा बलरामऊ निवासी अजय उपाध्याय को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित नहीं कर पाया है। आरोप था कि अयोध्या जिले के कुमारगंज थाने के शिवनाथपुर गांव की राम कुमारी की कार को आरोपियों ने शादी देखने के लिए जाने के बहाने बुक कराई थी। 24 जनवरी 2002 को ड्राइवर इस्लाम व क्लीनर अशोक सिंह की आरोपियों ने हत्या कर शव कोतवाली देहात थाने के बाइपास पर फेंक दिया था।

## डीएम ने बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**इटावा।** डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शिवनारायण इंटर कॉलेज एवं सोरावाल इंटर कॉलेज में स्थापित बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संचालित हो रही बोर्ड परीक्षाओं का अवलोकन किया तथा परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कंट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल संबंधित केंद्र व्यवस्थापक वं उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए।

# सरकार की योजनाओं का उपयोग कर बढ़ायें उत्पादन : नवनीत

**उरूवां/गोला,गोरखपुर।** देश के हर नागरिक को पौष्टिक भोजन की आवश्यकता है। किसान भाइयों का आर्थिक विकास हो अधिकतम खाद्यान्न उत्पादन के लिए आवश्यक है कि सरकार की योजनाओं का उचित प्रबंधन वैज्ञानिक तकनीकी आधुनिक कृषि यंत्रों संतुलित उर्वरक उन्नतशील बीज का उपयोग कर खेती की जाए।

उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय ने कही। वे मंगलवार को विकास खंड उरुवा के ग्राम नगवा भगवान में आत्मा योजनाअंतर्गत आर पी एल आधारित दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण में जैविक खेती के वैज्ञानिक डॉ चिंतामणि त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती की तकनीकी पर विस्तार से जानकारी दी। पूर्व अपर जिला कृषि अधिकारी राम अधार यादव ने खेती में कृषि यंत्रों की



उपयोगिता उन्नतशील बीज सरकार की योजनाओं का प्रबंधन फसल अवशेष प्रबंधन संतुलित उर्वरक आदि पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में रोशन लाल धर्मदेव नरसिंह प्रसाद विजय शंकर सिंह ने सरकार की योजनाओं कृषि निवेश व्यवस्था प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि फार्मर रजिस्ट्री आदि पर विस्तार से जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीना पांडेय व संचालन नरसिंह प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन रोशन लाल ने किया। इस अवसर पर जय प्रकाश गुप्ता दीपक राय परमात्मा राजेश पांडेय विश्वनाथ पांडेय अजय गुप्ता कुसुमावती देवी मीना देवी सुनीता उर्मिला राधिका सहित अधिक संख्या में किसान गण और जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

अभियुक्त गिरफ्तार, हेरोईन बरामद

अमेठी ।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत बुधवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त मो0 अयाज पुत्र मो0 नियाज निवासी ग्राम शेखपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 15 ग्राम हेरोईन बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक

# एलटी ग्रेड प्रारंभिक परीक्षा में जनता इंटर कॉलेज के चार शिक्षक सफल

कूरेभार, सुल्तानपुर। जनपद सुलतानपुर के शिक्षा क्षेत्र कूरेभार में संचालित जनता इंटरमीडियट कॉलेज के चार शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एलटी ग्रेड प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में उत्साह का माहौल छा गया। जारी परिणाम के अनुसार कॉलेज में कार्यरत सुरेश कुमार यादव (गणित), राम कुबेर गुप्त (अंग्रेजी), धीरेन्द्र कुमार मौर्य (संस्कृत) एवं रूमान खान (जीव विज्ञान) ने एलटी ग्रेड प्रारंभिक परीक्षा में सफलता हासिल की। चारों शिक्षकों की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों ने माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि पांडेय ने कहा कि लाखों अभ्यर्थियों के बीच इस कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल संबंधित शिक्षकों की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि विद्यालय परिवार के लिए भी प्रेरणादायी है। इससे अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं भी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रेरित होंगे।

विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पारिवारिक, सामाजिक एवं विद्यालयी दायित्वों का सम्यक निर्वहन करते हुए इस प्रकार की सफलता अर्जित करना वास्तव में प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। कार्यक्रम के अंत में समस्त विद्यालय परिवार ने चारों शिक्षकों को आगामी मुख्य परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि वे आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# बरसाना में बरसीं प्रेम की लाठियां व गुलाल

## हेलीकॉप्टर से हुरियारों और श्रद्धालुओं पर की गयी पुष्प वर्षा



मथुरा (मधुसूदन शर्मा)। रंगोत्सव 2026 के अंतर्गत बुधवार को ब्रज में होली की उमंग चरम पर दिखाई दी। बरसाना में आयोजित प्रसिद्ध लठामार होली ने जहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अद्भुत आनंद का अनुभव कराया, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने इस उत्सव को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। ब्रज की परंपरा के अनुरूप बरसाना में लट्ठ होली के दूसरे दिन नंदगांव से आए हुरियारों पर गोपियों ने प्रेमपूर्वक लठ बरसाए। तंग गलियों में ढालों की ठक-ठक और लठों की गूंज के बीच रंग और गुलाल की बौछार होती रही। श्री राधारानी जी की नगरी हुराधे-राधेह्न के जयघोष से गुंजायमान रही और देश-विदेश से आए श्रद्धालु इस अनूठी परंपरा के साक्षी बने।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार रंगोत्सव में सांस्कृतिक आयाम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के तत्वावधान में श्री राधा बिहारी इंटर कॉलेज सहित विभिन्न मंचों पर ब्रज और आसपास से आए कलाकारों ने होली के पारंपरिक गीत, रसिया, भजन और लोकनृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

प्रख्यात कलाकार अभिलाषा वर्मा, बनवारी लाल शर्मा, दीपिका शर्मा, जीतेन्द्र कुमार और कैलाश पियूष ने अपने कलाकार साथियों के साथ लोकसंगीत की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की प्रस्तुतियों में ब्रज की प्राचीन लोक परंपराओं, राधा-कृष्ण की लीलाओं और ग्रामीण जीवन की सजीव झलक दिखाई दी। स्ट्रीट परफॉर्मेंस कलाकारों की टोलियों ने गलियों और चैपालों में अपनी प्रस्तुतियों से होली के उल्लास को और विस्तार दिया। छोटे-छोटे मंचों पर ढोलक, मंजीरा और हारमोनियम की मधुर स्वर लहरियों के साथ जब रसिया गूंजे, तो श्रद्धालु भी झूम उठे। लट्ठों की मार, रंगों की बौछार, परम्पराओं की लाठी और प्रेम का रंग, दिखता है बरसाना में अनोखा ढंग। ब्रज में बरसाना की लठामार होली सिद्ध करती है कि यहां की होली केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि लोककला, संगीत, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उत्सव है, जो ब्रज की पहचान को विश्व पटल पर स्थापित करता है। बरसाना की लठामार होली में श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों की सुविधाओं हेतु पुलिस-प्रशासन द्वारा निरंतर सीसीटीवी कंट्रोल रूम, वॉचटावर एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई। सभी को सरल, सुगम एवं सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराने हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध रहा। जगह जगह पर पुलिस अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिससे मेला सकुशल संपन्न हुआ। नंदबाबा मंदिर के मुख्य पुजारी मनीष गोस्वामी ने बताया कि नंदगांव और बरसाना का यह रिश्ता द्वापर युग से चला आ रहा है। यह लाठियां चोट नहीं पहुंचातीं, बल्कि यह राधा-कृष्ण के निश्छल प्रेम और मनुहार का प्रतीक हैं। आज पूरा ब्रज इसी प्रेम रस में डूबा हुआ है।

**4500 जवानों के साथ अभेद्य रही सुरक्षा व्यवस्था :** लाखों की भीड़ को देखते हुए योगी सरकार के निर्देश पर मथुरा पुलिस ने सुरक्षा का बेहद कड़ा इंतजाम किया था। 4500 से अधिक पुलिसकर्मी, पीएसी और एंटी रोमियो स्क्वायड की टीमें चप्पे- चप्पे पर मुस्तैद रहीं। इसके अलावा जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार स्वयं बरसाना की गलियों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे, जिससे यह महा आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हुआ।

संक्षेप

## 9वीं मंजिल से गिरकर युवती की मौत

**मथुरा।** वृन्दावन कोतवाली की केशव धाम चौकी स्थित श्री कृष्णम शरणम सोसाइटी में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में नौवीं मंजिल से नीचे गिर गई। हादसे के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोग घायल युवती को लेकर रामकृष्ण मिशन अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान रितिका गोयल के रूप में हुई है। वह सोसाइटी के फ्लैट नंबर 802 में अपनी मां और बहन के साथ रहती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ सदर पीतम पाल और वृंदावन कोतवाली प्रभारी संजय पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह हादसा है, आत्महत्या या फिर इसके पीछे कोई अन्य संदिग्ध कारण। वहीं इस संबंध में सीओ सदर पीतम पाल सिंह ने बताया कि बुधवार को 112 पर सूचना मिली थी कि श्री कृष्णम शरणम्-सोसायटी में एक युवती 9वीं मंजिल से गिर गई, जिसकी मौत हो गई है। इसमें विधिक कार्यवाही की जा रही है। परिजनों द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। बताया गया कि ऊपर बालकनी में शीशा नहीं लगा है, जिससे युवती ने अपना संतुलन खो दिया जिसकी वजह से वो नीचे गिर गई और यह हादसा हो गया।

## वर्ष 2026 का प्रथम चन्द्र ग्रहण तीन मार्च को

**मथुरा।** 3 मार्च फाल्गुन पूर्णिमा को पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र सिंह राशि में ग्रस्तोदित चन्द्र ग्रहण लगेगा इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान द्वारा मंथन गोष्ठी की गई जिसमें संस्थान के निदेशक ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने कहा कि फाल्गुन पूर्णिमा को वर्ष 2026 का प्रथम चन्द्र ग्रहण मध्याह्न 03 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा और सायं 06 बजकर 47 मिनट पर मोक्ष होगा। ग्रहण से 09 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा। गोष्ठी में आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, ज्योतिषाचार्य पंडित दीपक चतुर्वेदी ने कहा कि यह ग्रहण सम्पूर्ण एशिया, आस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, उत्तरी तथा दक्षिणी अमेरिका एवं रूस में 15.20 से 18.47 तक दिखाई देगा परन्तु भारत में यह ग्रहण अधिकतम 24 मिनट तक मोक्ष के रूप में दिखाई देगा। गोष्ठी में साहित्याचार्य शरद चतुर्वेदी, ज्योतिषाचार्य पंकज चतुर्वेदी, सौरभ शास्त्री ने कहा कि चन्द्र ग्रहण पर शास्त्रोक्त नियमों का पालन करना चाहिए सूतक काल में आचार विचार को ध्यान में रखें। ग्रहण के समय भगवान का जाप करें। वृद्ध और बीमार लोगों को छोड़कर सभी को सूतक काल में खानपान से बचना चाहिए। ग्रहण मोक्ष होने के बाद स्नान आदि करके घर की शुद्धि करें। इस अवसर पर मनोज पाठक, मनीष पाठक, निरंजन शास्त्री, ऋषभ देव, गोविंद देव, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चन्द्र ग्रहण में विशेषकर गर्भवती महिलाओं को सावधानी रखनी चाहिए और जिनकी कुंडली में चन्द्र की महादशा या अंतर्दशा चल रही है वे भी सावधानी बरतें।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने दूध पिज्जा आदि के नमूने लिये, भेजे जांच को

**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार आगामी त्योहार होली/रंगोत्सव पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस एवं आने वाले श्रृद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह एवं रीना शर्मा द्वारा धर्मपुरा स्थित हरेश की डेयरी से खोए और मिश्रित दूध का एक-एक नमूना तथा ओल स्थित महेश और ब्रजेश की डेयरियों से क्रमशः खोया व घी का एक-एक नमूना



संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम नरेश द्वारा मानसी गंगा फूड प्रोडक्ट्स, गोविंद नगर मथुरा से पिज्जा पास्ता सॉस और टोमैटो केचअप के नमूने लिए गए। उक्त संग्रहित सभी छह खाद्य नमूनें जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## भाजपा जिला शिविर कार्यालय पर नवीन मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया



**फिरोजाबाद।** भाजपा जिला शिविर कार्यालय पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्वाचित होने पर टूंडला विधानसभा एवं जसराना विधानसभा के सभी सात मंडल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं जिला के कार्यकर्ताओं ने सभी नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्षों का माला व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने सभी मण्डल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी देते हुए मण्डल का मुखिया बनाया गया है। भाजपा का कार्यकर्ता 247 कार्य करने वाला कार्यकर्ता है। केंद्र व प्रदेश से जो भी कार्यक्रम व अभियान आते हैं उनको चलाने में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण योगदान मण्डल का रहता है। इसलिए मण्डल अध्यक्ष बूथ स्तर से जिला स्तर तक महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यक्रम में नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष क्रमशः टूंडला नगर अध्यक्ष आजाद जैन, पचोखरा मण्डल अध्यक्ष अजीत सिंह जुरैल नगला बीच मंडल अध्यक्ष अजीत कुशवाह, मां वैष्णों देवी मण्डल अध्यक्ष नीरेश रावत जसराना मंडल अमलेश राजपूत, एका मंडल अध्यक्ष मानपाल लोधी पाढ़म मंडल अध्यक्ष कमलेश लोधी, योगेंद्र सिंह चौहान सचिन जैन, आकाश शर्मा वीरेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद पाल सिंह, ब्रजवीर सिंह चौहान पवन चक, उपेंद्र सिंह बघेल, अनिल शर्मा उदयन शर्मा, विवेक वर्मा, अनंत प्रताप, शशांक प्रताप सिंह, अंकित पाठक जसवीर, देवेंद्र रामू कुशवाहा आदि कार्यकर्ता व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## बस चालक को नींद आने से बस डिवाइडर से टकरा कर पलटी, 12 यात्री घायल

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के 55-56 के बीच एक बस चालक को नींद का झोका आने के चलते बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के दौरान बस का एक्सल टूट गया। जिससे बस पलट गईं। हादसे में एक दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस, यूपीडा ने यात्रियों को इलाज के लिए शिकोहाबाद के अस्पताल भेज दिया। बुधवार की सुबह डबल डेकर बस का चालक देवेंद्र सिंह पुत्र गुरुमीत निवासी तरनतारण पंजाब लखनऊ से चलकर दिल्ली के कश्मीरी गेट जा रही थी। बस में 45 यात्री सवार थे। जब बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस के थाना नसीरपुर क्षेत्र के 55.7 किमी पहुंची ही थी कि तभी बस चालक को नींद का झोका आने के कारण बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद बस का एक्सल टायर सहित टूटकर बस से अलग हो गया और बस पलट गई। हादसा होते ही बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। लोग अपने बचाव के लिए चीखने चिल्लाने लगे। हादसे को देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस, यूपीडा ने घायलों को बस से बाहर निकालकर अस्पताल भेज दिया। बस को साईड से हटवाकर थाने पहुंचवाया। घायल हुए लोगों में मोहम्मद सरतार 32 पुत्र मोहम्मद नईम निवासी गोशाईगंज थाना कासिमपुर हरदोई, प्रदुमन बाजपेयी पुत्र बलराम बाजपेयी, दामिनी वर्मा, दिवांश 5 पुत्र संदीप निवासी लखनऊ, देवेन्द्र पुत्र गुरमीत निवासी पंजाब, सुधीरपाल पुत्र रामधनपाल निवासी पंजाब, गंगा पुत्र रामशरणपाल निवासी पंजाब, कृष्ण कुमार पुत्र बनवारीलाल निवासी प्रतापगढ, शिवम गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार निवासी प्रतापगढ, धीरेन्द्रप्रताप पुत्र रामदेव निवासी आलोक नगर लखनऊ, स्वेता पुत्र पारसनाथ निवासी वामनेश कालॉनी महानगर लखनऊ, पियूष मिश्रा पुत्र ब्रजभूषण मिश्रा निवासी प्रतापगढ हैं।

## केंद्रीय मंत्री जुएल ओरांव ने किये बांके बिहारी महाराज के दर्शन



**मथुरा।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुआल ओराम ने बुधवार को वृंदावन विश्वप्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आराध्य के चरणों में मत्था टेका और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के उपरांत मंदिर की ओर से केंद्रीय मंत्री को प्रसादी माला, अंगवस्त्र और ठाकुर जी का आशीर्वाद भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। मंदिर परिसर में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पटुका पहनाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। मीडिया से मुखातिब होते हुए जुआल ओराम ने कह कि यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे बांके बिहारी जी के दर्शन का सुअवसर प्राप्त हुआ। मैने प्रभु से देशवासियों के कल्याण और चहुंमुखी प्रगति की प्रार्थना की है। मंत्री के आगमन के दृष्टिगत मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। दर्शन के बाद वे स्थानीय कार्यकताओं के साथ संक्षिप्त चर्चा कर रवाना हो गए।

## श्री सिद्धि विनायक कॉलेज एनएसएस के विशेष शिविर का रंगारंग समापन

जिला संवाददाता (vol)

**गोवर्धन।** श्री सिद्दी विनायक महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। विशेष शिविर में स्वयंसेविकों ने सात दिन तक जागरूकता रैली, स्वच्छता मिशन, स्वास्थ्य, साक्षरता, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों से गांव वासियों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने ग्राम अडींग, राल, छटीकरा, पैंठा, महमदपुर, सूरसाधना स्थली, चंद्र सरोवर, कमल कुंड, कुसुम सरोवर, कस्बा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग आदि पर श्रमदान किया। एनएसएस विशेष शिविर समापन समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी राधाकुंड के पीठाधीश्वर केशव दास महाराज, निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, श्रीमती मधु शर्मा ने श्री गडेश जी महाराज की



प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट ने राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल संचालन और सराहनीय कार्यों के लिये एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रमों में गीतकाव्य, दहेज नाटक, भजन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, राजस्थानी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, होली गायन, झूमर नृत्य, आदि की रंगारंग प्रस्तुतियां छात्रायों ने दी। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा एवं सतीश शर्मा ने सभी अतिथियों का पटुका उड़ाकर और गिर्राज जी की छवि देकर स्वागत किया। संचालन पीटीआई दिलीप यादव ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक महेश चंद्र अग्रवाल, भारत उपाध्याय, टीकम सिंह रजावत, भानु अग्रवाल, हारून कुरैशी, जे.पी सिंह, पवन, विष्णुकांत शर्मा, के.पी सिंह, बाल कृष्ण सैनी, दिनेश कौशिक, चंद्र शेखर शर्मा, प्रकाश सिंह, याचना शर्मा, नीलम, मोनिका भारद्वाज, बुलबुल कौशिक, अर्चना माथुर आदि उपस्थित थे।

## जिलाबदर अभियुक्त को 3 माह के लिए जिले की सीमा से बाहर छोड़ा

**टूंडला।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा शातिर जिलाबदर अभियुक्त हरी सिंह उर्फ हरिया पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम कोटकी थाना पचोखरा को बाद तामील नोटिस कराकर 03 माह के लिए जिलाबदर कर जनपदीय सीमा बॉर्डर से बाहर जनपद आगरा की सीमा में छोड़ा गया है। थानाध्यक्ष अमित तोमर ने बताया कि जिलाबदर की अवधि के दौरान अगर अभियुक्त जनपद फिरोजाबाद की सीमा में पाया जाता है तो कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## खुद पर फायरिंग कराने वाला कथित पीड़ित ही निकला मास्टरमाइंड, साथी समेत गिरफ्तार



**मथुरा ।** शहर की कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है, जहाँ एक व्यक्ति ने अपने विरोधियों को जेल भिजवाने के लिए खुद पर ही फायरिंग की साजिश रच डाली। पुलिस ने ह्यऑपरेशन क्लीनह्व के तहत जांच करते हुए मुकदमा दर्ज कराने वाले वादी (पीड़ित) को ही उसके साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा और बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है।

बीते 23 फरवरी को रुकमणी विहार निवासी जगदीश पुत्र रामी ने कोतवाली में तहरीर दी थी कि संतोष गुप्ता और तीन अज्ञात बदमाशों ने उसके घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल धारा 61(2)/109/333 ठछे के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा के नेतृत्व में जब पुलिस टीम ने साक्ष्यों की कड़ियाँ जोड़ीं, तो कहानी कुछ और ही निकली।

सर्विलांस और मुखबिर की सूचना से पता चला कि वादी जगदीश ने खुद ही दुश्मनों को फंसाने के लिए मयंक उर्फ डम्फर के साथ मिलकर इस पूरी घटना की पटकथा लिखी थी। बुधवार को पुलिस ने सटीक सूचना पर रुकमणी विहार और पुरानी रेलवे लाइन के पास से जगदीश (वादी)ः उम्र 35 वर्ष, निवासी रुकमणी विहार (साजिशकर्ता)। मयंक उर्फ डम्फरः उम्र 28 वर्ष, निवासी देवीपुरा, थाना हाईवे (सह-अभियुक्त) को दबोच लिया। अभियुक्त मयंक के पास से .315 बोर का एक तमंचा, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर की प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की गई है। ?इस खुलासे में कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा, उपनिरीक्षक पवन कुमार और सनोज कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर कानून को गुमराह करने वालों के खिलाफ यह एक सख्त संदेश है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## नगर आयुक्त ने तिराहों व चौराहों पर चल रहे सुन्दरीकरण का किया निरीक्षण

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा मथुरा नगर के प्रमुख तिराहों एवं चैराहों पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का आज नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों मछली फाटक, स्टेट बैंक चैराहा, कंकाली देवी मंदिर मार्ग एवं भूतेश्वर तिराहा पर रोड साइड इंटरलॉकिंग, व्यू कटर स्थापना, पौधरोपण (प्लांटेशन), कच्चे हिस्सों को पक्का करने तथा



वॉल पेंटिंग सहित विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर हैं। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समयसीमा में, विशेषकर होली पर्व से पूर्व, पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने प्रमुख मार्गों, तिराहों एवं चैराहों पर अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए, जिससे मार्ग पूर्णतः अतिक्रमणमुक्त रहें और आगंतुक श्रद्धालुओं एवं आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, अधिशासी अभियंता (निर्माण) अमरेंद्र गौतम एवं अवर अभियंता इमरान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा विधानसभा टूंडला में नवमनोनीत मंडल अध्यक्षों का हुआ भव्य स्वागत




**टूण्डला।** भाजपा द्वारा विधानसभा टूण्डला में नव मनोनीत मंडल अध्यक्षों की घोषणा के उपरांत भाजपा कार्यकताओं ने सिटी प्लाजा व शारदा बैंकट हॉल पर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। टूण्डला नगर अध्यक्ष के रूप में आजाद जैन पचोखरा मंडल अध्यक्ष के रूप में अजीत जुरेल नगला बीच मण्डल अध्यक्ष अजीत कुशवाहा तथा माँ वैष्णों देवी मंडल अध्यक्ष के रूप में नीरश रावत को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान टूंडला भाजपा विधायक प्रेम पाल धनगर ने कहा कि नए मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेज गति से किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में वृंदावन लाल गुप्ता दीपक चौधरी दीपक राजोरिया राम तीर्थ चक, रोहित कटियार नीलम दिवाकर जितेंद्र शर्मा विवेक कौशिक नीरज जैन राजेश अग्रवाल आशुतोष गर्ग अनमोल कपूर, हरीश चन्द्राणी संजय परमार अग्रज जैन ध्रुव प्रशांत शर्मा नरेन्द्र शर्मा सहित समस्त भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीएसए इंजीनियरिंग कालेज के 9 छात्रों का एयरफ्लो प्रा.लि. में चयन



**मथुरा।** बीएसए कालेज ऑफ इंजीनियरिग एण्ड टैक्नोलॉजी, मथुरा के अंतिम वर्ष एमबीए की अदिति सक्सैना, स्नेहा गोयल, साक्षी अग्रवाल, ललित गौर, आयषू गौर, सहदैव शर्मा, विवके राना, आदित्य चैधरी एवं बीटैक मैकेनिकल इन्जीनियरिग के छात्र हर्ष अग्रवाल का अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुये बहु चर्चित कम्पनी एयरफ्लो प्रालि में चयन हुआ। यह कंपनी मुख्य रूप से हाई परफॉर्मेंस वेंटीलेषन एवं एयर डिस्ट्रीब्यूषन सिस्टम की व्याख्यात कम्पनी है । चयनित छात्रों ने कहा कि संस्थान में वह सभी संसाधन उपलब्ध है जिससे कि सभी छात्र-छात्राएं अपने अन्दर छिपी हुयी प्रतिभा को उभार सकते है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय टीएनपी विभागाध्यक्ष अमित अग्रवाल, एमबीए विभागाध्यक्ष गजेन्द्र गर्ग एवं मैकेनिकल विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार बाजपेयी को दिया। इस अवसर पर सस्थान के चैयरमेन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इं नितिन मित्तल, निदेशक प्रो0 (डा0) श्याम सुन्दर अग्रवाल तथा रजिस्ट्रार भगवान सिंह ने चयनित छात्र को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कालेज द्वारा प्रयास किये जा रहे है ताकि छात्रों को डिग्री ही नहीं, प्रतिष्ठत संस्थानों एवं कम्पनियों में आकर्षक पैकेज पर रोजगार मिल सकें ।

## सीडीओ ने की विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा

**फिरोजाबाद।** डीएम द्वारा जारी रोस्टर के क्रम में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम सीडीओ द्वारा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्था यूपी सिड़को के अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय पुलखडीत, एका में निर्माण कार्य में लगभग 100 से अधिक लेबर कार्य कर रहे हैं, माह फरवरी, 2026 तक 34 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना चाहिए था किन्तु 27 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो सका है, जिसे तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। द्वितीय चरण में तहसील सिरसागंज के ग्राम करहरा



में स्वीकृत मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का डी0पी0आर0 शासन को प्रेषित किया जा चुका है, शासन के अनुमोदनोपरान्त धनराशि आवंटित की जायेगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय लालऊ में निर्माण कार्य गतिमान है, जिसे गुणत्तापूर्ण व शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। विद्यालय परिसर से जा रहे हाई विद्युत हाई टेंशन लाइन को एक सप्ताह में हटाये जाने के निर्देश दिये गये तथा अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड जसराना टूण्डला सिरसागंज शिकोहाबाद व फिरोजाबाद के द्वारा अद्यतन विद्युत तार न हटाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत असंतृप्त विद्यालयों की पैरामीटरवाइज सूची तैयार कर प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे होने वाली वीडियोकान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये। समग्र शिक्षा के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में3 निर्माण कार्य अद्यतन अनारम्भ होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए तत्काल प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये गये। सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं में अपेक्षित कार्यवाही किये जाने के साथ-साथ समस्त जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा प्रेरणा एप के माध्यम से प्रतिमाह विद्यालय निरीक्षण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत विद्यालयों में क्रय किये जाने वाली सामग्री यथा-मसाले, सब्जी, दूध, फल आदि को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से क्रय करने व भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे स्वयं सहायता समूह को भी रोजगार मिल सके। पुनः दिनांक 1-2 मार्च, 2026 को समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा की जायेगी कि कितने विद्यालयां में स्वयं सहायता समूह से सामान लिया गया है ? आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

## डीएम ने की आगामी एक दिवसीय निःशुल्क वृहद रोजगार मेले के संबंध में समीक्षा बैठक

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में जनपद में आयोजित होने वाली आगामी एक दिवसीय निशुल्क वृहद रोजगार मेले के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में सीडीओ शत्रोहन वैश्य और एडीएम विशु राजा भी उपस्थित रहे, रोजगार समिति के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में 50 से 60 प्रतिष्ठित कंपनियों के सम्मिलित होने का अनुमान है, युवाओं के लिए इस मेले के माध्यम से देश के साथ विदेशों में भी नौकरी पाने के अवसर उपलब्ध रहेंगे, इसमें कृषि फामेर्सी फूड सेक्टर मार्केटिंग एल आई सी मारुति सुजुकी पुखराज हेल्थ केयर, जेप्टो ब्लिंकीट और केएफसी जैसी कंपनियां हिस्सा लेंगी, इस मेले में कंप्यूटर ऑपरेटर अकाउंटेंट इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर जैसे विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों के निर्देशित किया है कि मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक रोजगार युवक और युक्तियां इसका लाभ उठा सके, उन्होंने जोर दिया है कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शी हो और युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार मिले, उन्होंने सभी बेरोजगार युवक और युवतियों का आह्वान किया है, कि मेले में प्रतिभाग करने से पहले रोजगार पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, पंजीकरण के पश्चात ही अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार कंपनियों में साक्षात्कार दे सकेंगे।

संक्षेप

## सोने की शुद्धता में चिंताजनक अनियमितताओं का किया खुलासा

बंगलुरु। लाइव टाइम्स के ऑपरेशन गोल्ड ने सोने की शुद्धता में चिंताजनक अनियमितताओं का खुलासा किया। भारत में सोना केवल एक वित्तीय संपत्ति नहीं, बल्कि घरेलू सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत का प्रमुख साधन भी है। सोने के लेन-देन में विश्वास काफी हद तक हॉलमार्क शुद्धता प्रमाणन पर आधारित होता है, जिसका उद्देश्य खरीदारों को यह आश्वस्त करना है कि आभूषण भारत की अनिवार्य हॉलमार्किंग व्यवस्था के तहत निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं। ऑपरेशन गोल्ड सबसे बड़ी लूट केवल एक खुलासा नहीं, बल्कि जनहित में की गई पहल है, जो लाइव टाइम्स की मूल भावना से जुड़ी है। इस नेटवर्क की अवधारणा हमेशा पीपल फर्स्ट रही है–जहां हम नागरिकों के साथ खड़े होकर उनके विश्वास, उनकी बचत और उनकी गरिमा की रक्षा से जुड़े सवाल उठाते हैं।

## स्विगी डाइनआउट के ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल की घोषणा

बंगलुरु। स्विगी लिमिटेड ने स्विगी डाइनआउट के लोकप्रिय ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल (जीआईआरएफ) 2026 की लॉन्च की घोषणा की है। जीआईआरएफ 2026 के आधिकारिक एंबेसडर के रूप में भुवन बाम को जोड़ा गया है, जिसमें बीबी की वाइन्स की लोकप्रिय दुनिया को भारत के सबसे बड़े डाइनिंग फेस्टिवल से जोड़ा गया है। जीआईआरएफ भारत के सबसे बड़े डाइनिंग अभियानों में से एक है। बाहर खाना और अधिक लाभदायक, आसान और नियमित बने, साथ ही हमारे रेस्टोरेंट पार्टनर्स के लिए लगातार अधिक ग्राहकों की आवाजाही और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित हो।

## क्रिकेट सीजन ने मेट्रो शहरों से परे भी टूरिज्म को दिया बढ़ावा

नयी दिल्ली। भारत में आगामी क्रिकेट सीजन से घरेलू पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल रही है। एयरबीएनबी का नया डाटा दिखाता है कि मैच आयोजित करने वाले मेजबान शहरों के लिए सालाना आधार पर सर्चिंग और बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेष रूप से मेट्रो शहरों से इतर शहरों को लेकर यह ट्रेंड दिख रहा है। फरवरी से मई के बीच प्रमुख टूर्नामेंट्स को देखते हुए रांची, तिरुअनंतपुरम, जयपुर जैसे उभरते केंद्रों में ट्रैवल की मांग निकल रही है। यह दिखाता है कि बड़े खेल टूर्नामेंट किस तरह से भारत में टूरिज्म मैप को नया आकार दे रहे हैं।

## निहार शांति पाठशाला फनवाला ने शिक्षा को सशक्त बनाने की पहल

नयी दिल्ली। निहार शांति पाठशाला फनवाला ने सेसमे वर्कशॉप इंडिया के साथ साझेदारी में उत्तरप्रदेश के एस्पीरेशनल जिला बहराइच में 100 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1,700 से अधिक बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूत किया है। बहराइच जिला नीति आयोग द्वारा चयनित एस्पीरेशनल जिलों में शामिल है, जहां प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा का स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा है। यह कार्यक्रम बुनियादी पढ़ना-लिखना और गणित पर केंद्रित है। यह एक समग्र तरीके से काम करता है, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकताओं को सहयोग देना, माता-पिता को जोड़ना और बच्चों की पढ़ाई के स्तर को लगातार बेहतर बनाने के लिए सरकारी प्रणाली के साथ मिलकर काम करना शामिल है।

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट पशु विकास दिवस के माध्यम से सर्वोत्तम सेवा में अग्रणी

नयी दिल्ली। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी 2026 को अपनी प्रमुख पशु कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका पहल, पशु विकास दिवस के आठवें संस्करण का सफल समापन किया। सर्वोत्तम सेवाः पशु, परिवार और प्रगति की थीम पर आधारित इस पहल ने पशुओं के स्वास्थ्य, परिवार के कल्याण एवं स्थायी प्रगति को बढ़ावा देकर समग्र ग्रामीण विकास के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाया। 2014 में लॉन्च किया गया पशु विकास दिवस पशु मालिकों को निःशुल्क वेटेरीनरी सेवाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनकी स्वास्थ्यसेवा संबंधी जरूरतों को पूरा करता है।

## राष्ट्रीय अधिवेशन आज

लखनऊ। क्रांतिकारी वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि के अवसर पर 26 फरवरी को इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में होने जा रहे अभिनव भारत पार्टी के द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। अधिवेशन में शामिल होने के लिये कम्प्यूटर बाबा, साधू-संतों सहित देश के विभिन्न राज्यों से कार्यकताओं का देर रात तक पहुंचना जारी रहा। पार्टी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष की अधिकारिक घोषणा और भावी रणनीति को लेकर चर्चा की जायेगी।

# सेंसेक्स में 50 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिका में भारतीय सौर उत्पादों पर 126 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा से बुधवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार अपनी शुरुआती तेज बढ़त गंवाते हुए मामूली लाभ के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 50 अंक जबकि निफ्टी में 58 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 50.15 अंक यानी 0.06 प्रतिशत बढ़कर 82,276.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 731.99 अंक चढ़कर 82,957.91 अंक तक पहुंच गया था।

वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 57.85 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,482.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 228 अंक चढ़कर 25,652.60 अंक पर बंद हुआ था। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा के शेयर चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स और इटर्नल के शेयर गिरावट में रहे। सकारात्मक वैश्विक संकेतों से बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों ने जोखिम से बचने को तरजीह दी। व्यापक बाजार में अमेरिकी प्रशासन के 126 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा से सौर उपकरण क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। वारी एनर्जीज में 10.47 प्रतिशत, प्रीमियर एनर्जीज में 6.27 प्रतिशत एवं विक्रम सोलर में 5.45 प्रतिशत की गिरावट रही।

ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, सकारात्मक वैश्विक संकेतों और अमेरिकी प्रौद्योगिकी शेयरों में उछाल से घरेलू बाजार ने मजबूती के साथ शुरुआत की। लेकिन ऊपरी स्तर पर मुनाफावसूली हावी होने और वैश्विक व्यापार संबंधी चिंताओं से यह बढ़त सिमट गई। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.59 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0.37 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड में सर्वाधिक 2.64 प्रतिशत की तेजी रही जबकि वाहन खंड में 1.82 प्रतिशत, फोकस्ड आईटी खंड में 1.53 प्रतिशत और जिंस खंड में 1.49 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे।

# डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे टूटकर 90.96 पर बंद



मुंबई। दुनिया भर में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निधियों की धननिकासी के बीच अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया लगातार दूसरे दिन भी सीमित दायरे में रहा और डॉलर के मुकाबले एक पैसे टूटकर 90.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशीमुद्रा व्यापारियों के अनुसार, कमजोर डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक धारणा ने रुपये की गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया डॉलर के मुकाबले 90.94 पर खुला और पूरे सत्र में एक सीमित दायरे में कारोबार करता रहा, फिर 90.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से एक पैसा कम है। मंगलवार को, डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे गिरकर 90.95 पर बंद हुआ था। शुरुआती कारोबार में कमजोर डॉलर और घरेलू बाजारों की सकारात्मक शुरुआत से रुपया चढ़ा। हालांकि, कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण इसने बढ़त खो दी। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अमेरिका और ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव और चल रहे व्यापार शुल्क की अनिश्चितता के बीच रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। अमेरिका और ईरान के बीच बृहस्पतिवार को बातचीत होने की संभावना है, और अब बाजारों को उम्मीद है कि अमेरिका ईरान पर सीमित हमला कर सकता है। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.05 प्रतिशत टूटकर 97.79 पर कारोबार कर रहा था। रिजर्व बैंक के दखल के साथ कमजोर डॉलर, निचले स्तर पर रुपये को समर्थन कर सकता है। डॉलर-रुपया हाजिर कीमत के 90.70 से 91.20 रुपये के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। वैश्विक कच्चातेल मानक, ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.06 प्रतिशत बढ़कर 70.76 डॉलर प्रति बैरल हो गया। बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में तेज़ी आई और सेंसेक्स 50.15 अंक चढ़कर 82,276.07 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 57.85 अंक चढ़कर 25,482.50 पर बंद हुआ।

# इस्मा ने 2025-26 के लिए चीनी उत्पादन अनुमान को घटाकर 3.24 करोड़ टन किया

नयी दिल्ली। उद्योग निकास इस्मा ने बुधवार को शीर्ष उत्पादक राज्यों... महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कम पैदावार का हवाला देते हुए कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 के लिए भारत का चीनी उत्पादन का अनुमान 5.57 प्रतिशत घटाकर 3.24 करोड़ टन कर दिया गया है। कार्यकारी समिति की बैठक के बाद जारी किया गया तीसरा अग्रिम अनुमान, तीन करोड़ 43.5 लाख टन के दूसरे अनुमान के बाद आया है। पिछले साल उत्पादन दो करोड़ 96.2 लाख टन का हुआ था।

एथनॉल के लिए 31 लाख टन का उपयोग किये जाने के बाद, शुद्ध उपलब्धता वर्ष 2024-25 के दो करोड़ 61.2 लाख टन से बढ़कर दो करोड़ 93 लाख टन तक पहुंच जाएगी। इस्मा ने कहा कि 50 लाख टन के शुरुआती स्टॉक को मिलाकर, कुल 3.43 करोड़ टन की उपलब्धता, घरेलू खपत 2.83 करोड़ टन से कहीं ज़्यादा है। इस्मा ने 7,00,000 टन निर्यात और 53 लाख टन शेष बचने वाले स्टॉक का अनुमान लगाया है। महाराष्ट्र में शुद्ध उत्पादन 1.06 करोड़ टन, उत्तर प्रदेश में 92.5 लाख टन और कर्नाटक में 48.4 लाख टन होने का अनुमान है। सभी को संशोधित करके कम किया गया है लेकिन पिछले साल के स्तर से ऊपर बताया गया है।

# अमेरिका ने कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 126 प्रतिशत का शुरुआती प्रतिपूर्ति शुल्क लगाया



नयी दिल्ली। अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 125.87 प्रतिशत का प्रतिपूर्ति शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिका ने इंडोनेशिया और लाओस से आयातित क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल, चाहे वे मॉड्यूल में संयोजित हों या नहीं पर भी अलग-अलग शुल्क दरों की घोषणा की है।

अमेरिकी आदेश के अनुसार, 24 फरवरी, 2026 को अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) से क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल, चाहे वे मॉड्यूल में संयोजित हों या नहीं (सौर सेल), के संबंध में प्रतिपूर्ति शुल्क जांच में अपने प्रारंभिक निष्कर्षों की घोषणा की। ये शुल्क अमेरिकी प्रशासन द्वारा 24 फरवरी से सभी देशों पर घोषित 10 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त हैं। आदेश के अनुसार, अमेरिका में भारत से सौर आयात 2022 के 8.38 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 79.26 करोड़ डॉलर हो गया। आदेश में कहा गया, यदि इसे स्थगित नहीं किया गया, तो इन प्रतिपूर्ति शुल्क (सीवीडी) जांच के अंतिम निर्णय छह जुलाई, 2026 को जारी किए जाएंगे। वाणिज्य विभाग.. भारत, इंडोनेशिया और लाओस से सौर सेल के संबंध में समानांतर रूप से डंपिंग रोधी शुल्क जांच भी कर रहा है। प्रतिपूर्ति शुल्क, कंपनियों को सब्सिडी वाले आयात से बचाने में मदद करते हैं। भारत, देश में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए कई कदम उठा रहा है।

# मोटर वाहन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में भारत के समर्थन उपाय डब्ल्यूटीओ मानकों के अनुरूप

नयी दिल्ली। मोटर वाहन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए भारत के समर्थन उपाय पूरी तरह से विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानकों के अनुरूप हैं और देश डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान समिति के समक्ष कार्यवाही में इनका दृढ़ता से बचाव करेगा। एक अधिकारी ने यह बात कही।

चीन के अनुरोध के बाद डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान निकाय ने इस मामले की सुनवाई के लिए एक समिति गठित करने की मंगलवार को घोषणा की थी। अधिकारी ने कहा कि भारत को खेद है कि चीन ने इस मामले पर सद्भावना के साथ हुई व्यापक द्विपक्षीय परामर्श प्रक्रिया के बावजूद समिति गठन की दिशा में कदम बढ़ाया, जबकि इन परामर्शों के दौरान भारत ने संबंधित उपायों पर विस्तृत स्पष्टीकरण एवं जानकारी दी थी। भारत का मानना है कि समिति गठन के लिए चीन का अनुरोध इन उपायों की संरचना एवं क्रियान्वयन दोनों की गलत समझ को दर्शाता है। भारत इस बात पर कायम है कि चीन ने जिन उपायों को चुनौती दी है वे पूरी तरह जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स एंड ट्रेड, 1994 और सब्सिडी एवं प्रतिकारक उपायों पर समझौता सहित सहित डब्ल्यूटीओ समझौतों तथा भारत के अधिकारों व दायित्वों के अनुरूप हैं।

# स्मार्टफोन 30 अरब डॉलर केसाथ देश का अग्रणी निर्यात खंड बनाः वैष्णव



नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 में देश में बने 30 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन निर्यात किए गए और अब स्मार्टफोन भारत का शीर्ष निर्यात खंड बन चुका है।

वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया का स्मार्टफोन विनिर्माण केंद्र बनता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-दिसंबर, 2025 के दौरान देश का स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर रहा। देश में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान करीब 5.5 लाख करोड़ रुपये (करीब 60 अरब डॉलर) के मोबाइल फोन का उत्पादन हुआ, जबकि इस दौरान निर्यात करीब दो लाख करोड़ रुपये (लगभग 22 अरब डॉलर) का रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का कुल निर्यात वर्ष 2025 में चार लाख करोड़ रुपये (करीब 44 अरब डॉलर) के पार पहुंच गया है। इस वर्ष चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों द्वारा उत्पादन शुरू करने के बाद इसमें और वृद्धि होने की उम्मीद है। एप्पल ने चीन पर अमेरिकी शुल्क लगने के बाद भारत में विनिर्माण बढ़ाकर देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी है। शाह ने कहा, भारत में 2025 में लगभग 30 करोड़ मोबाइल फोन का उत्पादन होने का अनुमान है और हर चार में से एक स्मार्टफोन को निर्यात किया गया। उच्च औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) वाले अमेरिकी बाजार में एप्पल, सैमसंग और मोटोरोला की मजबूत मांग ने निर्यात मूल्य को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचाया। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के मुताबिक, 2025 की तीसरी तिमाही में एप्पल ने घरेलू बाजार में 50 लाख आईफोन की आपूर्ति की, जो किसी भी तिमाही का उच्चतम स्तर है।

# सरकार ने एक अप्रैल से न्यूनतम 95 रॉन वाले ई20 पेट्रोल की बिक्री अनिवार्य की



नयी दिल्ली। सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रण और न्यूनतम 95 रिसर्च ऑक्टेन नंबर (रॉन) वाले पेट्रोल की बिक्री अनिवार्य कर दी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने 17 फरवरी की एक अधिसूचना में कहा, केंद्र सरकार निर्देश देती है कि पेट्रोलियम कंपनियां राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देशों के अनुसार 20 प्रतिशत तक एथनॉल के साथ मिश्रित मोटर स्पिरिट (पेट्रोल) की बिक्री करेंगी, जिसका न्यूनतम रिसर्च ऑक्टेन नंबर (रॉन) 95 होगा। केंद्र सरकार विशेष परिस्थितियों में विशिष्ट क्षेत्रों के लिए और सीमित समय के लिए छूट दे सकती है। एथनॉल गन्ने, मक्का या अनाज से बनाया जाता है। सरकार ने तेल आयात में कटौती करने और उत्सर्जन को कम करने के लिए पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को अनिवार्य किया है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि 2023-25 के बाद भारत में निर्मित अधिकांश वाहनों को ई20 पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है और ऐसे में किसी बड़ी समस्या की उम्मीद नहीं है।

हालांकि, पुराने वाहनों के माइलेज में मामूली गिरावट (3-7 प्रतिशत) आ सकती है और साथ ही रबड़ या प्लास्टिक के पुर्जे खराब हो सकते हैं। न्यूनतम 95 रॉन पर जोर इंजन को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए है। रॉन इंजन नॉकिंग (समय से पहले प्रज्वलन) के प्रति ईंधन के प्रतिरोध का एक माप है। नॉकिंग तब होती है जब ईंधन इंजन के अंदर असमान रूप से जलता है, जिससे पिंगिंग की आवाज आती है, और समय के साथ इंजन को नुकसान हो सकता है। रॉन जितना अधिक होगा, ईंधन नॉकिंग के प्रति उतना ही अधिक प्रतिरोधी होगा।

## पेज एक का शेष

### ब्रज में खेली

से सराबोर था और हर तरफ केवल राधा-कृष्ण के जयकारे गूंज रहे थे। योगी सरकार ने 'रंगोत्सव 2026' को भव्य रूप देते हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अनूठी होली का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब बरसाना में उमड़ पड़ा।

नंदगांव के हुरियारों के बरसाना पहुंचने पर प्रिया कुंड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। बरसाना वासी कृष्ण के सखाओं को दामाद के रूप में देखते हैं, इसलिए उसी आत्मीय भाव से उन्हें मिठाई, पकोड़े, ठंडाई और भांग परोसी गई। इसके बाद हुरियारों ने अपनी पाग (पगड़ी) बांधी और ब्रह्मांचल पर्वत स्थित श्री लाडली किशोरी जी के मंदिर पहुंचकर राधा रानी से होली खेलने की अनुमति ली। इस अद्भुत क्षण को और भी दिव्य बनाने के लिए हेलीकॉप्टर से हुरियारों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। दर्शन के बाद शाम करीब चार बजे हुरियारे रंगीली गली पहुंचे। यहां ढोल-नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक ब्रज रसिया और होली गीत गाकर उन्होंने हुरियारिनों को रिझाया। इसके जवाब में महिलाओं ने मजाकिया अंदाज में उन पर लाठियों से वार किया, जिससे पुरुषों ने चमड़े की मजबूत ढाल से अपना बचाव किया। मान्यता है कि यह परंपरा 5000 साल पुरानी है, जब भगवान कृष्ण अपने सखाओं के साथ राधा रानी और उनकी सखियों को चिढ़ाने आए थे, तब सखियों ने उन्हें लाठियों से खदेड़ा था। ब्रज में होली बसंत पंचमी से शुरू होकर 45 दिनों तक चलती है। इसका सबसे मुख्य आकर्षण यह लठामार होली ही है। इस अलौकिक दृश्य और आनंद को देखकर श्रद्धालु और मंदिर के सेवायत भाव-विभोर हो गए। श्रद्धालु भारती ने कहा कि मैंने जीवन में पहली बार ऐसी होली देखी है। लाठियों की मार में भी जो प्रेम और भक्ति का भाव है, वह सिर्फ ब्रज में ही महसूस किया जा सकता है। ऐसा लग रहा है मानो साक्षात कान्हा यहाँ होली खेल रहे हों। श्रद्धालु स्वाति ने कहा कि योगी सरकार ने जो व्यवस्था की है, वह बेहतरीन है। इतनी भीड़ के बावजूद प्रशासन का प्रबंधन शानदार था। आसमान से जब हेलीकॉप्टर से फूल बरसे, तो हमारा मन आनंद से भर गया। नंदबाबा मंदिर के मुख्य पुजारी मनीष गोस्वामी ने बताया कि नंदगांव और बरसाना का यह रिश्ता द्वापर युग से चला आ रहा है। यह लाठियां चोट नहीं पहुंचातीं, बल्कि यह राधा-कृष्ण के निश्छल प्रेम और मनुहार का प्रतीक हैं। आज पूरा ब्रज इसी प्रेम रस में डूबा हुआ है। लाखों की भीड़ को देखते हुए योगी सरकार के निर्देश पर मथुरा पुलिस ने सुरक्षा का बेहद कड़ा इंतजाम किया था। 4500 से अधिक पुलिसकर्मी, पीएसी और एंटी रोमियो स्क्वायड की टीमें चप्पे- चप्पे पर मुस्तैद रहीं। इसके अलावा जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार स्वयं बरसाना की गलियों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे, जिससे यह महा आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हुआ।

### प्रधानमंत्री मोदी

अपने अच्छे मित्र, प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया, जो इजराइल की एक और ऐतिहासिक यात्रा के लिए पहुंचे हैं। इजराइल यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा था कि उन्हें विश्वास है कि यह यात्रा भारत और इज़राइल के बीच स्थायी संबंधों को और सुदृढ़ करेगी तथा रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। मोदी ने कहा भारत और इज़राइल के बीच एक मज़बूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें हाल के वर्षों में उल्लेखनीय विस्तार और गतिशीलता देखी गई है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ होने वाली चर्चाओं को लेकर आशान्वित हूं जिनका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश के साथ लोगों के बीच आपसी संबंधों समेत विभिन्न क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करना है।

### अब जापान

सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधीकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है।

### डकैती प्रवृत्ति

होगा। हम सूर्यपुत्र हैं, हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए। जापान में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी सधे व स्पष्ट अंदाज में उत्तर प्रदेश के अंधेरे से उजाले तक के परिवर्तन की यशगाथा को सबके सामने रखा। उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और निवेश के नए अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यूपी दंगों या कर्फ्यू की खबरों से आगे बढ़कर दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश की पहचान बन चुका है और यही परिवर्तन भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कनेक्टिविटी का संकट था, सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी। लोग भी कहते थे कि बिजली गायब रहती थी। दरअसल पहले की सरकारें अंधेरे में रहने की आदी थीं, क्योंकि उनके सारे कार्य तो अंधेरे में होते थे। आप मुझे बताओ, क्या उजाले में डकैती पड़ेगी? जब प्रवृत्ति डकैती डालने की थी तो वह तो अंधेरे में ही डाली जा सकती थी, इसलिए बिजली नहीं देते थे। वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करते थे।

### सीएम योगी

की मिट्टी से जन्मी पारंपरिक शिल्प कला ने सिंगापुर व जापान के बच्चों से लेकर अति-विशिष्ट लोगों तक, सबका दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के तहत तैयार कराई गईं विशिष्ट कलाकृतियां भेंट कर यूपी के कारीगरों की प्रतिभा को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। प्रमुख नेताओं, कॉरपोरेट लीडर्स व बच्चों को सीएम योगी ने 500 से ज्यादा विशिष्ट कलाकृतियां भेंट कीं। सिंगापुर और जापान की धरती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के सबसे सशक्त दूत बनकर भी उभरे हैं। सिंगापुर व जापान के लोगों के लिए विशेष तौर पर वहां के बच्चों को सौंपने के लिए उनके निर्देशन में स्पेशल डिजाइन के उपहार तैयार किए गए थे। 300 से ज्यादा बच्चों को सीएम योगी ने मंडला आर्ट से बनी कलाकृतियां दीं, जिन्हें पाकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। विदेशी मेहमानों ने जब इन हस्तनिर्मित कलाकृतियों को देखा तो वे अचंभित रह गए। बनारस की गुलाबी मीनाकारी ने तो विशेष रूप से सबका ध्यान खींचा। फिरोजाबाद के रंगीन कांच से बनी भगवान राम, शिव, राधा-कृष्ण और बुद्ध की प्रतिमाएं देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

### विधायक उमा शंकर

से जूझ रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा दो साल से अधिक समय से वह जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में उनका सारा समय और धन उन्हें बचाने में खर्च हो रहा है न कि कुछ अर्जित करने में। उनके सभी कारोबार लगभग बंद हो गये हैं। उन्होंने कहा आज वह अपने ही आवास में पृथक-वास में रह रहे हैं और वह विधानसभा सत्र में भी भाग नहीं ले सके हैं। दिनेश सिंह ने कहा विधानसभा का सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है लेकिन एक घंटे के लिए भी सदन में जाने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि छापेमारी के दौरान उनके घर पर नर्स या डॉक्टर को भी जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा इस समय तो नर्स या डॉक्टर को भी उनके घर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। यदि उनके जीवन को कोई हानि होती हैं तो ये संवेदनहीन संस्थायें ही जिम्मेदार होंगी। सिंह ने कहा कि इस प्रकार की परिस्थितियों में दुर्लभतम अपराधों में भी माननीय न्यायालय दया के आधार पर याचिका स्वीकार कर दोष मुक्त कर देते हैं। मंत्री ने कहा लेकिन इस कठिन दौर में भी कौन संवेदनहीन राजनेता या संस्था हो सकती है, जो ऐसी परिस्थितियों में भी पीड़ा देने की सोच सकता है, प्रभु ऐसे लोगों और संस्थाओं को सदबुद्धि दें। बसपा विधायक उमाशंकर काफी समय से बीमार हैं। कई महीने पहले बसपा प्रमुख मायावती भी राजधानी स्थित उनके घर पर उनका हाल चाल लेने गयी थीं।

### ईडी ने

आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति का मूल्य 3,716.83 करोड़ रुपये है। अंबानी पूछताछ के दूसरे दौर के लिए यहां ईडी के सामने पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में ईडी के सामने पेश होकर पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। ताजा आदेश के साथ इस मामले में कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य अब लगभग 15,700 करोड़ रुपये हो गया है।

### बीबीडी में

दिया जायेगा। इसके साथ ही इस बार ई-स्पोर्ट्स का आयोजन होगा, जिसके लिए इच्छुक प्रतिभागी तुरन्त रजिस्ट्रेशन कराकर भाग ले सकते हैं। इसमें बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, डेंटल साइंसेंज, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स, लीगल स्टडीज, बेसिक साइंस, ह्यूमनटीज, एजूकेशन और बीबीडीआईटीएम, बीबीडीएनआईआईटी एवं बीबीडी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को भी सम्मानित किया जायेगा।

### बीबीडी ग्रुप

और पावर से चलने वाला टेलगेट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। फॉक्सवैगन टायरोन आर-लाइन में 2 लीटर का टर्बो-पेट्रोल इंजन लगा है जो 204 हॉर्सपावर और 320 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। यह इंजन 7-स्पीड डुअल-क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से जुड़ा है जो सभी पहियों को पावर सप्लाई करता है। टायरोन आर-लाइन 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को 7.3 सेकंड में पूरा कर लेती है और इसकी अधिकतम गति 224 किमी प्रति घंटे है। इसमें संशोधित लाइटिंग एलिमेंट्स हैं लेकिन 19 इंच के अलॉय व्हील पहले जैसे ही हैं। टायरॉन आर-लाइन में रीडिजाइन की गई मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स और एलईडी लाइट बार के साथ एक संशोधित सेंटरपीस है। एलईडी टेल-लाइट एलिमेंट्स में भी कुछ बदलाव किए गए हैं और आगे और पीछे दोनों तरफ रोशन फॉक्सवैगन लोगो दिए गए हैं। हालांकि, टायरोन आर-लाइन के 19-इंच अलॉय व्हील्स, व्हील आर्च पर ग्लॉस-ब्लैक क्लैडिंग और आर-लाइन बैज टिगुआन आर-लाइन के समान ही हैं। हालांकि दोनों मॉडल एक ही प्लेटफॉर्म पर बने हैं, लेकिन 3-रो वाली टायरॉन आर-लाइन का व्हीलबेस 109 मिमी लंबा है।

### फेमिना मिस

प्रदान किया, बल्कि युवतियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर भी दिया। इस अवसर पर कैटवॉक अकादमी के प्रमुख अमित सैमसन नानू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहली बार फेमिना मिस इंडिया का ग्रांड फिनाले आयोजित होना एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। इस आयोजन को मिली अभूतपूर्व प्रतिक्रिया हमारे लिए अत्यंत उत्साहजनक है। मैं बीबीडी यूनिवर्सिटी का उनके उत्कृष्ट सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह भव्य आयोजन प्रदेश में फैशन इंडस्ट्री को नई दिशा देने के साथ-साथ युवाओं को अपने कौशल और व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रेरित करेगा।




# भारत को टीम संयोजन पर पुनर्विचार की आवश्यक्ता : रवि शास्त्री



चेन्नई। पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिये खतरे की घंटी रही है और अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से मिली पराजय के बाद भारत को अब बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे से खेलना है। पिछले टी20 विश्व कप से चले आ रहे 12 मैचों में जीत के सिलसिले पर भी इससे रोक लग गई।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है। लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिये जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा। उन्होंने कहा उन्होंने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हलके में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जायेगा। शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की सलाह दी। उन्होंने कहा अक्षर पटेल को वापिस लाना ही होगा। आपको उसके अनुभव की जरूरत है। मैं तो कहूंगा कि अक्षर और वॉशिंगटन सुंदर दोनों खेल सकते हैं क्योंकि किसी दिन कोई गेंदबाज तो खराब फॉर्म में होगा है। जैसे रविवार को वरूण चक्रवर्ती था। उन्होंने कहा अक्षर खेलता है तो आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करेगा।

पांचवें नंबर पर हार्दिक पंड्या और छठे पर शिवम दुबे हैं। सुंदर सातवें नंबर पर है तो अक्षर पांचवें पर भी आ सकता है। अगर टी20 क्रिकेट में आठ बल्लेबाज भी नहीं चल पा रहे तो कुछ तो गलत है। ऐसे में एक अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम है।

# अभिषेक और तिलक के फॉर्म पर कोई चिंता नही, संजू को मिल सकता है मौका : कोटक



चेन्नई। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने खराब फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के लय में लौटने का समर्थन किया लेकिन बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ मैच में शीर्ष क्रम में रणनीतिक बदलाव से इनकार नहीं किया जिसमें संजू सैमसन को खिलाना भी शामिल है। आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक के लिए अब तक चीजें मुश्किलें रही हैं। उन्होंने चार मैचों में 3.75 के औसत और 75 के स्ट्राइक-रेट से सिर्फ 15 रन बनाए हैं। लेकिन कोटक को बाएं हाथ के इस खिलाड़ी की काबिलियत पर कोई शक नहीं है जो पेट में संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ ग्रुप मैच में नहीं खेल पाए थे।

कोटक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अभिषेक की तबीयत खराब होने के बाद वह लय में नहीं आ पाए। लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में वह अच्छी लय में लग रहा था। किसी एक व्यक्ति के बारे में जरूरत से ज्यादा सोचना व्यक्तिगत रूप से मुझे कभी पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, अगर हम किसी एक व्यक्ति पर इतना फोकस करेंगे तो जाहिर है, वह खिलाड़ी भी दबाव में आ जाएगा। जब वह 30, 40 गेंद में 80, 70, 90 या 100 रन बना रहा था, उस समय कोई बात नहीं कर रहा था। कोटक ने कहा हमारा काम उसे सकारात्मक रखना है। एक बार जब वह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करना शुरू कर देगा तो आप फिर से वही अभिषेक देखेंगे। टी20 में, कोई गारंटी नहीं दे सकता कि वह अगले मैच में ऐसा करेगा। तो मुझे लगता है कि वह (अभिषेक बड़े स्कोर बनाने से) दूर नहीं है। लेकिन इस टूर्नामेंट में ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ अभिषेक का संघर्ष साफ दिख रहा है। वह



नीदरलैंड के आर्यन दत्त जैसे नए खिलाड़ी के खिलाफ भी आउट हो चुके हैं। तो क्या जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में स्पिनरों का सामना करने के लिए संजू सैमसन को मौका दिया जा सकता है? कोटक ने इस बात से इनकार नहीं किया कि टीम प्रबंधन इस विकल्प पर भी सोच रहा है, लेकिन बदलावों के बारे में कुछ नहीं बताया।

उन्होंने कहा, हां, बदलाव हो सकते हैं क्योंकि बाएं हाथ के दो खिलाड़ी पारी का आगाज कर रहे हैं और नंबर तीन पर भी बाएं हाथ का खिलाड़ी है और प्रतिद्वंद्वी टीम स्पिन गेंदबाजी कर रही है। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई समस्या है लेकिन क्योंकि हम पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार गए थे, हमने पहले ओवर में एक विकेट गंवा दिया था। तो जाहिर है, कोई भी टीम यही सोचेगी।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दिया 169 रन का लक्ष्य

## टी-20 वर्ल्डकप : कप्तान सैंटनर और मैकॉन्ची में 84 रन की साझेदारी, तीक्षणा-चमीरा को 3-3 विकेट

एजेंसी

कोलंबो। न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के छठा सुपर-8 मैच में श्रीलंका को 169 रन का टारगेट दिया है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाए। टीम ने 84 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर और कोल मैकॉन्ची ने 47 बॉल पर 84 रन की साझेदारी करके टीम को 160 पार पहुंचा दिया। सैंटनर ने 26 बॉल पर 47 रन बनाए। जबकि मैकॉन्ची 31 रन बनाकर नाबाद लौटे। श्रीलंका के महीश तीक्षणा और दुष्मंथा चमीरा ने 3-3 विकेट झटके। एक विकेट दुनिथ वेल्लालागे के हिस्से में आया। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे टी20 वर्ल्ड कप टूनामेंट के दौरान खास गेम 'सुपर ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूनामेंट का टॉप स्कोरर बनिए। 19वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

दिलशान मदुशंका के इस ओवर से 19 रन आए। इसमें मैकॉन्ची ने चौका और सैंटनर ने छक्का लगाया। न्यूजीलैंड की पारी के 18वें ओवर से 21 रन आए। महीश तीक्षणा के इस ओवर में मिचेल सैंटनर ने लगातार तीन बाउंड्री लगाई। इनमें एक चौका और लगातार दो बॉल पर दो छक्के शामिल रहे। इसी ओवर में सैंटनर और मैकॉन्ची ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली है। 17वें ओवर में दुष्मंथा चमीरा ने 18 रन खर्च कर दिए। कोल मैकॉन्ची ने पहली और तीसरी बॉल पर छक्के लगाए। इतना ही नहीं, आखिरी बॉल पर चौका मारा। 17वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। दुष्मंथा चमीरा की पहली बॉल पर कोल मैकॉन्ची ने छक्का लगाया। इसी छक्के से टीम का स्कोर ट्रिपल डिजिट में पहुंच गया। उन्होंने तीसरी बॉल पर भी छक्का लगाया। 16वें ओवर में चरिथ असलंका की 5वीं गेद पर मैकॉन्ची ने चौका लगाया। यह पिछली 33 गेंद में पहली बाउंड्री थी। इससे पहले रचिन रवींद्र ने 11वें ओवर में दुनिथी वेलालागे





की दूसरी गेंद पर चौका लगाया था। 13वें ओवर की पहली बॉल पर न्यूजीलैंड ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर दुनिथ वेल्लालागे ने डेरिल मिचेल (3 रन) को बोल्ड कर दिया। 12वें ओवर में न्यूजीलैंड ने दो विकेट गंवाए। तीक्षणा ने इस ओवर में महज एक रन दिया। दूसरी गेंद पर रचिन रवींद्र (32 रन) को आउट किया। उन्होंने वाइड ऑफ स्टंप पर शॉर्ट बॉल डाली। रचिन ने कट करने की कोशिश की, लेकिन गेंद बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े फील्डर दुशन हेमंथा के हाथों में चली गई। चौथी गेंद पर तीक्षणा ने ऑफब्रेक डाली। चापमैन बिट हो गए और गेंद ऑफ स्टंप ले उड़ी। चापमैन बिना खाता खोले आउट हुए। यहां न्यूजीलैंड की टीम बैकफुट पर आ गई। तीक्षणा के 3 विकेट हो गए हैं। उन्होंने पावरप्ले के अंदर टिम साइफर्ट (8 रन) को अपनी ही बॉल पर कैच किया। 10वें ओवर में न्यूजीलैंड ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर ग्लेन फिलिप्स 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दुष्मंथा चमीरा ने बोल्ड कर दिया। चमीरा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने टिम साइफर्ट (8 रन) को भी पवेलियन भेजा। 7वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्लेन फिलिप्स ने दुषन हेमंथ की आखिरी बॉल पर दो रन लेकर टीम स्कोर 50 पार पहुंचाया।

टॉस हारकर बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड की शुरूआत मिलीजुली रही। टीम ने शुरूआती 6 ओवर्स में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। टिम साइफर्ट 8 रन और टिम साइफर्ट 8 रन बनाकर आउट हुए। मदुशंका और दुष्मंथा चमीरा को एक-एक विकेट मिला। 5वें ओवर की दूसरी बॉल पर टिम साइफर्ट (8 रन) को दुष्मंथा चमीरा ने कुसल मेंडिस के हाथों कैच कराया। चौथे ओवर की पहली बॉल पर फिन एलन 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें महीश तीक्षणा ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। पिछले ओवर में तीक्षणा से टिम साइफर्ट का कैच ड्रॉप हुआ था। तीसरे ओवर की चौथी बॉल टिम साइफर्ट को जीवनदान मिला। मदुशंका की चौथी बॉल पर महीश तीक्षणा ने कैच छोड़ा।

हालांकि, उन्होंने इसे पकड़ने का पूरा प्रयास किया। साइफर्ट ऑफ स्टंप के बाहर की स्लोअर बॉल पर शॉर्ट खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल बल्ले का बाहरी किनारा लेकर शॉर्ट थर्डमैन की ओर गई। तीक्षणा ने अपने बाई ओर डाइव लगाई, लेकिन आखिरी क्षणों में बॉल हाथ से छूट गई। दूसरे ओवर में न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने दुनिथ वेल्लालागे की बॉल पर 3 चौके लगाए। इनमें से दो चौका फिन एलन ने लगातार दो बॉल पर लगाए। साइफर्ट ने आखिरी बॉल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। इस ओवर से 15 रन आए। दिलशान मदुशंका ने न्यूजीलैंड की पारी का पहला ओवर डाला। उनकी चौथी बॉल पर फिन एलन ने मिडविकेट पर छक्का लगाया। बाकी के दो रन सिंगल के जरिए आए। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि टीम बड़े मुकाबले के लिए तैयार है। पिछले मैच में बारिश के कारण पूरा खेल नहीं हो सका, लेकिन इन दिनों टीम ने अच्छी ट्रेनिंग की है और खिलाड़ी लय में हैं। सैंटनर ने माना कि श्रीलंका के स्पिनरों का सामना करना बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग समय पर जिम्मेदारी निभाई है, जो टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। टॉप ऑर्डर के दोनों बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और टीम को उम्मीद है कि वे फिर अच्छी शुरूआत देंगे। पिच को लेकर सैंटनर ने कहा कि सतह अच्छी दिख रही है और लक्ष्य मजबूत स्कोर खड़ा करने का है। टीम में एक बदलाव किया गया है।

# शतरंज में बेईमानी को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया : गुकेश

प्राग। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि शतरंज मे बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश आनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं। पूर्व विश्व चैम्पियन क्रामनिक ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है चूंकि फिडे ने अमेरिका के दिवंगत ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की और चेक खिलाड़ी डेविड नवारा के खिलाफ धोखेबाजी के आरोपों के लिये उन्हें फटकारा था।

नारोदित्स्की की असामयिक मौत काफी चर्चा में रही और उनका आखिरी वीडियो स्ट्रीम भी जिसमें उन्होंने क्रामनिक के आरोपों के कारण मानसिक तनाव की बात की थी। हाल ही में आई एक मेडिकल रिपोर्ट में हालांकि कहा गया कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। गुकेश ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के लिये आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं। यह ऐसी समस्या है जो देखने में आई है। मैने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई ऐसा नहीं करता होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लोग इस समस्या को बढा चढाकर पेश कर रहे हैं, इतनी समस्या है नहीं। क्रामनिक के आरोपों की बात करें तो अधिकांश से मैं इत्तेफाक नहीं रखता। मुझे लगता है कि शतरंज जगत में और समरसता



और शांति होनी चाहिये। इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फिडे अध्यक्ष अर्काडी डीवोरकोविच और भारत के अर्जुन एरिगेसी तथा निहाल सरीन ने भी क्रामनिक की आलोचना की थी क्योंकि वह अपने आरोपों के पक्ष में सबूत नहीं दे सके थे। गुकेश ने कहा, क्रामनिक जो कर रहे हैं, मैं उसके साथ नहीं हूं। पिछले कुछ साल में बेईमानी को लेकर बहुत लोग अतिरंजित प्रतिक्रिया देते आये हैं। इस बीच सुपर टूर्नामेंट के पहले दौर में गुकेश का सामना अमेरिका के हैंस मोक नीमैन से होगा। भारत के अरविंद चिदंबरम की टक्कर उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगी।

प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के लिये आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गुकेश ने कहा कि वह पूर्व विश्व चैम्पियन ब्लादीमिर क्रामनिक से इत्तेफाक नहीं रखते जिन्होंने आनलाइन मैचों में कई शतरंज खिलाड़ियों पर बेईमानी के आरोप अक्सर लगाये हैं। गुकेश ने कहा, मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय जज कोर्स में 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया

नयी दिल्ली। कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को समाप्त हुए राष्ट्रीय जज कोर्स में रिकॉर्ड 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के तत्वावधान में आयोजित किया गया यह कोर्स 21 फरवरी को शुरू हुआ था। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने बयान में कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईएसएसएफ के नियमों, रेंज प्रबंधन, स्कोरिंग प्रोटोकॉल आदि के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा इस कोर्स में रिकॉर्ड प्रतिभागियों की उपस्थिति से भारतीय निशानेबाजी में निष्पक्षता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने वाले कुशल जज का मजबूत समूह तैयार करने के लिए एनआरएआई की प्रतिबद्धता का पता चलता है। उनका समर्पण विश्व स्तर पर भारत की निरंतर सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। एनआरएआई अब अगले महीने आईएसएसएफ बी जज कोर्स का आयोजन करेगा।

### ब्रूक ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली : अफरीदी

पाल्लेकल। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने शानदार शतक लगाकर इंग्लैंड को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में ले जाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। ब्रूक ने सुपर आठ के मुकाबले में मंगलवार को 50 गेंद में शतक जड़ा। अफरीदी ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि यह उसके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी थी। उसने खालिस क्रिकेट शॉट्स खेले। विकेट आसान नहीं था।

# बीबीडी रेंजर्स की धमाके दार जीत सेमीफाइनल में जगह पक्की



खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के इस धमाकेदार टूर्नामेंट में बीबीडी रेंजर्स ने पीआर जो रॉयल्स को 4-1 से पटखनी देकर 28 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। जोहेब-गगन, प्रभजोत-साद, राजेश-विक्रम और एसके तिवारी-सुनील की जोड़ियों ने शानदार जीत हासिल की। बस आखिरी होल पर ध्रुव-शतांशु 1 रन से हार गए। अब बीबीडी रेंजर्स अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर हैं। वो पहले ही स्टिंगर्स को हरा चुके हैं, जो अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर हैं, इसलिए सीधे सेमीफाइनल का टिकट कट गया। क्या शानदार कमबैक है।

# वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने

अहमदाबाद। टूर्नामेंट में अब तक अपराजेय रही वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें टी20 विश्व कप सुपर आठ के मुकाबले में बृहस्पतिवार को आमने सामने होंगी तो आक्रामक कैरेबियाई बल्लेबाजों को बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण से पार पाना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम को पिछले मैच में इसी मैदान पर 76 रन से हराया था जबकि वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को मुंबई में 107 रन से मात दी। वेस्टइंडीज के पास बेहतरीन आक्रामक बल्लेबाज हैं जो अपने दम पर मैच जिताने का माद्दा रखते हैं।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराया

एजेंसी

होबार्ट। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से

**एफआईएच प्रो लीग में पहली जीत**

भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा। पहले तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने हर तरह से कड़ी चुनौती पेश की। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया की यह खुशी हालांकि क्षणिक रही क्योंकि शिलानंद लाकड़ा (51वें मिनट) ने दो मिनट बाद ही एक शानदार मैदानी गोल करके स्कोर



बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। ऑस्ट्रेलिया ने गेंद पर अधिक नियंत्रण बनाया लेकिन भारत की रक्षापंक्ति का खेल भी शानदार रहा। भारतीय टीम ने इसके अलावा जवाबी हमले भी किये। भारतीय गोलकीपर मोहित में शुरू में कुछ बहुत अच्छे बचाव किये। भारत को अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर 11वें मिनट में मिला लेकिन अमनदीप लाकड़ा इस पर गोल नहीं कर पाए। इसके कुछ देर बाद भारत ने बाएं छोर से मौका बनाया लेकिन अभिषेक का शॉट बाहर चला गया।

दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों के बीच कोई अंतर नहीं रहा। खेल के 16वें मिनट में अभिषेक ने सर्कल के अंदर गेंद को अच्छी तरह से नियंत्रित करके उसे मनमीत सिंह को दिया जिनका शॉट ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर ने बचा लिया। ऑस्ट्रेलिया को 25वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत के गोलकीपर सूरज करकेरा ने उसे बचा दिया। भारत को 38वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन अराइजीत सिंह हुंदल के शॉट को ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर ने आसानी से रोक दिया।

# भारत को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

एजेंसी

चेन्नई। शीर्षक्रम की नाकामी और पिछली हार के बाद भारी दबाव से जूझ रही गत चैम्पियन भारतीय टीम को जाइंट किलर जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के करो या मरो के मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण

**जिम्बाब्वे से भारत का करो या मरो का मुकाबला आज**

अफ्रीका से रविवार को 76 रन से हार के बाद भारत का नेट रनरेट (माइनस 3.80) खराब हो गया है जिससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाये रखने के लिये यह मुकाबला हर हालत में बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके लिये पारी की शुरूआत और तीसरे नंबर की समस्या से पार पाना होगा। विश्व कप से पहले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन शानदार फॉर्म में थे जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था। लेकिन पेट के संक्रमण के बाद से अभिषेक की लय खो गई है। सपाट पिचों पर आफ स्पिनरों के सामने वह अपने पसंदीदा शॉट नहीं खेल पा रहे हैं जिसका भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। सवाल यह है कि आक्रामक बल्लेबाजी की स्वाभाविक शैली को



तिलांजलि देकर क्या वह कुछ रन बना सकेंगे। अभिषेक की शैली में ही खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने अपने खेल में बदलाव किया और पाल्लेकेल में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाया।

# राष्ट्रीयता के आधार पर खिलाड़ियों को नहीं किया जाना चाहिए बाहर : ईसीबी

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और द हंड्रेड की फ्रेंचाइजी ने संयुक्त बयान जारी करके कहा है कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसी आशंका है कि इस प्रतियोगिता के लिए अगले महीने होने वाली नीलामी में भारतीय स्वामित्व वाली कम से कम चार टीमें पाकिस्तानी क्रिकेटरों को जानबूझकर नजरअंदाज कर सकती हैं। आठ फ्रेंचाइजी में से चार मैनचेस्टर सुपर जायंट्स (आरपीएसजी ग्रुप), एमआई लंदन (रिलायंस), सदर्न ब्रेव (जीएमआर) और सनराइजर्स लीड्स (सन ग्रुप) के मालिक आईपीएल के टीमों के मालिक भी हैं और ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार ये टीमें नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेने से परहेज कर सकती हैं।

# अहमदाबाद में अधिक मैच खेलना बड़ा फायदा नहीं : केशव महाराज

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के अपने अधिकतर मैच यहां के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेलने को मिल रहे हैं लेकिन उसके बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि इससे उनकी टीम को खास फायदा नहीं मिल रहा है क्योंकि हर बार परिस्थितियां अलग होती हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम गुरुवार को यहां सुपर आठ के मुकाबले में वेस्टइंडीज का सामना करेगा। उसने भारत के खिलाफ सुपर आठ का मैच भी इसी मैदान पर खेला था। ग्रुप चरण में उसने यहां तीन मैच खेले थे। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, यात्रा नहीं करना अच्छा है लेकिन पिच के लिहाज़ से हर मैच बहुत अलग रहा है। हमने यहां जो चार मैच खेले हैं उनमें परिस्थितियां लगातार बदलती रही हैं।

# जम्मू-कश्मीर के छह विकेट पर 527 रन



एजेंसी

हुबली। कप्तान पारस डोगरा (70 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन कर्नाटक के स्थानापन्न खिलाड़ी केवी अनीश को जानबूझकर सिर से मारने (हेड-बट) की उनकी हरकत ने जम्मू-कश्मीर की अच्छी बल्लेबाजी पर पानी फेर दिया जिसने रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन स्टंप तक छह विकेट पर 527 रन बना लिए। डोगरा के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वधावन (70), साहिल लोत्रा (नाबाद 57 रन) सभी ने अच्छा योगदान दिया जिससे कर्नाटक के गेंदबाजों के लिए यह दिन मुश्किल रहा जिसमें सिर्फ प्रसिद्ध कृष्णा (29 ओवर में 90 रन देकर तीन विकेट) ही प्रभाव डाल सके। हालांकि 21 सत्र के रणजी खिलाड़ी डोगरा के बर्ताव ने सभी को हैरान कर दिया। प्रसिद्ध की गेंद पर एक बाउंड्री लेने के बाद सिली प्वाइंट क्षेत्ररक्षक अनीश को हेड-बट मारने की घटना कैमरे में कैद हो गई।

यह साफ नहीं था कि अनीश की किसी भी बात से डोगरा को बुरा लगा होगा। उन्होंने अनीश से बहस की और फिर उनके हेलमेट पर सिर से धक्का दिया। इसके बाद उनके सीनियर साथी मयंक अग्रवाल बीच बचाव करने आए और दोनों के बीच खड़े हो गए। अग्रवाल को डोगरा के साथ बातचीत करते देखा गया, इसके बाद मैदानी अंपायर अंपायर रोहन पंडित और उल्हास गंधे ने बीच-बचाव किया। कुछ देर बाद कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल को भी अंपायरों से बात करते और डोगरा के बारे में शिकायत करते देखा गया। चूंकि यह एक झगड़ा था जिसमें विरोधी टीम के खिलाड़ी को छूना शामिल था।

# औषधीय पौधे मृदा स्वास्थ्य व किसानों के लिए फायदेमंद

## राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रीय आरोग्य मेले का किया उद्घाटन

एजेंसी



बुलढाणा (महाराष्ट्र)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करती है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य और संरक्षण में भी योगदान देती है। महाराष्ट्र के बुलढाणा स्थित शेगांव में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 के उद्घाटन के बाद मुर्मू ने यह भी कहा कि औषधीय पौधों का मूल्यवान भंडार न केवल दवाओं के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराता है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन के लिए भी आवश्यक है। आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) ने अखिल भारतीय आयुर्वेदिक महासम्मेलन के सहयोग से 25 से 28 फरवरी के बीच यहां राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि वह आयुर्वेद को बढ़ावा देती हैं और आयुर्वेदिक जीवनशैली को अपनाया है। उन्होंने बताया कि उनका जन्म और पालन-पोषण प्रकृति की गोद में हुआ है। मुर्मू ने कहा, कहा जाता है कि प्रकृति शरीर की सभी जरूरतों का ख्याल रखती है। लेकिन समय बदल गया है और आज हमें दवाओं के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि जंगल लुप्त होते जा रहे हैं। जंगलों को जलाया जा रहा है और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां एवं औषधीय पौधे भी खत्म हो रहे हैं। इसलिए, आज मुझे लगता है कि न केवल सरकार बल्कि सभी को इस बारे में सोचना चाहिए और बेहतर स्वास्थ्य के लिए औषधीय पौधे उगाने की दिशा में काम करना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद शोधकर्ताओं को भी औषधीय पौधे प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने सरकार पर निर्भरता के बिना औषधीय पौधों की खेती की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने कहा, भारतीय परंपरा कहती है सर्वे सुखम, जिसका अर्थ है कि समग्र स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा सुख है। स्वस्थ नागरिक देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि देशवासियों को स्वस्थ रखने में आयुष चिकित्सा पद्धतियों ने अमूल्य योगदान दिया है तथा योग, आयुर्वेद और सिद्ध जैसी चिकित्सा पद्धतियां उस समय से लोगों के काम आ रही हैं जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति का प्रचलन नहीं था। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे खेतों, रसोई घरों और जंगलों में औषधीय पौधों और स्वास्थ्यवर्धक जड़ी-बूटियों का बहुमूल्य भंडार मौजूद है। इस बहुमूल्य संपदा का संरक्षण और संवर्धन औषधियों के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करती है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य और संरक्षण में भी योगदान देती है। इसलिए, आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने से न केवल लोगों का शारीरिक और आर्थिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है। राष्ट्रपति ने कहा कि साक्ष्य-आधारित अनुसंधान, औषधियों का मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे कदम आयुष प्रणालियों की मान्यता और स्वीकृति को और बढ़ाएंगे।

# अमित शाह ने भूमि बंदरगाह प्राधिकरण की बैठक के साथ की तीन दिवसीय बिहार दौरे की शुरुआत



पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को भूमि बंदरगाह प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने तीन दिवसीय बिहार दौरे की शुरुआत की। यह प्राधिकरण गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक वैधानिक निकाय है, जो सीमा अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। बैठक बिहार के किशनगंज जिले में हुई, जहां शाह सीमांचल क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के पहले चरण में पहुंचे हैं। यह क्षेत्र राज्य के उत्तर-पूर्व में स्थित है और नेपाल तथा पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा हुआ है।

शाह नेपाल से लगी खुली सीमा की निगरानी से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ भी बैठक कर सकते हैं। बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मंगलवार को कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी और जाली मुद्रा के प्रसार पर रोक लगाने के उपायों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दे सकते हैं। शाह का यह बिहार का पहला दौरा है, जबकि इससे पहले वह नवंबर में राज्य की राजधानी पटना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद नए मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। बिहार सरकार में मंत्री एवं बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जो किशनगंज से आते हैं, ने एक्स पर लिखा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह हमारी धरती पर आए हैं। शाह शुक्रवार को अररिया जिले का दौरा करेंगे, जहां वह भारत-नेपाल सीमा का निरीक्षण करेंगे, सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों से संवाद करेंगे तथा नवनिर्मित एसएसबी भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह पूर्णिया की यात्रा के साथ अपने बिहार दौरे का समापन करेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने एक बयान में कहा कि शाह का सीमांचल दौरा राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

## संक्षेप

### ब्रिटेन में भारतीयों के लिए ई वीजा अनिवार्य

लंदन। ब्रिटेन में बुधवार से लागू हो रहे नये नियमों के तहत एक डिजिटल पारगमन प्रणाली शुरू हो रही है, जिसमें भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक यात्रा अनुमति (ईटीए) लेना शामिल है। हाल के वर्षों में

❍ डिजिटल यात्रा प्रणाली लागू

चरणबद्ध तरीके से लागू किये गए इस कार्यक्रम के तहत नयी प्रक्रिया कागज आधारित वीजा स्टिकर की जगह लेगी। हालांकि, नयी प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाना आवश्यक होगा, लेकिन इससे प्रक्रिया अवधि के दौरान पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ कर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। ब्रिटेन के प्रवासन और नागरिकता मंत्री माइक टैप ने कहा, मैं ब्रिटेन की यात्रा करने के इच्छुक सभी लोगों से आग्रह करूंगा कि वे यात्रा के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और उनके पास आवश्यक अनुमति हो, ताकि उनकी यात्रा सुगम हो सके। ब्रिटेन आने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल यात्रा अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जिसका अर्थ है कि यदि यात्रियों के पास ई-वीजा, ईटीए या अन्य वैध दस्तावेज नहीं हैं तो एयरलाइन उन्हें विमान में सवार होने से रोक सकती है।

# राहुल व कांग्रेस भारत विरोधी ताकतों की कठपुतली : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी देश की प्रगति को अस्थिर करने के लिए तुच्छ राजनीति कर रहे हैं और भारत विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं।

गोयल ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गांधी परिवार कम्प्रोमाइज्ड (समझौता कर चुका) परिवार है और कांग्रेस एक कम्प्रोमाइज्ड राजनीतिक दल है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से समझौता किया है और इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई। गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी ने भारत विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाकर राष्ट्र हित से समझौता किया है। उन्होंने कहा, गांधी नकारात्मक राजनीति का चेहरा बन गये हैं।

# प्राथमिकी दर्ज न करने पर संदेह गहराया : पवार

एजेंसी



मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने बुधवार को दावा किया कि मुंबई पुलिस ने उस विमान दुर्घटना के

❍ विमान दुर्घटना मामला

संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु हो गई थी, और कहा कि इससे दुर्घटना को लेकर संदेह और गहरा हो गया है।

रोहित पवार ने आरोप लगाया कि सरकार और सरकारी तंत्र किसी को संरक्षण दे रहे प्रतीत होते हैं।नागरिक उड्डयन निदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को वीएसआर वेंचर्स को चार विमानों का उपयोग फिलहाल नहीं करने का निर्देश दिया, जिसका विमान 28 जनवरी को बारामती में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस दुर्घटना में अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी।

लियरजेट 45 विमान (वीटी-एसएसके) के 28 जनवरी को दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद, डीजीसीए ने वीएसआर वेंचर्स का एक विशेष सुरक्षा ऑडिट करने का आदेश दिया था। विमानन नियामक ने एक बयान में कहा कि बहु-विषयक ऑडिट दल ने कंपनी में विमान के उड़ान योज्ञ ना होने तथा हवाई सुरक्षा और उड़ान संचालन के क्षेत्र में अनुमोदित प्रक्रियाओं के कई गैर-अनुपालन पाए। रोहित पवार ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किये गए एक संदेश में दावा किया, ऐसे में जब अजित दादा के विमान दुर्घटना के संबंध में उचित कार्वाई की प्रतीक्षा है।

# बच्चों के टीकाकरण दिशानिर्देशों में बदलाव पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा

सैक्रामेंटो (अमेरिका)। अमेरिका में एक दर्जन से अधिक राज्यों ने बच्चों के टीकाकरण के लिए सिफारिशों में बदलाव को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अवैध और खतरनाक कदम बताते हुए ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

राज्यों ने मंगलवार को दायर याचिका में कहा कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने पिछले महीने यह घोषणा कर बच्चों के जीवन को जोखिम में डाल दिया कि अब सभी बच्चों को फ्लू, रोटावायरस, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, कुछ प्रकार के मेनिन्जाइटिस और आरएसवी के खिलाफ अनिवार्य रूप से टीका लगाने की सिफारिश नहीं की जाएगी।

नए दिशानिर्देश के तहत इन बीमारियों से सुरक्षा केवल उन समूहों के लिए सुझाई गई है जिन्हें उच्च जोखिम वाला माना गया है या फिर डॉक्टर की सलाह पर साझा निर्णय प्रक्रियौ के तहत टीकाकरण की अनुशंसा की गई है। इस बदलाव की चिकित्सा विशेषज्ञों ने आलोचना की है।

# राहुल गांधी ने पीएम पर लगाये झूठे व अनर्गल आरोप

एजेंसी



भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में झूठे और अनर्गल आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, जबकि सच्चाई यह है कि नेहरू-गांधी परिवार ने हमेशा राजनीति को देश से ऊपर रखा है। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि लंबे समय तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस ने हमेशा किसानों के साथ अन्याय किया और आज वह अन्नदाताओं की आड़ में अपना राजनीतिक लाभ के लिए संभावनाएं तलाश रही है। राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। राजधानी भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित किसान महाचौपाल को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को यह चुनौती भी दी थी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं। यादव ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, राहुल गांधी ने जिस प्रकार से झूठे और अनर्गल आरोप लगाए हैं, मैं तो बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि वह उनको सद्बुद्धि दें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को क्षमा याचना करनी चाहिए कि उनके पुरखों ने देश में लंबे समय तक शासन किया और किसानों के साथ लगातार अन्याय किया। मुख्यमंत्री ने कहा आज वह किसानों की आड़ में अपना मतलब निकाल रहे हैं। वे इसमें अपने लिए संभावनाओं के द्वार देख रहे हैं लेकिन ऐसी कोई संभावना खुलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहले अपने कांग्रेस शासनकाल के काले पन्नों का अध्ययन करें। मध्यप्रदेश में नदी जोड़ो अभियान में भारत सरकार किसानों के कल्याण के लिए 90 प्रतिशत अनुदान दे रही है।

# पूर्वोत्तर पर अत्याचार सहन नहीं किया जायेगा : रीजीजू

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जायेगी।

रीजीजू और खांडू दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ हुई उस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनके पड़ोसियों द्वारा कथित तौर पर नस्ली टिप्पणी की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के दिन से ही वह और उनका कार्यालय संबंधित अधिकारियों के संपर्क में थे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा मैंने व्यक्तिगत रूप से पुलिस से बात की है और (मैं) इस मामले पर नजर रख रहा हूं। गिरफ्तारी हो चुकी है और आगे कड़ी कानूनी कार्वाई शुरू की जायेगी।

हम ऐसा सबक सिखाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पूर्वोत्तर के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई दुर्व्यवहार न करे। खांडू ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने दिल्ली के पुलिस आयुक्त (सीपी) से बात की और त्वरित एवं सख्त कार्वाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा सीपी व्यक्तिगत रूप से मेरे संपर्क में हैं। आरोपियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्वाई की जायेगी। उन्होंने कहा हम अपनी तीनों बहनों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी सुरक्षा, गरिमा और न्याय हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी।

## इंटरटेनमेंट...

# ‘केरल स्टोरी 2’ का टीजर रिलीज, विवादों में




**मुंबई।** ‘केरल स्टोरी 2’ का ट्रेलर जारी होते ही फिल्म विवादों में घिर गई है। फिल्म के सर्टिफिकेशन और केरल राज्य को कथित तौर पर गलत तरीके से दिखाए जाने को लेकर केरल हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि फिल्म राज्य की छवि

❍ केरल हाई कोर्ट में याचिका दायर, कोर्ट ने कहा- राज्य की छवी खराब हो सकती है

को नुकसान पहुंचा सकती है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान केरल हाई कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि केरल एक शांत और सौहार्दपूर्ण राज्य है, लेकिन फिल्म में उसे गलत ढंग से दिखाया गया है, जिससे उसकी छवि प्रभावित हो सकती है। दोपहर बाद जब मामले की दोबारा सुनवाई हुई तो अदालत को बताया गया कि फिल्म के मेकर्स टीजर वापस लेने के लिए तैयार हैं। इसके बाद अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई बुधवार को होगी। उस दिन यह तय किया जाएगा कि कोर्ट 27 फरवरी रिलीज से पहले फिल्म देखेगी या नहीं। हालांकि, दोपहर की सुनवाई से पहले अदालत ने कहा था कि वह कोई भी आदेश देने से पहले फिल्म देखना चाहती है। साथ ही, अदालत ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से यह भी पूछा कि क्या फिल्म सभी आवश्यक दिशानिर्देशों का पालन करती है। बता दें, याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में फिल्म के कुछ हिस्सों में बदलाव की मांग की है, जिसमें फिल्म का टाइटल बदलने की मांग भी शामिल है। याचिका में कहा गया है कि फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन द्वारा सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए प्रमाणित किया गया है, जबकि कथित रूप से यह सिनेमैटोग्राफी अधिनियम, 1952 के प्रावधानों का पालन नहीं करती। शिकायत के अनुसार, विवाद फिल्म के टीजर और ट्रेलर से शुरू हुआ है। इनमें अलग-अलदग राज्यों की महिलाओं की कहानियां दिखाई गई हैं, लेकिन फिल्म का टाइटल ‘केरल स्टोरी’ होने के कारण कथित आतंकवाद, जबरन धर्मांतरण और जनसांख्यिकीय साजिश जैसे मुद्दों को विशेष रूप से केरल से जोड़कर दिखाए गए हैं।

## वाईआरएफ ने नेटफ्लिक्स का 215 करोड़ का ऑफर ठुकराया

**मुंबई।** वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स फिल्म ‘अल्फा’ की प्रोडक्शन कंपनी यशराज फिल्म्स ने नेटफ्लिक्स का ?215 करोड़ का स्ट्रीमिंग ऑफर रिजेक्ट कर दिया है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फैसला 2026 में भारत में फिल्म की थिएटर में रिलीज को ध्यान में रखकर लिया गया। फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। रिपोर्ट में एक सोर्स के हवाले से बताया कि यशराज फिल्म्स को नेटफ्लिक्स ने ?215 करोड़ की डील ऑफर की थी। इस डील के तहत फिल्म को सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाना था। हालांकि, प्रोडक्शन कंपनी ने ऑफर ठुकरा दिया। रिपोर्ट में वाईआरएफ के स्पोक्सपर्सन ने कहा, ‘अल्फा’ के सीधे ओटीटी पर रिलीज होने की खबरें पूरी तरह अफवाह हैं। एक महिला-प्रधान फिल्म को गलत तरीके से दिखाने की कोशिश की जा रही है। यश राज फिल्म्स अपनी किसी भी थिएटर रिलीज फिल्म को सीधे स्ट्रीमिंग पर नहीं लाएगा। हम एक ऐसा स्टूडियो हैं जिसे बड़े पर्दे का अनुभव बनाने पर गर्व है। ‘अल्फा’ हमारी कंपनी की बड़ी और अहम फिल्म है। उन्होंने यह भी कहा, ‘अल्फा’ के जरिए हमने कुछ खास बनाने की कोशिश की है। फिल्म में देश की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक आलिया भट्ट लीड रोल में हैं।

## ‘डकैत’ के बाद 'जी2' पर जुटेंगे अदिवि, 'जी3' भी हो सकती है अनाउंस

मुंबई। भारतीय सिनेमा में क्रॉस-इंडस्ट्री कोलैबोरेशन का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। इस वक्त जिस जोड़ी पर सबसे ज्यादा नजरें टिकी हैं, वह है बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और तेलुगु स्टार अदिवि शेष की। दोनों की अपकमिंग फिल्म ‘डकैतः ए लव स्टोरी’ को लेकर चचाएं तेज हैं। सूत्र बताते हैं कि यह कोलैबोरेशन केवल एक फिल्म तक सीमित नहीं रहने वाली बल्कि सूत्रों की मानें तो ‘डकैत’ की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से प्रभावित एक बड़े प्रोडक्शन हाउस ने मृणाल और अदिवि को 2027 की एक और फिल्म के लिए अप्रोच किया है।

# फिल्म : मुंबई में ‘सुबेदार’ का ट्रेलर लॉन्च इवेंट



**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को आयोजित फिल्म सुबेदार के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अनिल कपूर ने शूटिंग अनुभव शेयर किए और साथ ही मजाक में कहा कि उनके घर में कोई भी उनका फैन नहीं है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अनिल कपूर ने बताया कि जब वह घर से इवेंट के लिए निकल रहे थे, तो

❍ घर में कोई मेरा फैन नहीं, ‘धमाल 4’ से बाहर रहने पर भी कसा तंज

उनकी पत्नी सुनीता कपूर ने उनसे पूछा कि वे कहां जा रहे हैं। जब उन्होंने ट्रेलर लॉन्च की बात कही तो सुनीता ने दोबारा पूछा कि कौन सी फिल्म और कहां इवेंट है। उन्होंने यह भी कहा कि आज भी शूटिंग पर जाने से पहले उन्हें पत्नी से 10 से 15 हजार रुपए पॉकेट मनी लेनी पड़ती है। इवेंट के दौरान अनिल कपूर ने यह भी कहा, ‘मेरे सभी फिल्म मेकर्स के साथ मेरा बहुत अच्छा रिश्ता है। ऐसा कोई डायरेक्टर नहीं है जिसके साथ मैंने काम किया हो और वह मेरा दोस्त न हो। चाहे सुभाष घई हों, एन. चंद्रा हों या विधु विनोद चोपड़ा। वे मुझसे कहते हैं, ह्यक्या चल रहा है? चलो, एक फिल्म करते हैं! मैंने इंद्र कुमार को फोन किया और मजाक में कहा, ‘क्या इंदु, तुमने धमाल 4 में मुझे नहीं लिया। कोई बात नहीं, क्या अजय देवगन ने मना कर दिया था? अनिल कपूर ने फिल्म ‘धमाल’ के तीसरे पार्ट में माधुरी दीक्षित के पति का किरदार निभाया था। ट्रेलर लॉन्च के दौरान अनिल कपूर से पूछा गया कि उनकी पुरानी हीरोइनों के साथ अब कैसा रिश्ता है।

इस पर उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया कि आजकल कोई भी हीरोइन उनके साथ काम करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने मजाक में कहा कि सबको अब यंग एक्टर्स के साथ काम करना है। यहां तक कि सीनियर एक्ट्रेसेस भी उनके साथ फिल्म करने को तैयार नहीं हैं। आखिर में उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि आप लोग ही उनकी सिफारिश कर दीजिए। बता दें कि फिल्म सुबेदार में अनिल कपूर लीड रोल में नजर आएंगे। उनके साथ राधिका मदान, मोना सिंह, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैसल मलिक और खुशबू सुंदर अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 5 मार्च 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com